www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 3 अगस्त 2026 कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 175 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नए आपराधिक कानूनों ने न्याय व्यवस्था में लाया ऐतिहासिक परिवर्तन : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। वर्तमान समय की आवश्यकताओं और बदलती चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए नए आपराधिक कानून भारत की न्याय व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन के वाहक बने हैं। इन कानूनों का उद्देश्य केवल अपराधियों को दंडित करना नहीं, बल्कि आम नागरिक को त्वरित, पारदर्शी, सुलभ और समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना है। आधुनिक तकनीक, डिजिटल प्रणालियों और वैज्ञानिक साक्ष्यों को न्याय प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाकर न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, विश्वसनीय और जवाबदेह बनाया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर में आयोजित 'स्ट्रेंथिंग डिजिटल जस्टिस' राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराने औपनिवेशिक कानूनों के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ **डिजिटल न्याय प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ बनेगा देश का अग्रणी राज्य : मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा**

■ **स्ट्रेंथिंग डिजिटल जस्टिस राज्य स्तरीय कार्यशाला में सीएम ने कहा- आम नागरिक को त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध न्याय दिलाना नए कानूनों का मूल उद्देश्य**

छत्तीसगढ़ के सभी थाने ऑनलाइन मोड पर कार्यरत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम के माध्यम से देशभर के पुलिस थाने डिजिटल रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं। इससे अपराधियों का रिकॉर्ड तत्काल उपलब्ध हो जाता है और पुलिस को त्वरित कार्रवाई में सुविधा मिलती है। छत्तीसगढ़ के सभी थाने ऑनलाइन मोड में कार्यरत हैं तथा राज्य में अब तक 1 लाख 97 हजार 547 एफआईआर ऑनलाइन दर्ज की जा चुकी हैं।

ई-साक्ष्य से साक्ष्यों की विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी: सिन्हा

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा कि तीनों नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य की आपराधिक न्याय प्रणाली अधिक पारदर्शी, वैज्ञानिक, त्वरित और तकनीक आधारित बनेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम देश की न्याय व्यवस्था में व्यापक बदलाव लेकर आए हैं। इन कानूनों की सफलता केवल उनके लागू होने में नहीं, बल्कि सभी संबंधित संस्थाओं द्वारा उनके प्रभावी क्रियान्वयन में निहित है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आज की चर्चा केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपराधिक अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया में व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है। ई-साक्ष्य, ई-चालान, न्याय श्रुति तथा डिजिटल फॉरेंसिक्स जैसी व्यवस्थाएं नए कानूनों की मूल भावना को साकार करने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विशेष रूप से ई-साक्ष्य को उन्होंने साक्ष्य प्रबंधन की समग्र एवं एकीकृत प्रणाली बताते हुए कहा कि इससे साक्ष्यों की विश्वसनीयता और प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी।

आज बेबाक

सही बात है। क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साधुवाद के पात्र हैं जिन्होंने बड़ा दिल दिखाते हुए गालीबाजों को क्षमा कर दिया और समाज से भी इन गालीजीवियों को माफ करने की अपील कर दी। अच्छे लोग अच्छी बात ही करते हैं। किसी का भी गुनाह बख्श सकते हैं लेकिन समाज में गंदगी फैलाने वाले ये गटरछाप गद्दार जिन्होंने सेना को गाली दी और हिन्दू धर्म का अपमान किया ये क्षमा के पात्र नहीं हैं। याद रखें- अन्याय देख चुप रहना यह महा दुष्कर्म है, न्यायार्थ अपने बंधु को भी दंड देना ही धर्म है।

अभियान लॉन्च : युवाओं को नशे में धकेलना चाहते हैं, हमें उनकी प्लानिंग नाकाम करनी है: प्रधानमंत्री

भारत में ड्रग्स सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा: पीएम मोदी

■ **पीएम ने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' लॉन्च किया**

नई दिल्ली/ए.। पीएम मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने संबोधन में कहा- दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं। इस साजिश को मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होने के साथ नशे से भी दूर रहेगा।

उन्होंने बताया कि अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के जरिए नशा मुक्ति का संदेश देशभर में पहुंचाया जाएगा। पीएम ने युवाओं से इस अभियान का नेतृत्व करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

नशा सपनों और परिवार दोनों को तोड़ देता है

पीएम मोदी ने कहा कि नशा युवाओं का फोकस भटकाकर उन्हें धीरे-धीरे उनके सपनों से दूर ले जाता है। आज भारत के युवा स्टार्टअप, एआई और स्पेस जैसे क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन अगर कोई युवा ड्रग्स की गिरफ्त में आ जाए तो सिर्फ उसका सपना ही नहीं, पूरा परिवार हार जाता है। नशा एक पिता के सपनों और बहन की उम्मीदों को भी तोड़ देता है।

100 हफ्तों तक हर रविवार कार्यक्रम होगा

इस कार्यक्रम का मकसद युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। यह अभियान अगले 100 हफ्तों तक चलेगा। इसके तहत हर रविवार देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे, जिनके जरिए लोगों को नशे के नुकसान बताए जाएंगे और नशा मुक्त भारत का संदेश दिया जाएगा।

युवाओं को निशाना बना रहे

नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को ड्रग्स के जाल में फंसाने की साजिश रचते हैं। सरकार नशे के कारोबारियों और तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है।

जिंदगीभर का नुकसान

ड्रग्स कुछ समय के लिए हाई देता है, लेकिन करियर और फैमिली लाइफ को बर्बाद कर देता है। हमारे संतों और गुरुओं ने भी नशे से दूर रहने की सीख दी है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो नशा इंसान की बुद्धि और विवेक छीन ले, वह उसे पतन की ओर ले जाता है।

कार्यक्रम में 1 करोड़ से ज्यादा युवा हुए शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले देशभर के युवाओं ने एक साथ 'नशा मुक्त भारत' की शपथ ली। यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 28 हजार से ज्यादा स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। अभियान में 1 करोड़ से ज्यादा युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में 5 प्रमुख आध्यात्मिक गुरु—अम्मा, श्री श्री रविशंकर, दाजी, डॉ. चिन्मय पंड्या और स्वामी ब्रह्मविहारीजी भी वर्चुअली जुड़े। इसके अलावा कई मुख्यमंत्री और राज्यपाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

युवाओं को मौका मिले

नशे की लत से लड़कर बाहर निकलने वाले असली योद्धा हैं। किसी व्यक्ति का अतीत उसकी पहचान नहीं होता, बल्कि मुश्किलों से बाहर निकलने का उसका साहस उसकी असली पहचान होता है।

कार्रवाई कई गुना बढ़ी

देश में नशे के कारोबारियों और तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बड़ी मात्रा में ड्रग्स जब्त की जा रही है और कार्रवाई पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का प्रमाण है।

इंडोनेशिया में फेरी बोट में आग पांच की मौत, 41 सवार लापता

जकार्ता/ए.। इंडोनेशिया के मादुरा द्वीप के पास रविवार सुबह एक यात्री फेरी बोट में आग लग गई। इसके बाद लोग जान बचाने के लिए समुद्र में कूद गए। रॉयटर्स के मुताबिक, हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लोग अब भी लापता हैं।

इंडोनेशिया की राष्ट्रीय सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के मुताबिक फेरी में कुल 271 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। कुछ लोग जान बचाने के लिए बोट से समुद्र में कूद गए। दोपहर तक 225 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि बाकी लोगों की तलाश जारी है। फेरी ईस्ट जावा प्रांत के सुराबाया से साउथ सुलावेसी के मकासार जा रही थी। इसी दौरान मादुरा द्वीप के पास उसमें आग लग गई। आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है। फिलहाल लापता लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

पाकिस्तान में आत्मघाती हमला 14 की मौत, 20 लोग घायल

■ **खैबर पख्तूनख्वा में युवक ने थाने में जाकर ब्लास्ट किया**

इस्लामाबाद/ए.। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में रविवार को एक पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका हुआ। इसमें 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हुए हैं।

पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमले के समय पास के काबल चौक पर आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली चल रही थी। इसी दौरान एक युवक काबल पुलिस स्टेशन के गेट पर पहुंचा। पुलिस वालों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। इससे पहले पुलिस हरकत में आती, युवक को खुद को ब्लास्ट कर दिया। धमाके जिस वक्त हुआ तब रैली में आखिरी वक्ता का भाषण हो रहा था। धमाके की आवाज सुनकर रैली में मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। घायलों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एसटीएफ के शिकंजे में जैश का संदिग्ध आतंकी

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध आतंकी हमीम मंडल की गिरफ्तारी के बाद कई अहम खुलासे किए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हमीम को पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स की ओर से दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन में पुलिसकर्मी की वर्दी पहनकर घुसपैठ करने और वहां अशांति फैलाने के निर्देश दिए गए थे। एसटीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संदिग्ध को पश्चिम बंगाल के एक प्रमुख राजनीतिक नेता की गतिविधियों पर नजर रखने का काम भी सौंपा गया था। एजेंसी इस पूरे नेटवर्क और इसके संभावित उद्देश्यों की गहन जांच

गरमा-गरम

डांगी का मामला हाईकोर्ट पहुंचा आईएएस अधिकारी से मांगी जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रतनलाल डांगी के खिलाफ लगे गंभीर आरोपों का मामला अब छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय (हाई कोर्ट) की चौखट पर पहुंच गया है। पीड़िता ने अपने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय के माध्यम से हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर कर आईपीएस अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

पीड़िता ने निष्पक्ष न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की जांच किसी वरिष्ठ एवं महिला आईएएस अधिकारी से कराने, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कथित अवैध ■ शेष पृष्ठ 8 पर

समान रैंक के अधिकारी से जांच पर पीड़िता को ऐतराज

याचिका में कहा गया है कि तत्कालीन आईजी आनंद छाबड़ा को जांच अधिकारी बनाया गया था, जो आरोपी रतनलाल डांगी के समान रैंक के अधिकारी हैं। पीड़िता का तर्क है कि समान स्तर के आईपीएस अधिकारी से निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। साथ ही आईजी छाबड़ा पर महादेव सट्टा ऐप से जुड़े प्रकरण विचाराधीन होने का हवाला देकर उन पर आपत्ति जताई गई है।

ईरान पर हमला फिलहाल टाल दिया: डोनाल्ड ट्रम्प

वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला फिलहाल टाल दिया गया है। उनके मुताबिक, ईरान और कुछ मिडिल ईस्ट देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव आने के बाद यह फैसला लिया गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि अमेरिका ईरान पर बड़े सैन्य हमले के लिए पूरी तरह तैयार था। उन्होंने दावा किया कि समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोलना और ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इजराइल भी इस फैसले में अमेरिका के साथ है।

केरलम और कर्नाटक में भारी बारिश से 11 मौतें

■ **राजस्थान के 24 जिलों में बारिश, अजमेर में सड़कों पर पानी भरा**

नई दिल्ली/ए.। देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। केरलम में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड और बाढ़ से 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 8 लोग लापता हैं। सरकार ने 209 राहत शिविर बनाए हैं, जहां 5,792 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया गया है।

कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में रविवार सुबह लैंडस्लाइड में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मल्लिकार्जुन (35), उनकी पत्नी नागवेणी (28) और 3 साल का बेटा संतोष शामिल हैं। हादसे के समय तीनों पहाड़ी के पास बने घर में सो रहे थे। वहीं, राजस्थान के 24 जिलों में बारिश हो रही है। इसकी वजह से अजमेर की सड़कों पर पानी भर गया।

केदारनाथ-रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड, मार्ग बाधित

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग और केदार घाटी में लगातार भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड और चट्टानें गिरने से केदारनाथ मार्ग और हाईवे बाधित हो रहे हैं। जिससे जारी कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश से जर्जर-पुल दो हिस्सों में ढहा, चलती बस रास्ते में फंसी

■ **पेंड्रा-अमरकंटक समेत कई शहरों का संपर्क टूटा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश के बाद कई जगह हालात बिगड़े हुए हैं। रविवार दोपहर बिलासपुर-रतनपुर-पेंड्रा मार्ग पर बांसाझाल स्थित पुल अचानक दो हिस्सों में टूटकर ढह गया। इस दौरान पुल से गुजर रही एक यात्री बस टूटे हुए हिस्से के बीच फंस गई।

बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पुल पहले से जर्जर था, लगातार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदेश में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिनों में छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं एक-दो जगहों पर तेज बारिश के साथ गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है।

कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 : 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल के साथ भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा

भारत का 'गोल्डन पंच', एक दिन में 16 मेडल जीते

नई दिल्ली/ए.। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के लिए 10वां दिन ऐतिहासिक रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने एक ही दिन में बॉक्सिंग के 10 मेडल समेत कुल 16 मेडल अपने नाम किए। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने मेडल टैली में छह पायदान की लंबी छलांग लगाई और 13 गोल्ड, 17 सिल्वर तथा 9 ब्रॉन्ज मेडल के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। भारत के कुल मेडल की संख्या अब 39 हो गई है।

मेडल टैली में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बना हुआ है। उसके खाते में 61 गोल्ड, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ट्रिपल जंप में भी भारत का दमदार प्रदर्शन

एथलेटिक्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में प्रवीण चित्रावेल ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि सेल्वा प्रभु थिरुमारन ने ब्रॉन्ज पदक अपने नाम किया। दोनों के प्रदर्शन से भारत की एथलेटिक्स में पदक संख्या को मजबूती मिली।

बॉक्सिंग में भारत का 'गोल्डन पंच'

10वें दिन भारतीय मुक्केबाजों ने सबसे दमदार प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग में भारत ने कुल 10 मेडल जीते, जिनमें 7 गोल्ड शामिल रहे। पुरुष वर्ग में अंकुश पंघाल और सचिन सिवाच ने गोल्ड मेडल अपने नाम किए। महिला वर्ग में जैस्मिन लैम्बोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घनघस, अरुंधति चौधरी और प्रीति ने स्वर्ण पदक जीते।

3 मुक्केबाजों ने जीते सिल्वर

भारतीय बॉक्सरों के शानदार प्रदर्शन में तीन सिल्वर मेडल भी शामिल रहे। जदुमणि सिंह, लवलीना बोरगोहेन और नरेंद्र बेरवाल ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में रजत पदक जीतकर भारत की मेडल संख्या में इजाफा किया।

सांसद पप्पू यादव पर दिल्ली में शख्स ने चप्पल फेंकी, समर्थकों ने जमकर पीटा

■ **दावा- आरोपी चाकू लेकर आया था, सांसद ने चढ़ावा चोरी का किया था नाटक**

नई दिल्ली/ए.। बहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पर उनके दिल्ली स्थित आवास पर रविवार शाम एक शख्स ने हमला कर दिया। पप्पू यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, इसी बीच एक आदमी ने उनके ऊपर चप्पल फेंक दी। इसके बाद पप्पू के समर्थकों ने उसके साथ मारपीट की। पप्पू ने आरोप लगाया कि एक युवक ने चाकू लेकर उनकी हत्या की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कुछ बाबा रोज कहते हैं- मुझे मार दो, जला दो, हम 51 लाख देंगे। हमने एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अभी आरोपी को पकड़कर ले गई है। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

पप्पू यादव ने शुक्रवार को संसद में चंदा चोरी का नाटकर किया था, जिसके बाद लखनऊ के एक हिंदूवादी नेता ने उनका सिर लाने वाले को 51 लाख रुपये का इनाम देने का ऐलान किया था। हमले के बाद पप्पू यादव ने मीडिया से कहा- आपके सामने ही हमला हुआ है? मेरा का क्या गुनाह है? गुनाह बृजभूषण तिवारी का है, चंपत राय का है।

स्कूल कार्यालय में शराब पीते मिले दो शिक्षक

शिक्षा के मंदिर में शर्मनाक कथित कृत्य!

पत्रकारों से अभद्रता का भी आरोप

मैनपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला देवझर (अमली) से शिक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। एक स्थानीय मीडिया टीम के अनुसार, स्कूल के औचक निरीक्षण के दौरान दो शिक्षक-मनोज कुमार भारद्वाज और कमल सिंह दीवान स्कूल के कार्यालय कक्ष में कथित रूप से चखने के साथ शराब का सेवन करते हुए मिले। इस दौरान कई छात्र-छात्राएं बिना पढ़ाई के स्कूल परिसर में मौजूद थे।

कार्यालय में कथित शराब पार्टी, कक्षाओं में नहीं हुई पढ़ाई

मीडिया टीम का दावा है कि निरीक्षण के समय तीन शिक्षक अवकाश पर थे, जबकि दो शिक्षक कथित रूप से नशे की हालत में मिले। आरोप है कि दोनों शिक्षक निर्धारित ड्रेस कोड के विपरीत टी-शर्ट और कार्गो जींस में थे तथा शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था।

पत्रकारों से अभद्र व्यवहार का आरोप

मीडिया टीम का यह भी आरोप है कि जब शिक्षकों से इस संबंध में सवाल पूछे गए तो उन्होंने कथित रूप से आक्रोशित होकर अपशब्दों और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। पूरी घटना का वीडियो भी सामने आने का दावा किया जा रहा है।

शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला केवल अनुशासनहीनता का नहीं बल्कि शिक्षा के मंदिर की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला माना जाएगा। जिस विद्यालय में बच्चों को संस्कार और अनुशासन की सीख दी जाती है, वहां इस प्रकार की कथित हरकतें शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है ।

हाईवे और स्कूल के पास शराब दुकान हटाने की मांग

■ मंत्री ओपी चौधरी को सौंपा गया ज्ञापन

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग (सोरिद-सिहावा मार्ग) एवं रुद्री रोड स्थित विद्यालय के समीप संचालित शराब दुकानों को हटाने की मांग तेज हो गई है। वरदान परमार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष शिवा कुमार प्रधान ने छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंपकर जनहित और विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए इन शराब दुकानों को तत्काल हटाने अथवा अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित शराब दुकान के कारण कई वाहन चालक शराब खरीदकर नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे आम नागरिकों, महिलाओं और राहगीरों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है।

समिति ने यह भी कहा कि रुद्री रोड स्थित विद्यालय के समीप शराब दुकान होने से बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों और अभिभावकों को असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की गई है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे संचालित शराब दुकान को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए तथा विद्यालय के पास संचालित शराब दुकान को तत्काल हटाया जाए। साथ ही स्कूल, अस्पताल और धार्मिक स्थलों के आसपास शराब दुकानों के संचालन पर प्रभावी कार्रवाई तथा नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमित सख्त अभियान चलाने की भी मांग की गई है।

न्यूज गैलरी

सम्बलपुर में डूबने से युवक की मौत

छुरिया/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सम्बलपुर में पानी में डूबने से युवक रिहान ठाकुर (पिता भारत ठाकुर) के आकस्मिक निधन पर क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू ने शनिवार को शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की।

जानकारी के अनुसार 31 जुलाई 2026 को रिहान ठाकुर की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही विधायक भोलाराम साहू ग्राम सम्बलपुर पहुंचे और दिवंगत के निवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमारदा के अध्यक्ष प्रताप सिंह घावड़े, मोहित भुआर्या, घुनु राम, बदल रावटे, चंद्रवंशी, ग्राम पंचायत सम्बलपुर के सरपंच अंगद राणा, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिवारजन उपस्थित रहे। शोक की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार ने दिवंगत के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

न्याय श्रुति प्लेटफॉर्म के प्रशिक्षण में शामिल हुए एसपी त्रिलोक बंसल

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य में न्याय श्रुति प्लेटफॉर्म के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज 01 अगस्त 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं थाना-चौकी के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें एनआईसी, नई दिल्ली द्वारा न्यायालयों के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को न्याय श्रुति प्लेटफॉर्म के संचालन एवं उपयोग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान न्याय श्रुति को सीएएस छत्तीसगढ़ एवं सीसीटीएनएस के साथ एकीकृत करने के लिए उत्पादन-स्तर एकीकरण परीक्षण की भी जानकारी दी गई।

पुलिस कार्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एसपी त्रिलोक बंसल , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला रूचि वर्मा सहित जिले के सभी थाना-चौकी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में बताया गया कि न्याय श्रुति एक आधुनिक डिजिटल व्यवस्था है, जो न्यायालयीन कार्यवाही एवं गवाही के लिए सुरक्षित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा उपलब्ध कराती है। इसके माध्यम से गवाह, पुलिस अधिकारी, चिकित्सक तथा वैज्ञानिक विशेषज्ञ दूरस्थ स्थान से ही सुरक्षित तरीके से अपनी गवाही दर्ज करा सकेंगे। इससे कैदियों एवं गवाहों को बार-बार न्यायालय लाने-ले जाने की आवश्यकता कम होगी, समय और संसाधनों की बचत होगी तथा न्यायालयों में लंबित मामलों के त्वरित निराकरण में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान नए आपराधिक कानूनों तथा ICJS-CCTNS से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, दुलेश्वर चंद्रवंशी, सत्य प्रकाश उपाध्याय, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, राजकुमार साहू, प्रशिक्षु उप निरीक्षकगण, सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, गोपाल ध्रुव तथा आरक्षक देवेन्द्र सिन्हा, मनीष देवांगन सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विधायक ओंकार साहू ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू आज पावरलिफ्टिंग संघ धमतरी द्वारा आयोजित 12वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी में राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों की उपस्थिति से धमतरी की खेल प्रतिभा और आयोजन क्षमता को नई पहचान मिली है।

उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, संघर्ष और दृढ़ संकल्प का भी प्रतीक है। खेल युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा निरंतर मेहनत कर राज्य एवं देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

विधायक श्री साहू ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए पावरलिफ्टिंग संघ धमतरी एवं आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जिले के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

अंत में उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

मंदिर सफाई करते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

धमतरी/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल बगीचा वार्ड में रविवार सुबह एक बेहद दुखद हादसा हो गया। सावन सोमवार के पावन अवसर पर शिव मंदिर की साफ-सफाई के दौरान 20 वर्षीय युवक हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आ गया। हादसे में गंभीर रूप से झुलसे युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे वार्ड और शहर में शोक की लहर फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, लाल बगीचा शिव मंदिर के पास रहने वाला घनश्याम सेन (20 वर्ष) पिता बुधराम सेन रविवार सुबह करीब 11 बजे आगामी सावन सोमवार की पूजा-अर्चना की तैयारियों के तहत मंदिर समिति के कहने पर शिव मंदिर परिसर की साफ-सफाई में जुटा हुआ था। इस दौरान वह मंदिर के ऊपर स्थित पेड़ की डंगाल काटने चढ़ा। बताया जा रहा है कि पेड़ की डाल पास ही स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर और उससे जुड़े हाई वोल्टेज तारों के काफी करीब थी।पत्ता हटाते समय वह अचानक तार की चपेट में आ गया और जोर का करंट लगते ही मंदिर की छत पर जा गिरा। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मंदिर समिति को इसके लिए किसी मजदूर को बुलाना था लेकिन पास के ही युवक को चढ़ाकर सफाई की जा रही थी जिससे यह घटना घट गई। समिति के सदस्यों पर कार्रवाई की मांग की गई।

अस्पताल पहुँचने से पहले तोड़ा दम

घटना देख आसपास मौजूद लोग और वार्डवासी तुरंत मौके पर पहुँचे। अचेत अवस्था में युवक को आनन-फानन में डीसीएच अस्पताल धमतरी ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर ने 11:50 बजे जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।मृतक घनश्याम सेन स्थानीय स्तर वार्ड में ही एक सैलून दुकान का संचालन करता था।

जंगल में मिला 6 दिन से लापता महिला का कंकाल, चूड़ियों से हुई पहचान

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के भोरमदेव थाना क्षेत्र में छह दिन से लापता एक महिला का कंकाल जंगल में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान परिजनों ने चूड़ियों और अन्य पहचान चिह्नों के आधार पर की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

फैक्ट बॉक्स

- मृतका: चैती बाई बैगा (28)
- गांव: चौरा, थाना भोरमदेव
- लापता: 26 जुलाई
- गुमशुदगी दर्ज: 1 अगस्त
- शव मिला: घर से लगभग 200 मीटर दूर जंगल में
- पहचान: चूड़ियों व अन्य पहचान चिह्नों से
- जांच: पोस्टमार्टम व फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार।

पुलिस के अनुसार ग्राम चौरा निवासी झंगल बैगा ने 1 अगस्त को थाना भोरमदेव में अपनी पत्नी चैती बाई बैगा (28) की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसने बताया कि चैती बाई 26 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी और वापस नहीं लौटी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस, परिजन और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश कर रहे थे।

खोजबीन के दौरान महिला के घर से करीब 200 मीटर दूर जंगल-झाड़ियों में एक सेन्हा पेड़ की डाल पर उसकी साड़ी का एक सिरा बंधा मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर वैज्ञानिक तरीके से सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए।

जांच के दौरान पेड़ के नीचे और आसपास अलग-अलग स्थानों पर मानव खोपड़ी, पसलियां और पैरों की हड्डियां बिखरी मिलीं। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि शव को जंगली जानवरों ने क्षत-विक्षत कर दिया होगा।

संदीप साहू के परिवार को डॉ. रमन सिंह ने प्रदान की आर्थिक सहायता राशि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गौ तस्करों से गौ माता की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले इंद्रानगर निवासी स्वर्गीय संदीप साहू के परिजनों को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा आर्थिक सहायता ?50,000 रुपए प्रदान की गई। यह सहयोग महापौर श्री मधुसूदन यादव तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के सहयोग एवं समन्वय से उपलब्ध कराया गया।

उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय संदीप साहू ने कांग्रेस शासनकाल के दौरान गौ माता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था। उस समय उनके परिजनों एवं मित्रों ने शासन एवं जनप्रतिनिधियों से आर्थिक सहायता की मांग की थी, किंतु परिवार को किसी प्रकार की उस समय की सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं की गई थी। उस समय भी राजनांदगांव तत्कालीन भाजपा विधायक डॉ. रमन सिंह स्वयं शहीद के निवास पहुंचकर परिवार से मुलाकात की तथा अपनी ओर से यथासंभव आर्थिक सहयोग प्रदान कर संवेदनशीलता का परिचय दिया था।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री सुनील सेन, स्वर्गीय संदीप साहू की माता रेशमी साहू तथा उनके भाई संतोष साहू उपस्थित रहे।

शहीद संदीप साहू के परिजनों एवं उनके मित्रों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव तथा भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति : ओ.पी. चौधरी

धमतरी में 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण तथा योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी आज धमतरी के मराठा मंगल भवन में आयोजित 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवाओं, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए स्वस्थ, जागरूक और राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित समाज के निर्माण का आह्वान किया।

कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सर्वा, नगर निगम महापौर श्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, विद्यार्थी, युवा, स्वयंसेवी संगठन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कार्यक्रम 'नशामुक्त युवाङ्कविकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत उपस्थित जनसमुदाय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन भी लाइव सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर शिक्षा, नवाचार, कौशल, खेल और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया।

रक्तदान: महिला आरक्षक अमृता सेंगर ने मासूम बच्चे के लिए किया 18वां स्वैच्छिक रक्तदान

धमतरी पुलिस ने की सेवा भावना की मिसाल

धमतरी/नवप्रदेश। शनिवार रात्रि लगभग 10:00 बजे रेडक्रास सोसायटी के शिवा प्रधान द्वारा महिला आरक्षक श्रीमती अमृता सेंगर को एक मासूम बच्चे को तत्काल रक्त की आवश्यकता होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही महिला आरक्षक अमृता सेंगर ने बिना किसी विलंब के रक्तदान केंद्र पहुंचकर अपना 18वां स्वैच्छिक रक्तदान किया। उनके इस संवेदनशील एवं मानवीय प्रयास से जरूरतमंद बच्चे के उपचार में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

महिला आरक्षक अमृता सेंगर पुलिस विभाग में अपने कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ मानव सेवा एवं जनसेवा के कार्यों में सदैव सक्रिय रहती हैं। जरूरतमंद बच्चे के लिए तत्काल रक्तदान हेतु आगे आना उनकी संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवाभाव का परिचायक है।

एसपी धमतरी ने महिला आरक्षक अमृता सेंगर के इस सराहनीय एवं मानवीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके सेवाभाव एवं समर्पण की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय समाज के साथ खड़े होकर मानवता की सेवा करना भी पुलिसिंग का महत्वपूर्ण दायित्व है।

धमतरी पुलिस द्वारा पूर्व में भी समय-समय पर जरूरतमंद मरीजों एवं आपात स्थिति में रक्त की आवश्यकता वाले लोगों के लिए अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया जाता रहा है।

पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी के साथ मानवीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर जीवन बचाने में अपना योगदान देते रहे हैं।

धमतरी पुलिस का यह निरंतर प्रयास ÷पुलिस सेवा के साथ मानव सेवा÷ की भावना को सशक्त करता है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों के माध्यम से धमतरी पुलिस समाज में ÷रक्तदान - जीवनदान÷ का संदेश देते हुए आमजन को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने हेतु प्रेरित कर रही है। महिला आरक्षक श्रीमती अमृता सेंगर का 18वां स्वैच्छिक रक्तदान इसी सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय दायित्व की प्रेरणादायी मिसाल है। उनका यह कार्य धमतरी पुलिस के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी के लिए प्रेरणा का विषय है और समाज के अन्य लोगों को भी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करता है।

धमतरी पुलिस महिला आरक्षक श्रीमती अमृता सेंगर को उनके 18वें स्वैच्छिक रक्तदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करती है। धमतरी पुलिस उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर जनसेवा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करती है।

भाजपा सरकार जनता को राहत नहीं, लूट का बिल थमा रही : नवीन जायसवाल

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में शनिवार को कांग्रेस भवन कवर्धा में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार की बिजली नीति, स्मार्ट मीटर और बिजली दरों में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार आम जनता, किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्ग पर लगातार आर्थिक बोझ डाल रही है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को 1000 देकर प्रचार कर रही है, जबकि दूसरी ओर बढ़े हुए बिजली बिलों के माध्यम से उसी परिवार से 4000 से 5000 तक अतिरिक्त वसूली की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जनकल्याण नहीं, बल्कि जनता की जेब पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में लगातार पांचवीं बार बिजली की दरों में बढ़ोतरी की गई है। जुलाई से घरेलू, गैर-घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए नई दरें लागू कर दी गई हैं। इसके पहले 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार भी लगाया गया था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अब तक बिजली की दरों में 31.23 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है, जबकि कांग्रेस सरकार ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में केवल 2 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की थी और 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू कर आम उपभोक्ताओं को राहत दी थी। पहले चरण में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर हटाने तथा बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लेने के समर्थन में आवेदन और विरोध पत्र भरवाए जाएंगे।

भारतमाला मुआवजा घोटाला: ईडी ने 12.78 करोड़ की 62 संपत्तियां की कुर्क

■ शेयर और म्यूचुअल फंड भी जब्त, जय प्रकाश गांधी समेत 14 लोगों पर शिकंजा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण मुआवजा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। रायपुर-विशाखापत्तनम नेशनल हाईवे के लिए जमीन अधिग्रहण में कथित फर्जीवाड़े और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में इडी ने 12.78 करोड़ रुपये की 62 चल-अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की है। इन संपत्तियों में लगभग 4.69 करोड़ रुपये के शेयर और म्यूचुअल फंड निवेश भी शामिल हैं। ईडी के रायपुर जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 31 जुलाई 2026 को प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी करते हुए यह कार्रवाई की। एजेंसी के अनुसार, यह संपत्तियां कथित तौर पर अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई थीं या फिर उसके बराबर मूल्य की अन्य संपत्तियां हैं।

14 लोगों के खिलाफ अतिरिक्त अभियोजन शिकायत: ईडी ने इस मामले में जय प्रकाश गांधी समेत 14 अन्य लोगों के खिलाफ रायपुर की विशेष पीएमएलए अदालत में सप्लीमेंट्री प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट (अतिरिक्त अभियोजन शिकायत) भी दाखिल की है। एजेंसी का आरोप है कि आरोपियों ने भूमि अधिग्रहण मुआवजे में अनियमितताओं के जरिए करोड़ों रुपये का अवैध लाभ अर्जित किया और बाद में उस राशि को विभिन्न निवेशों में लगाया।

ईओडब्ल्यू-एसीबी की एफआईआर के आधार पर ईडी ने की जांच: ईडी ने जांच की शुरुआत छत्तीसगढ़ आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा और एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर क्रमांक 30/2025 (23 अप्रैल 2025) के आधार पर की थी। यह मामला अभनपुर के तत्कालीन एसडीओ (राजस्व)/निर्भय साहू और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दर्ज किया गया था। बाद में विशेष अदालत में चार्जशीट भी पेश की गई।

नोटिफिकेशन के बाद खरीदी जमीन, फिर टुकड़े कर बढ़ाया मुआवजा: जांच में सामने आया कि कुछ भूमि मालिकों और निजी व्यक्तियों ने जमीन दलालों तथा राजस्व अधिकारियों के साथ कथित आपराधिक मिलीभगत कर 30 जनवरी 2020 को जारी अधिसूचना के बाद जमीन खरीदी और उसका फर्जी तरीके से विभाजन कराया। अधिक मुआवजा प्राप्त करने के लिए जमीन को कई छोटे हिस्सों में बांटा गया और परिवार के सदस्यों के नाम पर बिक्री व दान विलेख के जरिए हस्तांतरण किया गया।

56 लाख के हक पर मिले 9.83 करोड़

ईडी के अनुसार, जय प्रकाश गांधी और उनके परिवार को लगभग 56.76 लाख रुपये के वैध अधिकार के बदले करीब 9.83 करोड़ रुपये का मुआवजा मिला। इससे लगभग 9.27 करोड़ रुपये की अवैध कमाई उत्पन्न हुई। जांच में पाया गया कि इस रकम को विभिन्न चरणों में घुमाकर अचल संपत्तियों, शेयरों, म्यूचुअल फंड और अन्य वित्तीय साधनों में निवेश किया गया। इसमें परिवार के सदस्यों और संबंधित फर्मों के नामों का भी इस्तेमाल किया गया।जांच में यह भी सामने आया कि गांव उगेतारा की भूमि के मामले में उमा तिवारी ने खुद को मृतक भूमि मालिक की गोद ली हुई बेटी बताकर कथित फर्जी राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर लगभग 2.13 करोड़ रुपये का मुआवजा प्राप्त किया।

पहले भी हुई थी बड़ी कार्रवाई

ईडी ने जय प्रकाश गांधी को 3 जून 2026 को पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया था। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 और 27 अप्रैल 2026 को की गई तलाशी कार्रवाइयों में 49 लाख रुपये नकद और लगभग 89.80 लाख रुपये मूल्य की 37,133 ग्राम चांदी जब्त की गई थी। साथ ही, जमीन दलालों के सिंडिकेट से जुड़ी 23.35 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की गई थीं।नई कार्रवाई के बाद इस पूरे मामले में श्वष्ट द्वारा अब तक कुल लगभग 36.14 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। जांच एजेंसी का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है।

न्यूज गैलरी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने किया 'सत्याग्रह' किताब का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार शाम यहां शंकर नगर स्थित अपने निवास कायाज़्लय में सत्याग्रह नामक किताब का विमोचन किया। हरि ठाकुर स्मारक संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुस्तक के लेखक साहित्यकार एवं पत्रकार स्वर्गीय आशीष सिंह है। यह पुस्तक जल-जंगल के संघषज़् पर केन्द्रित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, साहित्यकार, स्व. आशीष सिंह के सुपुत्र उपमन्यु सिंह, अभिमन्यु सिंह मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुस्तक का विमोचन कर कहा कि यह किताब शताब्दी वर्ष छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा किए गए जल-जंगल के लिए किए गए सत्याग्रह पर आधारित है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान जल-जंगल के अधिकारों की रक्षा के लिए हुए संघर्ष को दर्शाता है। बस्तर से लेकर राजनांदगांव एवं राजनांदगांव से लेकर धमतरी के कंडेल में नहर सत्याग्रह की घटना को उजागर करती है। सन् 1920 में बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव के अनुरोध पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को धमतरी आना पड़ा। राजनांदगांव जिले के बादराटोला में शहीद रामाधीन गोंड जिसका स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान था, उसके नाम पर राजनांदगांव शहर में रामाधीन मार्ग है। डॉक्टर सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी त्यागमूर्ति स्व. प्यारे लाल सिंह स्व. हरि ठाकुर के योगदान को स्मरण किया।

सीएम के हाथों आज दिव्यांगजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण

रायपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'प्रोजेक्ट सहारा' के अंतर्गत 3 अगस्त 2026 को प्रातः 10 बजे बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सम्मिलित होंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के करीब 1006 दिव्यांगजनों का चयन किया गया है। कार्यक्रम में हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, हियरिंग एड सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों की दैनिक गतिविधियां अधिक सहज होंगी तथा उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय जिले में संचालित विभिन्न नवाचारी प्रोजेक्ट्स का अवलोकन भी करेंगे। वे मंच से चयनित दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रशासन की 'प्रोजेक्ट वंदन' के तहत गत माह सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक पीपीओ एवं अन्य सेवानिवृत्ति देयकों का वितरण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न नवाचारी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हितग्राहियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

आतंकी हमले में मृत मजदूरों के शव उनके घरों तक नहीं लाना असंवेदनशीलता : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जम्मू कश्मीर के कुलगाम में आतंकी हमले में मारे गये छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों का शव छत्तीसगढ़ नहीं लाना तथा वहीं पर अंतिम

संस्कार किया जाना भाजपा सरकार की असंवेदन शीलता को दिखाता है। एक तो डबल इंजन की सरकार हमारे मजदूरों को सुरक्षा नहीं दे पाई, ऊपर से उनकी मौत के बाद उनके क्रिया कर्म के लिये उनके शवो को घरों तक नहीं पहुंचाना बताता है कि भाजपा सरकार की नजर में छत्तीसगढ़ के मजदूरों की कोई अहमियत नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कुलगाम में छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों की आतंकियों ने हत्या कर दिया। एक सारंगढ़ के थे एक सक्ती के थे। हमारी छत्तीसगढ़ की सरकार मजदूरों के शव भी उनके घरों तक नहीं ला पाई । उनका वहीं अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्या यह डबल इंजन सरकार की जिम्मेदारी नहीं थी कि मृतकों के शव उनके घर पहुंचाए। शर्म आती है ऐसी सरकार पर। मुआवजा भी छग सरकार ने मात्र 20 लाख घोषित किया है जबकि 1 करोड़ देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को उनकी मौत के बाद भी यथोचित सम्मान नहीं दे पा रही। उन दोनों मृतकों का शव इसलिये नहीं लाया गया, क्योंकि वे मजदूर थे? मुख्यमंत्री और सरकार इसका जवाब दे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पहलगाम सैलानियो के हत्या के बाद एक बार फिर कश्मीर में दो मजदूरो को धर्म पूछ कर आंतकियों ने गोली मारा।

संवाद: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रयास आवासीय विद्यालय के नीट क्वालीफाई विद्यार्थियों से किया प्रेरक संवाद

सीएम ने नीट क्वालीफाई विद्यार्थियों से साझा किया भविष्य का रोडमैप

■ संवेदनशील डॉक्टर बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने का दिया संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रयास आवासीय विद्यालयों के नीट-2026 में सफल विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों का मुख्यमंत्री निवास में स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के गरीब एवं आदिवासी समुदाय के विद्यार्थियों ने नीट जैसी कठिन परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 17 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों का उद्देश्य दूरस्थ, आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता में उनके माता-पिता का आशीर्वाद, गुरुजनों का समर्पण और विद्यार्थियों की कठोर मेहनत समान रूप से शामिल है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आप सभी भविष्य के डॉक्टर हैं। समाज में डॉक्टर का स्थान भगवान के बाद माना जाता है। भगवान हमें जन्म देते हैं और डॉक्टर जीवन बचाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल कुशल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि संवेदनशील, व्यवहारिक और मिलनसार डॉक्टर भी बनें। उन्होंने कहा कि मरीज के साथ अच्छा व्यवहार स्वयं कई बीमारियों के उपचार का माध्यम बन जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज, प्रदेश और देश की सेवा को अपना सर्वोच्च दायित्व मानने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज शिक्षा सहित हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपनी संघर्षपूर्ण शिक्षा यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज विद्यार्थियों को शासन की ओर से पहले की तुलना में कहीं अधिक संसाधन और अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए प्रदेशभर में नालंदा परिसर संचालित किए जा रहे हैं तथा 34 नए नालंदा परिसर निर्माणाधीन हैं, जहां सातों दिन 24 घंटे ऑनलाइन एवं ऑफलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली स्थित ट्रायबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। वहां विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा दी जा रही है।

राजनीति में आने का कोई पूर्व निर्धारित लक्ष्य नहीं था: साय

राजनांदगांव की छात्रा प्राची मलगामे के प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने अपने जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए बताया कि 10 वर्ष की आयु में पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। उन्होंने खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का कोई पूर्व निर्धारित लक्ष्य नहीं था, लेकिन जो भी दायित्व मिला, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में आज भी वे प्रदेश की साढ़े तीन करोड़ जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता, केवल उसे पूरी ईमानदारी और समर्पण से करना चाहिए।सरगुजा की शाहिना अंसारी के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जनजीवन का महत्वपूर्ण आधार माना था और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से इसे जनआंदोलन का रूप दिया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले से दिए गए आह्वान के बाद देश में स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता आई है। गांव-गांव में शौचालय बने हैं और लोगों की आदतों में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

सीएम डैशबोर्ड से सभी संस्थान जुड़ेंगे

मुख्यमंत्री ने अंत में बताया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री डैशबोर्ड भी विकसित कर रही है, जिसके माध्यम से प्रदेश के सभी शासकीय संस्थानों को जोड़ा जाएगा। इस डैशबोर्ड के जरिए मुख्यमंत्री निवास से ही स्कूलों, अस्पतालों, शिक्षकों की उपस्थिति, राशन की उपलब्धता सहित विभिन्न सेवाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी। उन्होंने कहा कि सुशासन, पारदर्शिता और तकनीक आधारित प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर सेवाएं पहुंचाना राज्य सरकार का संकल्प है।

बीएसपी में संगठित लोहा चोरी, विधायक रिकेश के आरोप सच साबित हुए : महंत

■ बीएसपी से 100 करोड़ रुपये की हर महीने संगठित चोरी में भाजपा नेता भास्कर मुदलियार समेत 17वीं गिरफ्तारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने देश के सबसे बड़े औद्योगिक तीर्थ भिलाई इस्पात संयंत्र में संगठित तरीके से हो रही लोहा चोरी मामले में भाजपा नेता भास्कर मुदलियार की गिरफ्तारी पर कड़ा हमला बोला है। डॉ. महंत ने कहा कि वैशाली नगर के भाजपा विधायक रिकेश सेन ने बीएसपी से हर महीने लगभग 100 करोड़ रुपये की संगठित चोरी का आरोप लगाया था, जिसमें उन्होंने पुलिस और बीएसपी प्रबंधन की सांठ-गांठ की बात कही थी। भाजपा नेता की गिरफ्तारी के बाद अब विधायक के आरोप पूरी तरह सही साबित हो रहे हैं। लोहा चोरी के इस बड़े

मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, भिलाई स्टील प्लांट के बड़े-बड़े अधिकारियों की भी इसमें गिरफ्तारियां हुई हैं। भाजपा नेता की गाड़ियां बीएसपी के भीतर से लोहा चोरी करती थीं। पुलिस ने पुख्ता सुबूत मिलने और पूछताछ के बाद ही यह गिरफ्तारी की है। इसके तुरंत बाद भाजपा द्वारा उस नेता को 6 साल के लिए पार्टी से निकालना यह दर्शाता है कि मामले में उनकी संलिप्तता पूरी तरह साबित हो चुकी है।

डॉ. महंत ने आशंका जताई कि भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम 'सेल' के इस संयंत्र से लंबे समय से संगठित चोरी का यह खेल सुरक्षाबलों, बीएसपी अधिकारियों, स्थानीय पुलिस और भाजपा पदाधिकारियों-कारोबारियों के गठजोड़ से चल रहाथा, अदना मंडल-पदाधिकारी अपने दम पर केंद्र सरकार के इतने बड़े संस्थान में इतनी बड़ी चोरी नहीं कर सकता। इसके पीछे केंद्र और राज्य के किन-किन बड़े नेताओं का संरक्षण हासिल है, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। एजेंसियां चाहें तो इस चोरी का भांडाफोड़ करने वाले भाजपा विधायक से भी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर सकती हैं। डॉ. महंत ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि, सार्वजनिक उपक्रमों को खोखला करने की साजिश केंद्र में 12 वर्षों से काबिज मोदी सरकार बीएसपी को अब तक बेच नहीं पाई है, इसलिए इसे अंदर से खोखला करके बेचने की भूमिका तैयार की जा रही है।

भूपेश हैं जहां, विरोध है वहां : भाजपा

■ प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय की खरी-खरी, छत्तीसगढ़ में वजूद के लिए जूझते बघेल अब पंजाब में कांग्रेस की लुटिया डुबाने में लगे

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में जनता द्वारा बुरी तरह नकारे जाने के बाद अपना राजनीतिक वजूद बचाने के लिए जूझ रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अब पंजाब में भी कांग्रेस की बची-खुची कश्ती को डुबाने में जुट गए हैं। श्री पाण्डेय ने पंजाब कांग्रेस के कार्यक्रमों में हुए भारी हंगामे और सिर-फुटौव्वल पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि भूपेश बघेल कांग्रेस के लिए 'अशुभ' साबित हुए हैं। उन्हें आलाकमान ने जहाँ-जहाँ की कमान सौंपी, वहाँ-वहाँ पार्टी का पूरी तरह बंटाढार ही हुआ है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने कहा कि हाल ही में पंजाब के पटियाला और संगरूर में हुए कांग्रेस के कार्यक्रमों में भूपेश बघेल और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष की मौजूदगी के बावजूद कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी और गुटबाजी का नजारा पेश किया। जो नेता अपने सामने अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को अनुशासित नहीं रख सकते, वह पंजाब में पार्टी को एकजुट करने का झूठा छलावा कर रहे हैं। श्री पाण्डेय ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बघेल की कुल जमा राजनीतिक हैसियत सिर्फ और सिर्फ एक 'विशेष परिवार' की परिक्रमा और खुशामद करने तक ही सीमित रह गई है। छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने उनके कुशासन, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी का जवाब देकर उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया।

अब छत्तीसगढ़ में अपना जनाधार खो चुके बघेल को दिल्ली आलाकमान ने पंजाब की 'लुटिया डुबाने' की जिम्मेदारी दे दी है। श्री पाण्डेय ने कहा कि पंजाब में भी बघेल की उपस्थिति में ही चन्नी समर्थकों का हंगामा और गुटबाजी यह स्पष्ट दर्शाती है कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है। जहाँ भी भूपेश बघेल प्रभारी या पर्यवेक्षक बनकर कदम रखते हैं, वहाँ कांग्रेस का आंतरिक कलह और तेजी से भड़क उठता है। श्री ?पाण्डेय ने चुटकी लेते हुए कहा कि अपनी बची-खुची साख बचाने के लिए बघेल अब पंजाब में अनुशासनहीनता पर पार्टी से निकालने की गीदड़ धमकियाँ दे रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व और उसके प्रतिनिधि स्वयं पूरी तरह दिशाहीन हो चुके हैं।

स्मार्ट मीटर : बिजली की खपत हुई कम, एम ऊर्जा योजना से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

राजधानी के 81 फीसदी उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आने का दावा

■ रायपुर सिटी रीजन के लगभग 81 प्रतिशत स्मार्ट मीटरधारी घरेलू उपभोक्ता आए योजना के दायरे में आए

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सिटी रीजन में जुलाई-2026 के दौरान स्मार्ट मीटरधारी घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली खपत में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई है। स्लैब-वार उपभोग आंकड़ों के अनुसार कुल 3,17,392 स्मार्ट मीटरधारी घरेलू उपभोक्ताओं में से 2,56,471 उपभोक्ता (लगभग 81 प्रतिशत) 400 यूनिट तक बिजली खपत की श्रेणी में रहे हैं। इससे राज्य सरकार की एम ऊर्जा (मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान) का लाभ अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने जून-जुलाई के खपत का तुलनात्मक अध्ययन किया। इसमें पता चला कि जुलाई 2026 में कुल बिजली खपत 89.38 मिलियन यूनिट (एमयू) रही, जो जून-2026 में दर्ज 131.27 मिलियन यूनिट (एमयू) की तुलना में 31.91 प्रतिशत कम है। जारी आंकड़ों के अनुसार जून-2026 की तुलना में जुलाई-2026 में कुल स्मार्ट मीटरधारी घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 3,17,392 पर स्थिर रही,

किंतु उपभोक्ताओं के स्लैब-वार वितरण में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया। 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या जून में 1,96,777 से बढ़कर जुलाई में 2,56,471 हो गई, जो 30.34 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं इस वर्ग की कुल बिजली खपत 41.72 मिलियन यूनिट से घटकर 32.38 मिलियन यूनिट रह गई।

4 सौ यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ता सिर्फ 60921

इसी प्रकार 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 1,20,615 से घटकर 60,921 रह गई, जो 49.49 प्रतिशत की कमी दर्शाती है। इस वर्ग की कुल बिजली खपत भी 89.55 मिलियन यूनिट से घटकर 57.00 मिलियन यूनिट दर्ज की गई। सर्वाधिक कमी 600 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं के वर्ग में दर्ज की गई। इस श्रेणी में उपभोक्ताओं की संख्या में 64.23 प्रतिशत की कमी तथा बिजली खपत में 38.13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

विभाग के अनुसार बिजली खपत में यह कमी मुख्यतः दो कारणों से हुई है। पहला, मानसून सीजन के दौरान एयर कंडीशनर एवं कूलर जैसे विद्युत उपकरणों के उपयोग में स्वाभाविक मौसमी कमी तथा दूसरा, राज्य सरकार की एम ऊर्जा (मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान) का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से उपभोक्ताओं द्वारा अपनी बिजली खपत को नियोजित रूप से सीमित रखना। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह सभी आंकड़े स्मार्ट मीटरधारी घरेलू उपभोक्ताओं के वास्तविक मीटर रीडिंग पर आधारित हैं तथा पूर्णतः सत्यापित हैं। मीटर संबंधी किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर विभाग द्वारा तत्काल जांच की जाती है।

सुविचार

अहंकारी कभी क्षमा नहीं मांगता और कमजोर कभी क्षमा नहीं करता। क्षमा करने वाला दुर्बल नहीं बलवान होता है।

क्षमा बड़न को चाहिए....

नीट पेपरलीक मामले को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी ने जंतर मंतर पर जो आंदोलन किया था। और संसद मार्च निकाला था उस दौरान कई तथाकथित छात्रों ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रखी थी इस आंदोलन में घुसपैठ चुके लगभग 3000 असमाजिक तत्वों ने तो हिंसा का नंगा नाच करने में भी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों पर इन लोगों ने हमला किया था जिसकी वजह से सौ से ज्यादा पुलिस वाले घायल भी हुए थे। अब ऐसे असमाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही तेज हो गई है और वे भागे भागे फिर रहे हैं। आंदोलन के दौरान जिन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गंदी गंदी गालियां दी थी और हिन्दु धर्म का मजाक उड़ाया था वे भी लोगों के आक्रोश का शिकार होने से नहीं बच पा रहे हैं। आम जनता ऐसे लोगों को सड़को पर सबक सिखा रही है। भीड़ में शेर बनने वाले ये तथाकथित आंदोलनजीवी अब भीगी बिल्ली बनकर इधर उधर छिपते फिर रहे हैं और सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर टसुएं बहाते हुए अपनी गलती की माफी मांग रहे हैं। इन तमाम घटनाओं को मद्देनजर रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर बड़ा दिल दिखाया है और उन्होंने इंटाग्राम पर एक वीडियो जारी करके कहा है कि किसी को भी भीद्दी गालियां देना उचित नहीं है लेकिन ये हमारे ही बच्चे हैं इसलिए मैं इनको मांफ करता हूं। उन्होंने देशवासियों से भी अपील की है कि वे इनके खिलाफ कोई कार्यवाही न करें। सही बात है। सही बात है क्षमाबड़न को चाहिए छोटन को उत्पाद किन्तु जिन लोगों ने देश की आनबान और शान कही जाने वाली इंडियन आर्मी को गाली दी है और सनातन धर्म का अपमान किया है वे कतई क्षमायोग्य नहीं है। ऐसे नाली के गंदे किड़ो के खिलाफ तो कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की ही जानी चाहिए। रही बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इन गालिबाजों को माफ करने की तो उसका भी ऐसे अराजक तत्व यह कहकर मजाक उड़ा रहे हैं कि नरेन्द्र सरेन्दर हो गया है। उन्होंने इनके प्रति जो दया दिखाई है उसका इनपर उल्टा ही असर हो रहा है। बहरहाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन गालीजीवियों को क्षमा कर दिया है यह अच्छी बात है और इसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं लेकिन देश और समाज ऐसे अराजक तत्वों को कभी माफ नहीं करेगा क्योंकि कहा गया है कि अन्याय को सहने वाला अन्याय करने वाले से ज्यादा बड़ा अपराधी होता है। अब जबकि सुप्रीम कोर्ट ने यह कह दिया है कि इस आंदोलन के दौरान हिंसा करने वाले जिन लोगों की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है उनके खिलाफ पुलिस को कार्यवाही करनी ही चाहिए। गौरतलब है कि इस आंदोलन में शामिल लगभग दो हजार अपराधियों की पहचान हुई है जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास बलत्कार और लूट व डकैती जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। ऐसे अराजक तत्व किसी भी तरह की माफी के हकदार नहीं है। खासतौर पर तब जब कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरभ दास यह कह रहा है कि इस देश में गाली देना कब से अपराध हो गया है यह तो लोगों का अधिकार है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तो कोई भगवान तो नहीं है जो उनके साथ मजाक नहीं किया जा सकता। कॉकरोचों की सोच कैसी है यह उसके इस बयान से ही समझा जा सकता है। अब उसको भी सोशल मीडिया पर ऐसे ही गंदे मजाक का जब सामना करना पड़ रहा है तो उसकी बोलती बंद हो गई है। बहरहाल दिल्ली पुलिस ने भी अब अपनी कार्यवाही तेज कर दी है और इन अराजक तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी धर पकड़ करने के लिए 20 टीमें गठित कर दी हैं। देर सवेर ये सब कानून की पकड़ में आएंगे और अपने अपराध की सजा भोगेंगे। इस बीच इस आंदोलन के दौरान घायल हुए सौ से अधिक पुलिसकर्मियों के परिजनों ने भी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया है और उन्होंने मांग की है कि इन अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये। यदि सरकार इन्हें माफ करेगी तो वे ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे आखिर पुलिस वाले भी इंसान हैं और उन्होंने कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने के लिए जोखिम उठाया है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री ने जो सदा सयता दिखाई है वह तारिफ काबिल है लेकिन समाज ऐसे अराजक तत्वों को मांफ नहीं करेगा और न ही कानून से इन्हें मांफी मिलेगा। यदि ऐसे लोगों को मांफ कर दिया गया तो इनके हौसले और बुलंद होंगे। आगे चलकर तो ये संसद में घुस जाएंगे राष्ट्रपति भवन में भी धावा बोल देंगे और यदि इनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कोई फैसला दिया तो ये सुप्रीम कोर्ट में भी उत्पाद करने पहुंच जाएंगे। ऐसे देशविद्रीही गद्दारों के हाथों की कठपुतली बने ये अराजक तत्व भारत में भी नेपाल और बांग्लादेश जैसी स्थिति बनाने की योजना पर काम कर करे हैं जिन्हें विदेशों से भी फंड मिल रहा है। ऐसे जहरीले कीड़ो का तो हर हालत में सफाया होना ही चाहिए।

राष्ट्रपति भवन में बस्तरियों का सम्मान, बेहद आत्मगौरव का पल

शशांक खरे

सचमुच बेहद आत्मगौरव और खुशी का पल रहा, जब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बस्तर से दिल्ली पहुंचे 209 सदस्यों का सम्मान राष्ट्रपति भवन में देश की प्रथम नागरिक श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आत्मीय स्वागत किया. इस टीम का नेतृत्व किया प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने किया. बस्तर पंडुम 2026 के विजेताओं, मांझी-चालकी, पद्मश्री से सम्मानित विभूतियों का सम्मान न केवल बस्तर, अपितु छत्तीसगढ़ का सम्मान है. देश के समस्त आदिवासियों का सम्मान है. बस्तर से लाल आतंक का खात्मा हुए महज चार महीने हुए हैं, किंतु इन चार महीनों में बस्तर की तस्वीर और तकदीर में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा हैं. बस्तर में 2031 का विजन इसीलिए लाया गया है, ताकि नक्सली खौफसे रुकी विकास की नदी बस्तर की खूबसूरतवादियों में निर्बाध गति से बहती रहे.

व्यर्थ नहीं जाता बोया हुआ पसीना, भले ही उगने में देर हो जाए...

बस्तर में विकास के सूरज का उदय इस बात का सबूत है, कि हर रात की सुबह होती है. बस्तर में 2031 का विजन एकदम स्पष्ट है. अब विकास की रोशनी हर मोहल्ला, हर गली, हर घर, हर आंगन में पहुंचेगी, जहां कभी ख़ौफ़ परछाई की तरह हर वक़्त भौजूद रहता था. साढ़े पांच दशक से नक्सलवाद का दंश झेल चुके बस्तर में आज अमन और खुशहाली की बयार बह रही है. बस्तर में हर चेहरे पर खुशी की इबारत पढ़ी जा सकती है. अब बस्तर की फ़िज़ा में बारूद की गंध नहीं, बल्कि महुए की खुशबू आती है. सारा जहां सुवासित हो रहा है. बस्तर में गोलियों की धांय-धांय नहीं, बल्कि खुशी के गीत और वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियां सुनाई दे रही हैं. अंदरुनी इलाकों में विकास की बयार बह रही है. कभी नक्सलवाद के कारण ठप योजनाएं अब शनैःशनैः परवान चढ़ रही हैं. बस्तर में नक्सलवाद का दामन छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल लोगों के लिए पुनर्वास केंद्र की स्थापना, रोजगार का सृजन और हर दामन को खुशियों की सौगात, यह सब सरकार के दृढ़ संकल्पों का परिणाम है. अभी बस्तर में नक्सलवाद का अंत हुए, चार माह ही हुए हैं. लेकिन, इस अल्पकाल में भी बस्तर में जो शासकीय मशीनरी की चहल-पहल दिखाई दे रही है. वह एक जीवंत उदाहरण ही है. अंदरुनी गांवों तक बसों की आवाजाही, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है. इससे ग्रामीणों में साय सरकार के प्रति विश्वास जागा है. इतने कम समय में विकास की बयार बह रही है,

किसी ने क्या खूब कहा है- चट्टानों को तोड़ा जा सकता है, इरादों को नहीं.

केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ के साय सरकार ने नक्सलवाद के ख़िलाफ़ संयुक्त मोर्चा खोला. यह कोई साधारण संकल्प नहीं था. साढ़े पांच दशक के काले साम्राज्य को उखाड़ फेंकना, उतना आसान नहीं था. किंतु, इरादे नेक हों, तो चट्टानों को तोड़कर रास्ता बनाया जा सकता है. 31 मार्च 2026 की डेड लाइन के हफ्तेभर पहले ही नक्सलवाद के सफ़ाए की घोषणा, न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि संपूर्ण भारत वर्ष के इतिहास का एक नया अध्याय था. 31 मार्च 2026 की डेड लाइन, मानो हर जवान के मनो-मस्तिष्क पर एक मील के पत्थर की तरह अंकित था. जवानों का पसीना व्यर्थ नहीं गया. खून पसीने की एक-एक बूंद इस बात की गवाही देती है, कि माटी की ख़ातिर मर मिटने का संकल्प माता के गर्भ से ही ले लिया था. विषम भौगोलिक परिस्थितियों में कभी भी जवानों ने पीठ नहीं दिखाई. शीर्ष नेतृत्व के आदेशों का अक्षरशः पालन, नेक-नियति और ईमानदारी जैसे इन जवानों की रगों में चिंगारी पैदा करती रही है. 55 सालों तक नक्सलवाद का दंश झेलते-झेलते बस्तर की जनता आजीज आ चुकी थी. हर बस्तरिया चाहता था विकास, हर बस्तरिया चाहता था अमन और क़ानून व्यवस्था की बहाली. टूटे पुल, उखड़े हैंडपंप, क्षतिग्रस्त स्कूल भवन जैसे उनके लिए किसी विडंबना से कम नहीं थे. कभी बस्तर के गांवों में, गलियों में, चौक-चौराहों में, चबूतरों में, आंगन में नक्सलियों की बैठकें, फिर यातना-प्रताड़ना, उलाहना, फिर अंत में खून-ख़राबा बस्तरियों के नसीब का एक अहम हिस्सा हो गया था. दर्द से कराहते बस्तर की पीड़ा को सरकार ने महसूस किया, नक्सलियों को शांति की राह पर आने, वार्ता और समझौते की पेशकश की, किंतु, नक्सलियों ने सरकार की एक बात नहीं मानी. फिर सरकार ने नक्सलवाद का अंत करने अपना संकल्प दुहराया. काबिल अफ़सरों की नियुक्ति और जांबाज जवानों की मुस्तैदी से बस्तर में नक्सलियों के पांव उखड़ने लगे. अंततः नक्सलियों को लगा कि अब सिर छुपाने की जगह नहीं बची. बस्तर छोड़ने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा. वे रात के अंधेरे में पतली गली से निकलकर भाग खड़े हुए. कुछ नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने की मंशा जाहिर की, जो लौट गए, वे अमन और खुशहाली के गीत गा रहे हैं. जिन्होंने हठधर्मिता की, वे अकाल मौत के गाल में समा गए. कुदरत ने बस्तर की भौगोलिक सीमा में क्या नहीं दिया. सघन वन, पहाड़, मैदान और प्राकृतिक सुंदरता. और सबसे अनमोल चीज कुदरत ने जो दी, वो है बस्तरियों का भोलापन. बस्तर में आदिवासियों का भोलापन, तो जैसे भगवान भोलेनाथ का भोलापन है. अब सरकार के समक्ष बस्तर का समग्र विकास, एक यक्ष प्रश्न है. बस्तर के विकास का ख़ाक्ता तैयार है. सरकार भी बस्तरियों के सपनों में रंग भरने आमादा है. स्याह रात (नक्सलवाद) का अंत हो चुका है. नक्सल प्रभावित ऐसे क्षेत्र, जहां काम करना मुश्किल था, अब वहां के डेवलपमेंट का रोडमैप तैयार है. बस्तर में न अब कोई भूखा सोएगा, न कोई आधा तन रहेगा. स्कूलों में वंदेमातरम और राष्ट्रगान गाए जाएंगे, तिरंगा भी लहराएगा. हर हाथ को काम मिलेगा, ये केंद्र और राज्य सरकार का संयुक्त संकल्प है. वक़्त का पहिया तेजी से घूम रहा है. सपने अंगड़ाई ले रहा है. बीज अंकुरित हो चुका है. बस, उसके वटवृक्ष बनने में वक़्त लगेगा. भविष्य के गर्भ में सपने आकार ले रहा है.

विश्वविद्यालयों में नैतिकता का संकट : क्या उच्च शिक्षा अपनी आत्मा खो रही है?

योगेश गोस्वामी
पूर्व छात्र नेता

जब किसी राष्ट्र के विश्वविद्यालय कमजोर होते हैं, तब केवल शिक्षा व्यवस्था नहीं, बल्कि लोकतंत्र, समाज और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी कमजोर होने लगता है। विश्वविद्यालय ज्ञान के मंदिर हैं, जहाँ केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाया जाता, बल्कि विचार, विवेक, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्माण होता है। यदि यही संस्थान नैतिक संकट का सामना करने लगें, तो यह पूरे राष्ट्र के लिए चिंता का विषय है।

देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डिजिटल शिक्षा, वैश्विक रैंकिंग और अनुसंधान पर जोर दिया जा रहा है। इसके बावजूद उच्च शिक्षा संस्थानों में कई गंभीर प्रश्न लगातार सामने आते हैं। परीक्षा में अनियमितताओं के आरोप, शोध में प्लेज़रिज़्म, नियुक्तियों में पारदर्शिता पर सवाल, परिसर में हिंसा, रैगिंग, छात्र राजनीति का बढ़ता टकराव तथा प्रशासनिक जवाबदेही की कमी जैसी चुनौतियाँ शिक्षा जगत को आत्ममंथन के लिए मजबूर करती हैं।

छत्तीसगढ़ भी इस राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा है। बस्तर में स्थापित महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय से आदिवासी अंचल के युवाओं को नई उम्मीदें मिली हैं। यह विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाला संस्थान न बनकर यदि जनजातीय ज्ञान, स्थानीय संस्कृति, प्राकृतिक संसाधनों, मातृभाषाओं और सामाजिक विकास पर उत्कृष्ट शोध का केंद्र बनता है, तो यह पूरे देश के लिए मॉडल बन सकता है। लेकिन किसी भी नए विश्वविद्यालय की सफलता केवल भवनों और उद्घाटनों से नहीं, बल्कि उसकी शैक्षणिक गुणवत्ता, पारदर्शी प्रशासन और

नैतिक वातावरण से तय होती है।

इसी प्रकार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर प्रदेश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक है। इस विश्वविद्यालय ने छत्तीसगढ़ को अनेक शिक्षाविद, वैज्ञानिक, न्यायविद, प्रशासक और जनप्रतिनिधि दिए हैं। पुरानी संस्थाओं की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए उन्हें समय-समय पर आत्ममूल्यांकन करना आवश्यक है। बदलते समय में केवल इतिहास के आधार पर सम्मान नहीं मिलता; गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार ही स्थायी पहचान बनाते हैं।

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एक केंद्रीय विश्वविद्यालय होने के कारण राष्ट्रीय अपेक्षाओं का केंद्र है। यहाँ से केवल प्रदेश ही नहीं, देशभर के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते हैं। ऐसे संस्थानों को उत्कृष्ट शोध, निष्पक्ष मूल्यांकन, आधुनिक प्रयोगशालाओं और नैतिक नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इन विश्वविद्यालयों में हजारों शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी पूरी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। किसी भी संस्था का मूल्यांकन कुछ घटनाओं या आरोपों के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। परंतु जब समय-समय पर विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली, परीक्षा व्यवस्था, शोध गुणवत्ता, छात्र अनुशासन या प्रशासनिक निर्णयों पर सार्वजनिक प्रश्न उठते हैं, तो उन्हें दबाने के बजाय पारदर्शी जांच और सुधार की प्रक्रिया अपनाना ही संस्थान की विश्वसनीयता बढ़ाता है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या आज विश्वविद्यालय चरित्र निर्माण कर रहे हैं? क्या विद्यार्थी सत्य, ईमानदारी, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व को उतना ही महत्व देते हैं जितना अंक और नौकरी को? क्या शिक्षक केवल पढ़ा रहे हैं या प्रेरित भी कर रहे हैं? क्या प्रशासन केवल फाइलें चला रहा है या शैक्षणिक संस्कृति का निर्माण भी कर रहा है?

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि नैतिकता, संवैधानिक मूल्यों, पर्यावरण चेतना, सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का विकास भी है। यदि विश्वविद्यालय इस मूल भावना को व्यवहार में नहीं उतारते, तो नीति दस्तावेज़ केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगे।

आज आवश्यकता है कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में नैतिक शिक्षा को व्यवहारिक रूप दिया जाए। शोध में प्लेज़रिज़्म के विरुद्ध कठोर नीति हो, परीक्षा प्रणाली पूर्णतः पारदर्शी बने, नियुक्तियाँ योग्यता आधारित हों, शिकायत निवारण तंत्र प्रभावी हो और विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा संविधान के मूल्यों से जोड़ा जाए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 2000 - ब्रिटेन की 'क्वीन मदर' द्वारा अपनी 100वीं वर्षगांठ मनायी गई। 2004 - अमेरिकी अंतरिक्ष यान मैसेंजर बुध ग्रह के लिए रवाना हुआ। 2006 - संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा कि वह भारत को यूरेनियम संवर्धन में सहायता नहीं देगा। 2007 - इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुआ रूसी अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एम-61 सफ्लतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुँचा। लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में हुई एक ट्रेन दुर्घटना में 100 लोगों की मृत्यु।

3 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

1982 - शांतनु ठाकुर - जानेमाने राजनीतिज्ञ हैं जिनका सम्बंध भारतीय जनता पार्टी से है। 1980 - लवली चौबे - भारत की महिला लॉन बॉल टीम की खिलाड़ी हैं। 1933 - शशिकला - भारतीय हिन्दी सिनेमा की प्रसिद्ध खलनायिकाओं में से एक थीं। 1846 - मैथिलीशरण गुप्त, खड़ी बोली के महत्त्वपूर्ण कवि। 1890 - श्रीप्रकाश - भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी और पाकिस्तान में प्रथम उच्चायुक्त 1916 - शकील बदायूँनी, भारतीय गीतकार और शायर 1939 - अपूर्व सेनगुप्ता, भारतीय क्रिकेटर। 1956 - बलविंदर संधू, भारतीय क्रिकेटर। 1960 - गोपाल शर्मा, भारतीय क्रिकेटर। 1984 - सुनील छेत्री - प्रसिद्ध भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी हैं, जो वर्तमान में मोहन बागान एसी के लिए खेल रहे हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बरसे सावन, तरसे नैन सावन अगन लगाये सखिया, बैरी बूंद न भाये सखिया!! नैन भरे कजरा दह जाये, जुल्मी बहुत सताये सखिया!! जा बैठे परदेश बलमुआ, मुझ पे गजब वो ढाये सखिया!! सूनी अँखियाँ राह निहारे, कब पिय मोरे आये सखिया!! भीगे आँचल, भीगे नैना, दर्द घटा बन छाये सखिया!! रोती मेघा मेरे संग में, नैन भी जल बरसाए सखिया!! कागा बोले मुंडेरा बैठे, कोई संदेसा लाये सखिया!! टूटे मन की बंसी फिर से, प्रीत का राग बजाये सखिया!! अबके सावन साजन आये, मन उपवन खिल जाए सखिया!! **- रूबी झा 'कमल'**

मौन जहाँ मुस्का उठे, मन भी वहीं विश्राम, वहीं मिटे 'मैं' का भरम, वहीं मिले श्रीराम। अपने-पराए सब मिटें, जब जागे आत्मप्रकाश, एक ही चेतन तत्त्व है, बाकी जग का नाम। **- चिन्मय शुक्ला**

गद्दारी के बीज से , उगता नहीं जमीर। चाहे जितना सींचिये,उसे डाल कर नीर।। दुनिया में उससे बड़ा, कोई नहीं जलील। करे बुराई राष्ट्र की, बना बना जो रील।। देश विरोधी सोच का, यह कैसा व्यापार। करें समर्थन जिस तरह ,कविवर भी कुछ यार।। **- रमेश शर्मा वशिष्ट**

ज़िंदा रहने की ये तरकीब निकाली मैं ने। अपने होने की ख़बर सब से छुपा ली मैं ने।। जब ज़मीं रेत के जैसे सरकते पाई कमल। आसमाँ थाम लिया जान बचा ली मैं ने।। अपने सूरज के तपिश का भरम रखने को। नर्म छाँव में कड़ी धूप मिला ली मैं ने।। एक लम्हे को तेरे रास्तों से उड़ा बादल। और बारिश की उम्मीद लगा ली मैं ने।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। **- कमलकांत डोंगरे**

पप्पू यादव का संसद परिसर का कृत्य भगवा आतंकवाद का ही वर्जन है, तब सुशील शिंदे ने भगवा आतंकवाद का नेरेटिव बनाया था और अब पप्पू यादव ने हांथ मे श्री राम का प्रतिरूप लेकर और त्रिपुंड लगाकार रामनामी पीताम्बर ओढ़कर और भगवा पहन कर पूरे संत समाज को चोर कहा ।

एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

कल रात आप लाइव आए और बेशर्म बच्चों को माफ कर दिया। हाँ वैसा ही किया जैसा लगभग हर भारतीय पिता करता है। बच्चे के मोह में उसकी हर गलती माफ करके उसे अपराधी बनने की छूट देता है। चलो मानते हैं क्षमा बड़ो का गुण हैं और आपने कर दिया लेकिन आपको पता है मोटी चमडी वाली धूर्त राक्षसनियाँ इसे भी आपकी धमकी कहकर प्रचार करेंगी।सुधरने नहीं देंगी आपके बालकों को।

- दिव्या राकेश शर्मा

मेरा मन इस गणनाओं से भरी दुनिया में एक निष्कलुष हृदय की तलाश करता है। वह दूर तक भटकता है, कई चेहरों पर ठहरता है, कई मुस्कानों पर विश्वास करता है फिर एक दिन चुपचाप लौट आता है। शायद इसलिए कि बुद्धि से भरी दुनिया में हृदय मिल जाना संयोग नहीं, सौभाग्य है। और यह मेरा सौभाग्य है कि मेरे इस सफ़र में कुछ ऐसे हृदय मुझसे जुड़े हुए हैं।

- निभा चौधरी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक रहने वाला है। आपकी कार्य योजनाओं को नई गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी जिनसे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त होने के योग बने हुए हैं।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपके बढ़ते खर्चे समस्या का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें।

तुला राशि : आज का दिन ताजगी से भरा रहने वाला है रहेगा। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी नाराजगी दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, आज उन पर ज्यादा ध्यान देंगे आपको खुशी होगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है, बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें।

मकर राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आज अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप बिजनेस में लाभ लेने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा ।

QUIZ TIME

1) पैलेट गन के छर्रे से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित होने वाला अंग कौन सा है?
2) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में गणराज्य का अर्थ क्या है?
3) बाबर ने युद्ध के लिए किस नीति का प्रयोग किया?
4) एकमात्र आंतरिक अंग जो अपने खोए हुए उत्तकों को फिर से बनाने में सक्षम है?
5) भारत के प्रथम राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कौन थे?

उत्तरमाला- (1) आँख (2) [illegible] (3) [illegible] (4) लिवर (5) ब्रजेश मिश्रा

RamaQuiz

कार्टून

शब्द सामर्थ्य -118

राजिम रेस्ट हाउस में भाजपा महिला मोर्चा गरियाबंद की प्रथम कामकाजी व परिचयात्मक बैठक संपन्न

■16 को भव्य रूप से मनाया जाएगा सावन महोत्सव, सीमा पर तैनात जवानों को भेजी जाएंगी राखियां

राजिम/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला गरियाबंद की प्रथम कामकाजी एवं परिचयात्मक बैठक का आयोजन राजिम स्थित विश्राम गृह में संपन्न हुआ। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर विचार-विमर्श कर रूपरेखा तय की गई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 16 अगस्त को आयोजित होने वाले सावन महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही, रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर देश की सीमाओं पर दिन-रात मुस्तैदी से तैनात भारत मां के वीर जवानों के सम्मान एवं लंबी आयु की कामना के लिए महिला मोर्चा द्वारा विशेष रूप से राखियां एवं शुभकामनाएं भेजने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा महिला मोर्चा जिला प्रभारी सविता चंद्राकर, सह प्रभारी माधुरी साहू ने महिला कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा।

बैठक को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि भाजपा की रीढ़ हमारी महिला कार्यकर्ता हैं, जिनकी शक्ति और समर्पण के बल

पर संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। सावन का महीना हमारी सनातन संस्कृति और बहनों के स्नेह का प्रतीक है। 16 अगस्त को आयोजित होने वाला सावन महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजेगा और बहनों की एकजुटता की मिसाल पेश करेगा। इसके साथ ही सीमा पर तैनात हमारे नौजवान, जो अपने परिवारों से दूर रहकर देश की सुरक्षा कर रहे हैं, उनके लिए राखियां भेजना एक सराहनीय पहल है। जब हमारी बहनों द्वारा भेजी गई स्नेह की डोर उन तक पहुंचेगी, तो उनका मनोबल और अधिक बढ़ेगा। भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रभारी सविता चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रथम कामकाजी एवं परिचयात्मक बैठक के माध्यम से आज गरियाबंद जिले की महिला मोर्चा एक नई ऊर्जा के साथ संगठनात्मक कार्यों में जुट गई है। 16 अगस्त का सावन महोत्सव ऐतिहासिक होगा। इसमें पारंपरिक खेलों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और बहनों के सम्मान का भव्य संगम देखने को मिलेगा। इसके साथ ही, सरहद के रक्षकों को राखी अभियान के तहत गरियाबंद जिले की हर पंचायत और मंडल से राखियां एकत्र कर सेना के जवानों तक भेजी जाएंगी। सह-प्रभारी माधुरी साहू ने भी बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक के अंत में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बिंदु सिन्हा ने समस्त अतिथियों एवं बहनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं महिला मोर्चा की ओर से हमारे विधायक रोहित साहू, जिला प्रभारी सविता चंद्राकर, सह-प्रभारी माधुरी साहू एवं आप सभी वरिष्ठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने इस बैठक को सफल बनाया। आपकी उपस्थिति और मार्गदर्शन से हमें ऊर्जा मिली है। मैं विश्वास दिलाती हूँ कि महिला मोर्चा गरियाबंद 16 अगस्त के सावन महोत्सव को अभूतपूर्व बनाएगी और सीमाओं पर तैनात जवानों तक हमारी बहनों का स्नेह रूपी धागा समय पर पहुँचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेगी।

बैठक में महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्रियों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रेखा सोनकर, तनु मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, उपाध्यक्ष नगर पालिका राजिम पूर्णिमा चंद्राकर, वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी स्वंजना उपाध्याय, संतोषी वास्तव, मधु नाथानी, भारती साहू जिला महामंत्री, लक्ष्मी वास्तव, भुनेश्वरी साहू, तोकेश्वरी मांझी, हीरामनी साहू, रेणुका साहू तथा बड़ी संख्या में गरियाबंद जिले की महिला मोर्चा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थीं, जिन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

न्यूज गैलरी

वीर माता का बहुमान संघ ने किया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। आज प्रवचनोपरांत चातुर्मासार्थ विराजित पूज्य सोमभद्र मुनि जी की वीरमाता ऊषादेवी मेहता (बाड़मेर) का बहुमान संघ द्वारा किया गया। जिस माता ने अपने दिल के टुकड़े को संयम रूपी संस्कार देकर परमात्मा की राह की ओर प्रेषित किया। ÷जैनम जयति शासनम÷ के उद्घोष के साथ उपस्थित जन समुदाय ने वीरमाता का अभिनंदन किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण की मासिक बैठक संपन्न

बागबाहरा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण की मासिक बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के आयोजन तथा खल्लारी विधानसभा के विधायक द्वारिकाधीश यादव के जन्मदिन समारोह को भव्य एवं सफल बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू, उपाध्यक्ष शहजान पाशा, कोषाध्यक्ष राहुल कुलदीप (कांग्रेसिया), सचिव खिलेश्वर सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू, मंडल अध्यक्ष मुकुंद सिन्हा, हरीराम यादव, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष केवल यादव, उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर, बलराम चंद्राकर, खोमेश साहू, जीवन नायक, पोखन यादव, भूषण चंद्राकर, अंगा साहू, डोमन यादव, धनसाय पटेल, सुनील व्यवहार, भागवत पटेल सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

25 लीटर महुआ शराब ले जा रहा युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने अवैध महुआ शराब का परिवहन कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बालसी से केंदूढार की ओर मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने बगईजोर पुलिया के आगे घेराबंदी कर बाइक सवार को रोककर पूछताछ की। उसने अपना नाम दानीराम बंजारा (35), निवासी चकरदा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 25 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 5 हजार रुपये है, बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

छह किसानों के खेतों से मोटर पंप के केबल चोरी, मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर में अज्ञात चोरों ने छह किसानों के खेतों में लगे बोर और मोटर पंपों के केबल पार कर दिए। पुलिस के अनुसार किसान हेमकुमार पटेल (40) जब 31 जुलाई की सुबह अपने खेत पहुंचे तो सिंचाई बोर में लगा करीब 70 मीटर केबल गायब मिला। जांच के दौरान पास के खेतों में केसर साहू, हरिराम पटेल, नैना पटेल, अभिमन्यु पटेल और घसिया पटेल के मोटर पंपों से भी 25 से 40 मीटर तक के केबल चोरी होना सामने आया। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

50 पौवा देशी शराब के साथ युवक पकड़ा गया

महासमुंद/नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने झलप-बागबाहरा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के सामने अवैध रूप से शराब बेचने की तैयारी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम नरतोरा में कार्रवाई की गई, जहां हरख राम चौहान (38) के कब्जे से 50 पौवा देशी प्लेन शोले शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत करीब 4 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

खेत से सोलर पंप सेट चोरी, अज्ञात के खिलाफ एफआईआर

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रक्शा में खेत से सोलर पंप सेट चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार ललित राम पटेल (55) ने अपने चारखुटिया मुड़ा स्थित खेत में कृषि सिंचाई के लिए सोलर पंप सेट लगाया था। 27 जुलाई को अज्ञात चोर पंप सेट चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट पर सिंघोड़ा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक फूल, गंगाजल या दौना-पान से जुड़ते हैं दो परिवार, सात पीढ़ियों तक निभता है अटूट रिश्ता

फ्रेंडशिप बैंड से कहीं आगे है छग की 'मितान' परंपरा

■ अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस पर जानिए समरसता की अनोखी मिसाल

महासमुंद/नवप्रदेश। आधुनिक दौर में जहां दोस्ती अक्सर सोशल मीडिया, सेल्फी और फ्रेंडशिप बैंड तक सिमटती जा रही है, वहीं छत्तीसगढ़ की धरती पर आज भी मित्रता का ऐसा अनुपम संस्कार जीवित है, जो केवल दो व्यक्तियों को ही नहीं, बल्कि दो परिवारों और आने वाली सात पीढ़ियों को भी आत्मीय रिश्ते में जोड़ देता है। इसे यहां 'मितान बदना' कहा जाता है। अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस के अवसर पर यह परंपरा भारतीय लोकसंस्कृति, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करती है।

छत्तीसगढ़ की लोककथा और जनजीवन में मितान केवल मित्र नहीं, बल्कि धर्म-भाई का दर्जा रखता है। यहां प्रचलित कहावत ÷माटी के देह हा माटी में मिल जाही, पर मितान के दिए बचन कभू न जाही÷ इस रिश्ते की पवित्रता और अटूट विश्वास को दर्शाती है।

मितान बनने के बाद दोनों एक-दूसरे का नाम नहीं लेते, बल्कि सीताराम मितान÷ या ÷जय जोहार मितान कहकर सम्मानपूर्वक अभिवादन करते हैं। इस रिश्ते की विशेषता यह है कि यह केवल जीवनभर नहीं, बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी निभाया जाता है। दादा के समय बना गंगाजल मितान का संबंध आज भी पोते और परपोते पूरी श्रद्धा से निभाते हैं।

लाफिन कला गांव आज भी निभा रहा है परंपरा

महासमुंद जिले के लाफिन कला गांव में आज भी पीढ़ियों पुरानी मितान परंपरा जीवंत है। गांव के शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल बताते हैं कि उनके मितान संतोष निषाद के निधन के बाद उन्होंने उनकी बहन का कन्यादान कर इस रिश्ते की मर्यादा निभाई। यह उदाहरण बताता है कि मितान केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि विश्वास, संवेदना और जिम्मेदारी का जीवंत रिश्ता है।
हालांकि शहरीकरण, बदलती जीवनशैली और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण यह अनमोल लोकपरंपरा धीरे-धीरे सीमित होती जा रही है। फिर भी छत्तीसगढ़ के गांवों में आज भी मितान का रिश्ता यह संदेश देता है कि सच्ची मित्रता उपहारों से नहीं, बल्कि विश्वास, वचन, समर्पण और आजीवन साथ निभाने की भावना से बनती है।

दस पावन प्रतीकों से बनता है मितान: छत्तीसगढ़ में बिना किसी खर्च और आडंबर के दस पवित्र प्रतीकों के माध्यम से मितान बनाया जाता है। इनमें जंवारा, गंगाजल, गंगा बारु, गोवर्धन, भोजली, महाप्रसाद, गेंदा फूल, धंवई फूल, तुलसी दल तथा दौना-पान प्रमुख हैं। इन प्रतीकों के आदान-प्रदान के साथ आजीवन निभने वाला आत्मीय संबंध स्थापित हो जाता है।

लोककथा और इतिहास में भी मिलता है उल्लेख : लोकमान्यता है कि एक भीषण अकाल के दौरान दो किसानों ने धंवई का फूल देकर मितान बनाया और मिलकर खेती कर अपने परिवारों को संकट से उबारा। भारतीय परंपरा में भगवान राम-सुग्रीव तथा भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता भी इसी निस्वार्थ और समर्पित भाव की प्रतीक मानी जाती है।

जाति-पांति से ऊपर सामाजिक समरसता का संदेश

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कहावत ÷बने-बने में समधी सियान, अउ बिपत पड़िस त मित-मितान÷ बताती है कि सुख-दुख में सबसे पहले मितान ही साथ खड़ा होता है। इस परंपरा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें जाति, वर्ग और सामाजिक भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। पटेल, साहू, यादव, निषाद, आदिवासी या किसी भी समाज का व्यक्ति मितान बन सकता है। मितान की पत्नी को मितानिन तथा उसके बच्चों को अपने परिवार के सदस्य जैसा सम्मान दिया जाता है। विवाह, जन्म, मृत्यु और हर सामाजिक अवसर पर मितान की उपस्थिति शुभ और आवश्यक मानी जाती है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

छुईखदान/नवप्रदेश। केसीजी जिले की छुईखदान पुलिस ने नाबालिग बालिका से जबरन दुष्कर्म करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर 31 जुलाई 2026 को थाना छुईखदान में अपराध क्रमांक 279/2026 दर्ज किया गया। मामले में आरोपी भुवन जोशी (50 वर्ष), पिता गया प्रसाद जोशी, निवासी घानीखुटा, थाना खैरागढ़, जिला केसीजी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1), 65(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में छुईखदान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर 1 अगस्त 2026 को विधिवत गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे उपजेल सलोनी न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि पूरे मामले में छुईखदान थाना स्टाफ ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की। मामले की विवेचना आगे भी जारी है।

पीएमजीएसवाय सड़क की खुली पोल, पहली बारिश में गिरसा-किसड़ा मार्ग का बुरा हाल : गड्ढे ही गड्ढे

■ गिरसा-किसड़ा मार्ग पर गड्ढे, डामर उखड़ा, ग्रामीणों में नाराजगी

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कभी कीचड़ और धूल से परेशान रहने वाले गिरसाङ्कििसड़ा मार्ग के ग्रामीणों ने जब नई सड़क बनते देखी तो लगा कि वर्षों की परेशानी अब खत्म हो गई। लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 12ङ्क13 किलोमीटर लंबी सड़क क्षेत्रवासियों के लिए विकास की नई उम्मीद लेकर आई थी। लेकिन यह खुशी ज्यादा दिनों तक टिक नहीं सकी। सड़क बनने के महज 6ङ्क7 महीने बाद ही इसकी हालत देखकर लोग हैरान हैं। पहली ही बारिश ने सड़क की मजबूती की असलियत सामने ला दी है। जगह-जगह डामर उखड़ चुका है, गहरे गड्ढे बन गए हैं और उनमें पानी भर गया है। ऐसा लग रहा है मानो सड़क वर्षों पुरानी हो, जबकि इसे बने अभी कुछ ही महीने हुए हैं।

सवाल यह है कि क्या करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क इतनी कमजोर बनाई गई कि पहली ही बारिश में जवाब दे गई? यदि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुरूप हुआ होता, तो इतनी कम अवधि में सड़क की यह दुर्दशा शायद ही देखने को मिलती। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग के अधिकारियों ने समय-समय पर प्रभावी निरीक्षण किया होता, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। लोगों का कहना है कि सड़क पर बने ये गड्ढे केवल टूटी हुई सड़क नहीं, बल्कि निर्माण व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह मार्ग रोजाना

दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। सड़क पर बने गड्ढे किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में सड़क की स्थिति और भी खराब हो सकती है।

अब क्षेत्रवासियों की मांग है कि पूरे सड़क निर्माण की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए, गुणवत्ता की जांच हो, यदि कहीं अनियमितता या लापरवाही पाई जाए तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए।

करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी यदि सड़क पहली ही बारिश में टूटने लगे, तो यह केवल एक सड़क का मामला नहीं, बल्कि जनता के टैक्स के पैसे के उपयोग और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठता एक बड़ा सवाल है। इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है ताकि वास्तविक कारण सामने आ सके।

रक्षाबंधन पर अमेठी की बहनों ने वीर जवानों को भेजा रक्षा सूत्र, देशभक्ति संदेशों ने जीता दिल

■ सेना के जवानों के प्रति जताया सम्मान और स्नेह

महासमुंद/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर विकासखंड बागबाहरा के सेक्टर खमरिया अंतर्गत ग्राम अमेठी की महिलाओं ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति अपनी श्रद्धा, सम्मान और आत्मीयता का अनूठा परिचय दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों एवं ग्रामीण महिलाओं ने अपने हाथों से राखियां तैयार कर सेना के जवानों को भेजीं। राखियों के साथ देशभक्ति, सम्मान और शुभकामनाओं से भरे पत्र भी प्रेषित किए गए, जिनमें जवानों के स्वस्थ, सुरक्षित और दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि देश की रक्षा में दिन-रात सीमाओं पर डटे उन वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है, जिनकी बदौलत देशवासी सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। बहनों ने अपने संदेश में लिखा

कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिक पूरे राष्ट्र के भाई हैं और उनके प्रति सम्मान प्रकट करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। प्रभारी सीडीपीओ सुश्री भावना गुप्ता के दिशानिर्देश पर कार्यक्रम में विकासखंड बागबाहरा, सेक्टर खम्हरिया की सुपरवाइजर हीरा ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं छत्तीसगढ़ जूझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की जिलाध्यक्ष सरोज चंद्राकर, कार्यकर्ता त्रिवेणी निषाद, प्रीति ध्रुव, पदमा नागेश, पंच अहिल्याबाई नागेश, मितानिन कुमारी ध्रुव, उमा, देवकी, बसंती बाई, जागेश्वरी, मुन्नी बाई, अन्नू, उर्मिला, कुमारी, बिंदाबाई, घांसीन, मोतिम, ममता, रेखा चंद्राकर, सुमित्रा संवरा, कांति ध्रुव, भोज कुमारी, परमेश्वरी यादव सहित अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

महिलाओं ने कहा कि सैनिक केवल अपने परिवार के ही नहीं, बल्कि पूरे देश की बहनों के रक्षक हैं। उन्हें राखी भेजकर सभी बहनों ने उनके प्रति अपना स्नेह, सम्मान और विश्वास व्यक्त किया है। महिलाओं ने विश्वास जताया कि यह छोटा-सा प्रयास सीमाओं पर तैनात जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही समाज में राष्ट्रभक्ति और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करेगा।

आस्था: पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के किए विशेष इंतजाम

सावन के प्रथम सोमवार से भूतेश्वरनाथ में उमड़ेगी आस्था की भीड़

गरियाबंद/नवप्रदेश। सावन माह के प्रथम सोमवार 3 अगस्त से जिले के विश्वप्रसिद्ध भगवान भूतेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगेगा। सावन के पहले सोमवार को लेकर हजारों शिवभक्त और कांवड़िए भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए भूतेश्वरनाथ पहुंचेंगे। इसे देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं।

हिंदू धर्म में सावन माह को भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र समय माना जाता है। इस पूरे माह श्रद्धालु जलाभिषेक, कांवड़ यात्रा, व्रत एवं विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इसी आस्था के चलते गरियाबंद जिला मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित विश्वप्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ मंदिर में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

सावन माह के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं, जबकि पहले सोमवार से कांवड़ यात्रियों का सिलसिला भी तेज हो जाता है। कई श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पवित्र जल लेकर भगवान भूतेश्वरनाथ का जलाभिषेक करते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना करते हैं।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस विभाग ने विशेष

सुरक्षा व्यवस्था की है। सिटी कोतवाली प्रभारी शिशिर पांडे ने बताया कि प्रथम सोमवार की सुबह से ही मंदिर परिसर एवं आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ ही श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मंदिर परिसर में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा शिवभक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, प्रसाद, पेयजल और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सेवा कार्यों में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक भी पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

गरियाबंद जिले के सभी प्रमुख शिवालयों में सावन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है, लेकिन भूतेश्वरनाथ और कुलेश्वरनाथ मंदिरों में विशेष रूप से आस्था का जनसैलाब उमड़ता है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस वर्ष भी पहले सोमवार से लेकर पूरे सावन माह तक हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

शिकायत करने वाले ग्रामीण से मारपीट, तीन पर मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बहेरापाली में सीसी रोड निर्माण कार्य की शिकायत करना एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया। शिकायतकर्ता के साथ गांव के ही तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार गोपबंधु पटेल ने सीसी रोड निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत कलेक्टर से की थी। शिकायत की जांच 31 जुलाई को एसडीओ एवं इंजीनियर केशव सुमन द्वारा सरपंच और सचिव की उपस्थिति में की जा रही थी। इसी दौरान गांव के सुरेश पटेल, गौरीशंकर पटेल और मुरलीधर पटेल ने शिकायतकर्ता के साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

संक्षिप्त खबरें

शासकीय गजानंद महाविद्यालय में हुआ गुरु पूर्णिमा का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा में विद्यार्थियों द्वारा ''सांस्कृतिक समिति'' के सहयोग से ''गुरु पूर्णिमा'' का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ जेम्स मैडम के निर्देशन में किया गया ,उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित करना तथा विद्यार्थियों में अपने गुरुओं के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने गुरु महिमा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं विचार अभिव्यक्ति के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ सुमित पंत ,डॉ दीपक यादव ,डॉ राजन तिवारी ,डॉ दीपिका त्रिपाठी ,श्रीमती ऋतंभरा यादव एवं कु इंद्राणी मरकाम , समस्त कर्मचारी एवं साक्षी ,ज्योति ,रवि यादव और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता एवं सांस्कृतिक समिति का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी ने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

बाबा बैद्यनाथ धाम की कांवड़ यात्रा पर रवाना हुए नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान शिव की आराधना एवं बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के संकल्प के साथ नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा अपने साथियों के साथ कांवड़ यात्रा के लिए रवाना हुए। भाटापारा रेलवे स्टेशन से यात्रा प्रारंभ होने के अवसर पर पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंज उठा। कांवड़ यात्रा पर रवाना होने से पूर्व श्री अश्वनी शर्मा एवं उनके साथियों ने भगवान भोलेनाथ का स्मरण कर विधिवत पूजा-अर्चना की और यात्रा की मंगलकामना की। श्रद्धालु कांवड़िए पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेंगे तथा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर नगर, प्रदेश एवं समस्त नागरिकों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की भक्ति, आस्था, साधना और संकल्प का पावन पर्व है। बाबा बैद्यनाथ धाम की कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, श्रद्धा और भगवान शिव के प्रति अटूट विश्वास की यात्रा है।

तीन महीने कोदो-कुटकी-रागी खाइए बीमारी दूर भगाइएः डॉ. खादर वली

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन, उपयोग और पोषण संबंधी महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ÷स्वास्थ्य और टिकाऊ कृषि के लिए श्री अन्न (मिलेट्स) एक वरदान हैं÷ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में शामिल देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एवं पद्मश्री डॉ. खादर वली ने कहा कि श्री अन्न भविष्य की खेती और स्वस्थ भारत की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा, ÷तीन महीने कोदो, कुटकी और रागी का नियमित सेवन कीजिए, बीमारी से छुटकारा मिलेगा। पारंपरिक अनाज को फिर से अपने रसोईघर में स्थान दें। उन्होंने बताया कि वे मैसूर (कर्नाटक) से हैं और पिछले 30 वर्षों से मिलेट्स पर शोध कर रहे हैं।

डॉ. वली ने कहा कि कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार और बाजरा जैसे श्री अन्न फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करने में सहायक हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने, कम लागत और कम पानी में मिलेट्स उत्पादन बढ़ाने तथा प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया।

तेंदुए के हमले में घायल ग्रामीणों से मिलने अस्पताल पहुंचीं पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव

नगरी/नवप्रदेश। नगरी क्षेत्र के कर्राघाटी में तेंदुए के हमले में घायल हुए ग्रामीणों का हालचाल जानने पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव सिविल अस्पताल नगरी पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती घायल धरम नेताम एवं गांधी राम से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने घायलों एवं उनके परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने अस्पताल में घायलों का उपचार कर रहे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से भी चर्चा की। उन्होंने घायलों की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, उपचार की प्रक्रिया तथा उन्हें दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि तेंदुए के हमले में घायल ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए और इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। ।इस दौरान डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने घायलों के परिजनों से बातचीत करते हुए उन्हें हिम्मत बंधाई। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों के हमले जैसी घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता का विषय हैं। ऐसे मामलों में पीड़ित परिवारों को समय पर चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ शासन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत आर्थिक सहायता मिलना भी आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर घायलों को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही।

पूर्व विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीवों की मौजूदगी के कारण लोगों में भय का वातावरण निर्मित हो जाता है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए वन विभाग को आवश्यक कदम उठाने चाहिए तथा प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन एवं वन विभाग से क्षेत्र में आवश्यक सतर्कता बरतने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की अपेक्षा जताई।

अस्पताल में मौजूद घायलों के परिजनों ने भी पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव से चर्चा की उन्होंने परिजनों की बातों को गंभीरता से सुना और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि घायलों के उपचार एवं शासन से मिलने वाली सहायता के संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय कर आवश्यक पहल की जाएगी।

इस अवसर पर लखन लाल ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव भरत निर्मलकर, रुद्र प्रताप नाग सहित चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी तथा घायल ग्रामीणों के परिजन उपस्थित रहे

मुख्यमंत्री के सार्वजनिक आश्वासन के बाद भी बदली व्यवस्था, शहीद नगरी के सम्मान पर उठे सवाल

73 साल पहले जिस ट्रेजरी को बचाने के लिए चली थीं गोलियां, आज वही चली गई खैरागढ़

छुईखदान/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के दौरान आयोजित जन चौपाल में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने क्षेत्रवासियों के बीच सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि छुईखदान की ट्रेजरी (उपकोषालय) कहीं नहीं जाएगी और यथावत छुईखदान में ही संचालित होगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि शहीद नगरी की ऐतिहासिक पहचान और प्रशासनिक महत्व सुरक्षित रहेगा। लेकिन करीब दो माह बाद हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ट्रेजरी से जुड़े अधिकांश कार्य अब खैरागढ़ से संचालित किए जा रहे हैं। इसके चलते छुईखदान में होने वाले कई कार्य बंद हो गए हैं और सरकारी कर्मचारी, पेंशनधारी, ठेकेदार सहित आम नागरिकों को अपने कार्यों के लिए खैरागढ़ जाना पड़ रहा है। इससे लोगों को अतिरिक्त समय, आर्थिक बोझ और अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब मुख्यमंत्री ने स्वयं जन चौपाल में ट्रेजरी को छुईखदान में ही यथावत रखने की घोषणा की थी, तो फिर आखिर ऐसा क्या हुआ कि वह घोषणा धरातल पर दिखाई नहीं दी? क्या मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद कोई नया प्रशासनिक निर्णय लिया गया, या फिर घोषणा पर अमल ही नहीं हो पाया? इन सवालों का जवाब अब पूरा क्षेत्र जानना चाहता है।

आज भी प्रत्येक वर्ष 9 जनवरी को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक शहीदों को नमन करते हैं तथा उनके बलिदान को याद करते हैं। लेकिन अब लोगों के बीच यह चर्चा है कि जिस ट्रेजरी को बचाने के लिए 73 वर्ष पहले लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, वही ट्रेजरी आज खैरागढ़ चली गई और नगर मौन होकर देखता रह गया।

ट्रेजरी से जुड़ा है छुईखदान का इतिहास

छुईखदान का इतिहास केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि बलिदान और स्वाभिमान का इतिहास है। स्थानीय ऐतिहासिक संदर्भों के अनुसार 9 जनवरी 1953 को तत्कालीन ट्रेजरी (उपकोषालय) को खैरागढ़ में मर्ज किए जाने के विरोध में बड़ा जनआंदोलन हुआ था। आंदोलन के दौरान हुए गोलीकांड में छुईखदान के पांच नागरिक शहीद हुए थे। इन्हीं शहीदों के बलिदान की स्मृति में छुईखदान को शहीद नगरी के नाम से पहचान मिली।

क्या केवल श्रद्धांजलि तक सीमित रह गया सम्मान? : स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि केवल पुष्प अर्पित करने या भाषण देने से नहीं मिलेगी, बल्कि उनके संघर्ष से जुड़ी पहचान और संस्थाओं को बचाने से मिलेगी। उनका कहना है कि यदि ट्रेजरी जैसी ऐतिहासिक महत्व की संस्था भी छुईखदान से चली जाती है, तो यह केवल एक कार्यालय का स्थानांतरण नहीं बल्कि नगर की ऐतिहासिक और प्रशासनिक पहचान को कमजोर करने वाला कदम माना जाएगा।

हालांकि, ट्रेजरी से जुड़े कार्यों के खैरागढ़ में संचालित होने से लोगों के बीच भ्रम और असंतोष की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री की सार्वजनिक घोषणा के बाद भी व्यवस्था बदल गई है, तो सरकार और प्रशासन को पूरे मामले पर स्पष्ट स्थिति सामने रखनी चाहिए।

अब लोगों की मांग है कि मुख्यमंत्री के आश्वासन और वर्तमान स्थिति के बीच उत्पन्न विरोधाभास पर सरकार जवाब दे। साथ ही, शहीद नगरी छुईखदान के ऐतिहासिक महत्व, जनभावनाओं और 1953 के शहीदों के बलिदान का सम्मान करते हुए ट्रेजरी को पुनः छुईखदान में संचालित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए।

एसडीएम ने क्या कहा?

इस संबंध में एसडीएम अविनाश ठाकुर से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि अभी तक हमारे पास इस संबंध में ऊपर से कोई नया आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। सक्षम स्तर से जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उनके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राजिम और शोभा में ई-पेन से हस्ताक्षरित एफआईआर कॉपी प्रार्थी को सौंपी गई

■ **अब सीसीटीएनएस केस के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षर और ई-पेन हस्ताक्षर के माध्यम से प्रार्थी और विवेचन की होगी हस्ताक्षर**

गरियाबंद/नवप्रदेश। तकनीक के युग में छत्तीसगढ़ पुलिस को और अधिक आधुनिक, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में गरियाबंद पुलिस ने एक कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर के मार्गदर्शन में जिले के थाना राजिम एवं थाना शोभा में 'ई-पेन हस्ताक्षर' के माध्यम से प्रार्थियों को प्रथम सूचना रिपोर्ट (स्नढ्डक्र) की डिजिटल कॉपी प्रदान करने की शुरुआत की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब सीसीटीएनएस केस सॉफ्टवेयर के माध्यम से एफआई.आर. पर प्रार्थी (शिकायतकर्ता) और विवेचक (जांच अधिकारी) दोनों के हस्ताक्षर डिजिटल एवं ई-पेन के माध्यम से सीधे सिस्टम में दर्ज किए जाएंगे।

मैन्युअल हस्ताक्षर और कागजी देरी को समाप्त करते हुए सीधे डिजिटल पैड और ई-पेन की मदद से कंप्यूटर स्क्रीन पर ही हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं।

प्रार्थी को थाने में लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एफआई.आर. दर्ज होते ही उसकी प्रमाणित ई-हस्ताक्षरित प्रति तुरंत उपलब्ध करा दी जाएगी। सीसीटीएनएस पोर्टल पर डिजिटल साइन होने से केस डायरी और एफआई.आर. के रिकॉर्ड पूरी तरह सुरक्षित और छेड़छाड़ मुक्त रहेंगे। विवेचक और प्रार्थी के डिजिटल हस्ताक्षर होने से पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक का संदेश

गरियाबंद पुलिस आम जनता को त्वरित और पारदर्शी न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। थाना राजिम और थाना शोभा से शुरू की गई यह ई-पेन हस्ताक्षर व्यवस्था जल्द ही जिले के सभी थानों में अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी। स्मार्ट पुलिसिंग और डिजिटल इंडिया के विजन को धरातल पर उतारने की दिशा में यह प्रयास किया जा रहा है।

पीएम मोदी ने किया 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ

गरियाबंद में स्कूली बच्चों ने निकाली नशामुक्त रैली, पार्षद सुरेंद्र सोनटेके ने दिलाई शपथ

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय एवं माय भारत तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में आज, 2 अगस्त 2026 को देशव्यापी नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत गांधी मैदान गरियाबंद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर एक स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर और नशामुक्त भारत के नारे लगाते हुए रैली निकाली। रैली के माध्यम से युवाओं और आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गरियाबंद के पार्षद श्री सुरेन्द्र सोनटेके रहे। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और नागरिकों को जीवन में कभी भी नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की नशामुक्त शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर ही एक विकसित भारत का निर्माण संभव है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के पार्षद श्री संदीप सरकार और रेणुका साहू सहित ब्लॉक नोडल संजीव साहू उपस्थित थे।

नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के युवाओं से आह्वान किया कि वे नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए इस संकल्प अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ें। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश का युवा ही विकसित भारत की नींव है और युवाओं की ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय की सक्रिय भागीदारी इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण और संकल्प अभियान में शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गरियाबंद से 2500 राखियां सैनिक भाइयों के लिए भेजी जाएंगी

■ **रक्षा सूत्र अभियान में उमड़ा देशभक्ति का जज़्बा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा के ÷सिपाही रक्षा सूत्र÷ अभियान के तहत गरियाबंद जिले में सैनिक भाइयों के लिए रक्षा सूत्र (राखी) संकलन अभियान उत्साहपूर्वक चलाया जा रहा है। अभियान में छात्राओं, महिलाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। यह अभियान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिंदु सिन्हा एवं जिला प्रभारी सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला, सरस्वती शिशु मंदिर, श्रद्धा पब्लिक स्कूल, डाक बंगला माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला, रावणभाठा प्राथमिक शाला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गरियाबंद सहित विभिन्न विद्यालयों एवं महिला समितियों में रक्षा सूत्र संकलन किया गया। विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, गरियाबंद की छात्राओं ने अपने हाथों से 150 राखियां तैयार कर देश के सैनिक भाइयों के प्रति सम्मान और स्नेह का संदेश दिया। जिलेभर से अब तक करीब 2500 राखियों का संकलन किया जा चुका है, जिन्हें सैनिकों तक पहुंचाया जाएगा।

अभियान में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिंदु सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, जिला मंत्री माही यादव, गरियाबंद मंडल महामंत्री मंजरी गुप्ता तथा अनुसूचित जाति वर्ग की प्रतिनिधि प्रतिभा हुमने सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने विद्यालयों और महिला समितियों में पहुंचकर रक्षा सूत्र संकलित किए तथा लोगों को सैनिकों के सम्मान में इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

नशा मुक्त भारत के लिए युवाओं ने लिया संकल्प, पीएम का संदेश सुनकर किया जनजागरण का आह्वान

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में रविवार को नशा मुक्त युवा और विकसित भारत संकल्प÷ अभियान के तहत जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा संदेश प्रसारित किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने गंभीरता से सुना। इसके बाद सभी ने नशे के खिलाफ जनजागरण चलाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहेब ने कहा कि युवाओं की पहचान नशे से नहीं, बल्कि उनके कौशल, प्रतिभा और सकारात्मक सोच से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लगभग 100 दिनों तक चलने वाला व्यापक जन-जागरूकता अभियान है। भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है और यदि युवा अपनी ऊर्जा नवाचार, कौशल विकास तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में लगाएंगे तो विकसित भारत का सपना शीघ्र साकार होगा। उन्होंने संत गुरु घासीदास के नशामुक्ति संबंधी संदेश को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई को जनआंदोलन बनाना होगा। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि देशभर के करीब 10 हजार संस्थानों में युवा एक साथ नशामुक्ति का संकल्प ले रहे हैं।

मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर श्रृंखला साहित्य मंच ने आयोजित की काव्य गोष्ठी

पिथौरा/नवप्रदेश। स्थानीय राजमहल सभागार में मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर विगत 38 वर्षों से अपने साहित्यिक कार्यक्रमों के लिए सुपरिचित श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती एवं मुंशी प्रेमचंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्वागत भाषण में श्रृंखला के पूर्व अध्यक्ष अनूप दीक्षित ने मुंशी प्रेमचंद जी के जीवन परिचय के साथ उनके साहित्यिक अवदान पर विस्तृत उद्बोधन दिया। दीक्षित ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद जिन आदर्शों पर लिखा करते थे उन आदर्शों को अपने जीवन में भी उतारते थे।

इसके पश्चात कवि गोष्ठी में महासमुंद, बागबाहरा, बसना एवं श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा के रचनाकारों ने काव्य पाठ किया।

परमात्म वाणी चिंतामणी रत्न के समानः भव्य मुनि

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भगवान महावीर अपने शिष्य गौतम को कहते हैं - हे गौतम - ÷समयम गोयम न पमायम÷ अर्थात् तू एक पल का भी प्रमाद न कर। पुण्य कर्मों के उदय से अनंत योनि में भ्रमण करती हुई आत्मा को मानव जन्म मिला है। इस दुर्लभ जीवन में ही हम पुरुषार्थ कर मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। मानव जीवन ही मोक्ष जाने का स्टेशन है।

स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में प्रवचन के अंतर्गत पूज्य भव्य मुनि ने कही। आपने आगे कहा कि जब तक जीवन में धर्म नहीं होगा हमें सद्गुण प्राप्त नहीं होगा। परमात्मा की वाणी चिंतामणी रत्न के समान है। जो भी श्रद्धा भाव से श्रवण कर आचरण में उतारता है वह गुणों से मालामाल हो जाता है।

पेड़ की ओर इशारा करते हुए पूज्य ने कहा - पेड़ के कुछ पत्ते धीमे हैं तो कुछ पत्ते पीलापन लिए हुए हैं। कुछ ज्यादा पीले पड़ गए हैं। जो थोड़ी देर में पेड़ से गिर जाएंगे। ऐसा मानव जीवन हरे भरे पेड़ के समान है। बचपन, फिर जवानी और फिर बुढ़ापा और आत्मा आयुष्य कर्म प्राप्त कर यह शरीर को छोड़कर अन्य स्थान कर लेती है। संसार अनित्य है। हमारे पूर्वाचार्यों ने भी अपने जीवन काल में अनन्य पुण्यों का संचय किया जिन्हें आज भी श्रद्धा पूर्वक स्मरण किया जाता है।

भगवान के अभाव में हम गुरु भगवंतों एवं कल्याण मित्रों का सानिध्य प्राप्त कर आंतरिक गुणों का विकास कर सकते हैं। पूज्य ने कहा कि वर्तमान में हम अपना अधिकांश समय दूसरों की बुराइयों के अन्वेषण में खर्च कर देते हैं। जागकर पुण्य कमाने का अवसर सोकर गवां देते हैं। जीवन अनमोल है। इसका प्रत्येक क्षण सद्भाव, समभाव तथा सद्व्यवहार में जीने की मांग करता है। समय का पहिया निरंतर गतिमान है। समय रहते इसका सदुपयोग कर लेने में ही बुद्धिमानी है।

अब गांवों में संवाद से सुलझेंगे विवाद, दुर्ग बना 'वाद-मुक्त ग्रामीण भारत' अभियान का अग्रदूत

- वाद-मुक्त भारत की मजबूत नींव दुर्ग में तैयार, सामुदायिक मध्यस्थ गांव-गांव पहुंचाएंगे शांति का संदेश
- दुर्ग जिले में तैयार हुए 5 ग्रामों के कम्युनिटी मीडियेटर्स, गांवों में अदालत से पहले होगा संवाद

दुर्ग/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे विवाद अब अदालतों तक पहुंचने के बजाय आपसी संवाद और मध्यस्थता से सुलझाए जा सकेंगे। इसी उद्देश्य को साकार करने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पाँच दिवसीय सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की Community Mediation Towards a Litigation-Free Rural India एसओपी-2026 के तहत आयोजित यह प्रशिक्षण 25 से 29 जुलाई तक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग में संपन्न हुआ।

सर्वोच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य गांवों में संवाद आधारित विवाद

समाधान की संस्कृति विकसित कर न्यायालयों पर मुकदमों का बोझ कम करना और सामाजिक सौहार्द को सशक्त बनाना है।

प्रभावी संवाद के लिए विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के अध्यक्ष के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में जिले के पांच ग्राम-घुघसीडीह, ननकट्ठी, अरसनारा, निकुम और कुथरेल से चयनित कम्युनिटी मीडियेटर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मध्यस्थता के सिद्धांत, प्रभावी संवाद, सक्रिय श्रवण, विवाद विश्लेषण, व्यवहारिक मध्यस्थता तकनीक तथा नैतिक मूल्यों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत प्रशिक्षण दिया। समूह चर्चा, रोल प्ले और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में विवाद समाधान की तकनीकों से भी अवगत कराया गया।

सामाजिक समरसता का वातावरण मजबूत होगा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर ने बताया कि प्रशिक्षित कम्यूनिटी मीडियेटर्स अब अपने-अपने गांवों में पारिवारिक, सामाजिक और सामुदायिक विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे न केवल मुकदमों की संख्या में कमी आएगी, बल्कि गांवों में शांति, विश्वास और सामाजिक समरसता का वातावरण भी मजबूत होगा।

'वाद-मुक्त ग्रामीण भारत' के लक्ष्य का बनेगा मॉडल

कार्यक्रम संचालन में गठित समन्वय समिति, विभिन्न विभागों, विधि महाविद्यालयों, पैरालीगल वालंटियर्स, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग का उल्लेखनीय सहयोग रहा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल 'वाद-मुक्त ग्रामीण भारत' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक प्रभावी और अनुकरणीय मॉडल साबित होगी।

समाज में शांति और संवाद के नए दूतों की जिम्मेदारी

समापन समारोह में स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा लकड़ा तथा सचिव उमेश कुमार भागवतकर ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने पाँच दिवसीय सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम को केवल प्रशिक्षण की पूर्णता नहीं, बल्कि समाज में शांति और संवाद के नए दूतों की जिम्मेदारी का शुभारंभ बताया।

न्यूज गैलरी

कलश स्थापना समारोह श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। मालवीय रोड स्थित नवोदय तीर्थ श्री दिगंबर जैन आदिश्वर धाम में वर्षायोग के अंतर्गत आयोजित कलश स्थापना समारोह श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के अध्यक्ष केदार गुप्ता ने संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि 108 श्री आगम सागर जी महाराज एवं मुनि संघ के समक्ष श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने वर्षायोग के धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा मुनि संघ के मंगल प्रवचनों का श्रवण किया।

रायपुर जिला माहेश्वरी सभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला माहेश्वरी सभा का शपथ ग्रहण समारोह पंडरी स्थित CAIT कार्यालय में गरिमामय वातावरण में सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। सभा के अध्यक्ष श्री उमेश राठी, सचिव सूरज राठी एवं कोषाध्यक्ष दीपक बूब ने जानकारी दी कि समारोह में नवगठित कार्यकारिणी ने विधिवत शपथ ग्रहण कर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभा के चुनाव अधिकारी श्री सुशील जी लखोटिया का कार्यकारिणी द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति राठी उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में छत्तीसगढ़ माहेश्वरी सभा के प्रदेश मंत्री श्री गजेंद्र चांडक, कोषाध्यक्ष श्री अजय सारडा, संगठन मंत्री श्री जगदीश चांडक, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री संदीप राठी, महेश सभा के अध्यक्ष श्री पवन झंवर, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष श्री राजेश तापड़िया एवं संगठन मंत्री श्री निलेश मुंधड़ा शामिल रहे। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष सत्यनारायण काबरा, राजेश मुंदड़ा एवं सुनील मोदानी, संयुक्त मंत्री रवि राठी, विश्वनाथ राठी एवं श्री संजय हरनारायण मोहता तथा प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप बिहानी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अध्यक्ष उमेश राठी ने अपने कार्यकाल की प्रमुख घोषणाएँ करते हुए विभिन्न प्रकोष्ठों एवं दायित्वों की घोषणा की। संरक्षकः जगदीश झंवर, प्रकाश महेश्वरी, अजय सारडा, सलाहकारः डॉ. सतीश राठी, महेश बिरला, जीवनलाल लड्ढा, प्रफुल्ल बूब, सुशील लाहोटी, नवरत्न महेश्वरी, सांस्कृतिक प्रभारीः कमल लाहोटी, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारीः डॉ. शरद चांड, बधाई संदेश प्रभारीः मीतेश तापड़िया, विवाह प्रकोष्ठ प्रभारीः दीपक डागा, राधेश्याम मुंदड़ा, प्रकाश भट्टर, प्रसन्ना गट्टानी, व्यापार प्रकोष्ठ प्रभारीः राजीव मुंदड़ा, योगेश सोमानी, जितेंद्र लाहोटी, खेल प्रभारीः राजू सोमानी

माहेश्वरी सभा के सचिव आलोक बागड़ी, माहेश्वरी समाज के सचिव गोविंद लाल राठी एवं महेश सभा के सचिव रमेश झंवर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

बेमेतरा पुलिस की सघन पैदल गश्त अड्डेबाजों और संदिग्धों पर कड़ी नजर

बेमेतरा/नवप्रदेश। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा जिले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बेमेतरा पुलिस द्वारा जिले में सतत विजिबल पुलिसिंग को प्रभावी बनाने संवेदनशील क्षेत्रों, अड्डेबाजी स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगातार पैदल गश्त, पेट्रोलिंग और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में* थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा के थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुरज प्रकाश जांगडे, प्रधान आरक्षक अनंत कोठारी, भुषण ठाकुर, आरक्षक महेश जांगडे संजय मिरे, पुना सिंह सहित पेट्रोलिंग टीम एवं अन्य पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र में पैदल गश्त एवं सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान* शहर के चौपाटी सहित भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सार्वजनिक स्थलों, होटल, ढाबों तथा सुनसान क्षेत्रों में विशेष चेकिंग की गई। इस दौरान अड्डेबाजी करने वालों, नशा करने वालों, गुटबाजी में शामिल व्यक्तियों एवं संदिग्ध लोगों की गहन जांच की गई। साथ ही संदिग्ध वाहनों की डिक्की की तलाशी लेकर रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई।बेमेतरा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि* सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने, शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा पार्क, मैदान, चौक-चौराहों एवं चार पहिया वाहनों के भीतर बैठकर शराब पीने वालों के विरुद्ध लगातार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

'हमर पुलिस-हमर गांव' अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

बेमेतरा/नवप्रदेश। सामुदायिक पुलिसिंग के लिए ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ एवं ÷हमर पुलिस हमर गांव÷ अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों, में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी परपोडी निरीक्षक अजय सोनकर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सतवन सिंह एवं अन्य स्टाफ द्वारा ग्राम बगडुमार में ग्रामवासियों को नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें।

भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की प्रथम पालकी यात्रा आज

- आज निकलेगी भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की प्रथम सावन सोमवार पालकी यात्रा
- शिवभक्ति, भजन-कीर्तन और पारंपरिक प्रस्तुतियों से शिवमय होगा शहर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सावन माह के प्रथम सोमवार पर आज भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। महाकाल सेना भक्त मण्डल के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने बड़ी संख्या में भक्तों से पालकी यात्रा में शामिल होकर भगवान चंद्रमौलेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

महाकाल सेना के अनुसार पालकी यात्रा आज दोपहर 1 बजे नंदई हॉट बाजार से प्रारंभ होगी। यात्रा इंदिरा नगर चौक, बासपाई पारा, दुर्गा

चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन एवं गोल बाजार से होते सत्यनारायण मंदिर से महालक्ष्मी मंदिर, हमाल पारा पहुंचेगी, जहां यात्रा का विश्राम होगा।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भगवान महाकाल की आरती, पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया जाएगा। भजन-कीर्तन, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और भगवान शिव के जयघोष से पूरा मार्ग शिवमय वातावरण में सराबोर रहेगा।

महाकाल पालकी यात्रा के प्रमुख पवन डागा ने बताया कि धार्मिक मर्यादा और अनुशासन को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी यात्रा में डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी गई है तथा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला गेड़ी नृत्य यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया कि पालकी यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं से सनातन परंपराओं के अनुरूप वेशभूषा धारण करने का आग्रह किया गया है। यात्रा के दौरान सेवा कार्यों के तहत विभिन्न स्थानों पर जलपान, शीतल पेय, प्रसाद वितरण एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई है।

आयोजकों ने बताया कि उज्जैन महाकाल की तर्ज पर निकाली जाने वाली यह पालकी यात्रा अब संस्कारधानी राजनांदगांव की पहचान बन चुकी है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली इस यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने सभी शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

भोरमदेव मंदिर के लिए बूढ़ा महादेव मंदिर से 18 किलोमीटर की पदयात्रा होगी प्रारंभ

कवर्धा/नवप्रदेश। ऐतिहासिक जनआस्था के प्रतीक भोरमदेव मंदिर में कांवरियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पदयात्रा कर भगवान शिव में जलाभिषेक करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। कबीरधाम जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष सावन मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को भव्य भोरमदेव पदयात्रा होने जा रही है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक और व्यापरिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों को इस भोरमदेव पदयात्रा में शामिल होने के लिए न्यौता दिया है। इसके अलावा पूर्व में कबीरधाम जिले में सेवाएं दे चुके वर्तमान में राज्य शासन के वरिष्ठ अफसरों को भी जिला प्रशासन द्वारा इस पद यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर के लिए सोमवार 3 अगस्त को सुबह 7 बजे बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक 18 किलोमीटर की पदयात्रा

प्रारंभ होगी। सालों से चली आ रही यह पदयात्रा प्रशासनिक तौर पर आमजनों के सहयोग से कवर्धा के बुढ़ामहादेव मंदिर से 2008 से अनवरत जारी है। श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के जन स्वास्थ्य सुविधा एवं विश्राम के लिए अन्य व्यवस्था भी जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा इस पदयात्रा और पदयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों के लिए स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाएं की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

भोरमदेव पदयात्रा में सभी श्रद्धा भाव से शामिल होकर बनाएं इसे ऐतिहासिक : अध्यक्ष ईश्वरी साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू की अध्यक्षता में सावन के प्रथम सोमवार 03 अगस्त को पद यात्रा हेतु सभी श्रद्धालूओं के लिए जरूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संसाधन विभाग एवं जिला पंचायत विकास योजना 2026-27 के संबंध में जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री कैलाश चन्द्रवंशी भी उपस्थित रहें। चर्चा के दौरान अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि 03 अगस्त को प्रातः 07 बजें से बुढ़ामहादेव मंदिर के दर्शन उपरान्त बड़ी संख्या में श्रद्धालु विश्व प्रसिद्ध बाबा भोरमदेव मंदिर दर्शन हेतु पद यात्रा के लिए रवाना होंगे। इस दौरान पूरे रास्ते में सभी श्रद्धालुओं के लिए आवश्यकता अनुसार चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, स्वल्पाहार, स्वच्छता सहित सभी जरूरी विषयों के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि सभी अपने परिवारजनों के साथ पद यात्रा में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाते हुए बाबा भोरमदेव के दर्शन का लाभ उठाए। महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से टिकाकरण, स्वास्थ्य जांच संदर्भ सेवाएं, पूरक पोषण आहार, स्वास्थ्य पोषण एवं शाला पूर्व शिक्षा की सुविधा आम जनता को प्राप्त हो रही है। एकीकृत बाल विकास योजना, समेकित बाल विकास योजना में पूरक पोषण आहार, जिले में कुपोषण के विरूद्ध किये जा रहें प्रयासों की जानकारी, आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, सखी वन स्टॉप सेन्टर, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित मिशन वात्सल्य की पूरी जानकारी सदन को दी गई।

बोल बम के जयकारों के बीच शिवभक्ति का अद्भुत संगम

कवर्धा/नवप्रदेश। पवित्र श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा का अनुपम दृश्य अमरकंटक से भोरमदेव धाम तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा में देखने को मिल रहा है। बोलबम और हर-हर महादेव के जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा है। हजारों शिवभक्त कठिन पदयात्रा कर पवित्र जल लेकर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सेवा को प्राथमिकता देते हुए उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा की पहल पर अमरकंटक स्थित मृत्यंजय आश्रम में कांवड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन प्रसादी, विश्राम एवं आवश्यक सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंच रहे शिवभक्तों का आत्मीय स्वागत किया जा रहा है, जिससे उनकी यात्रा अधिक सुगम, सुरक्षित और सुखद बन रही है। अब तक कबीरधाम जिले की 09 बोलबम समितियों सहित लगभग 1500 श्रद्धालुओं ने मृत्यंजय आश्रम में निःशुल्क भोजन प्रसादी ग्रहण कर इस सेवा का लाभ लिया है। भोजन के साथ-साथ यात्रियों के विश्राम की समुचित व्यवस्था भी की गई है, ताकि लंबी पदयात्रा के दौरान उन्हें आवश्यक राहत मिल सके।

ASEZ WAO के युवाओं ने कनाल रोड पर 'Green Earth' परियोजना के तहत सफाई अभियान चलाया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर के प्रमुख यातायात केंद्रों में से एक आनंद नगर चौक का वातावरण और अधिक स्वच्छ एवं सुखद बन गया। 2 अगस्त को चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी के युवा वयस्क कर्मचारी स्वयंसेवा दल ASEZ WAO ने 'Green Earth' परियोजना के तहत सफाई अभियान चलाकर स्थानीय समुदाय के पर्यावरण को बेहतर बनाने में योगदान दिया।

लगभग 117 स्वयंसेवकों ने आनंद नगर चौक से जुड़े केनाल रोड के 1 किलोमीटर मार्ग पर डिस्पोजेबल प्लास्टिक कप, स्ट्रॉ, प्लास्टिक की थैलियां तथा अन्य

घरेलू कचरे सहित कुल 46 बोरे यानि 368 किलोग्राम कचरा एकत्र किया। रायपुर के पूर्वी और मध्य भाग को जोड़ने वाले इस मार्ग पर वाहनों और लोगों की आवाजाही अत्यधिक रहती है। सड़क के विभिन्न स्थानों पर बिखरे कचरे को सावधानीपूर्वक साफ करते हुए युवाओं को देखकर स्थानीय नागरिकों ने मुस्कुराकर उनका अभिवादन किया और सेवा कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती संजना हियाल जी का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उनके सहयोग से स्वच्छता अभियान का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया।

बिगाड़ की चिंता से परे ईमान की बात कहेंगे और अब जरा जोर से कहेंगे...

- कथा और उपन्यास सम्राट प्रेमचंद को याद किया रायपुर जन संस्कृति मंच ने

रायपुर/नवप्रदेश। यह जानते हुए भी कि आततायी सत्ता जन-जीवन को तहस-नहस कर सकती है तब भी हर युग में सच बोलने वाले लोग पैदा हो ही जाते हैं। कथा सम्राट प्रेमचंद की कहानी पंच परमेश्वर में एक जगह जुम्मन शेख की मौसी (खाला) अलगू चौधरी से कहती हैं-क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात नहीं कहोगे ? आखिरकार मित्रता और संबंधों से परे अलगू न्याय का साथ देता है।

इधर देश में एक तानाशाह के चलते कुछ समय तक यह जरूर लगने लगा था कि अब कभी कोई कुछ नहीं बोल पाएगा. कोई सच और न्याय के लिए लड़ नहीं पाएगा तब जेन-जी ने हमें यह बताया है कि वे अन्याय और अत्याचार के ख़िलाफ़ आवाज़ बुलंद

करना जानते हैं। यह पीढ़ी बिगाड़ की चिंता से परे...बिना भय के ईमान की बात कहने का माद्दा रखती है। जेन-जी के विरोध-प्रदर्शन और बात कहने के तौर-तरीकों पर परम्परागत और थोपी गई राय अलग-थलग हो सकती हैं, लेकिन जेन-जी ने यह तो साबित कर दिया है कि उनके लिए तानाशाह एक कागज के पुर्जे से ज्यादा कुछ नहीं है और वे तानाशाह की ज्यादतियों के आगे झुकने वाले नहीं हैं।

किसान नेता योगेश के नेतृत्व में खारुन नदी संरक्षण के लिए चलाया स्वच्छता अभियान

- खारुन नदी से निकाला गया लगभग चार क्विंटल प्लास्टिक कचरा

बेमेतरा/नवप्रदेश। योगेश तिवारी के भाजपा किसान नेता बेमेतरा एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी नेतृत्व में खारुण नदी के संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खारुण नदी एवं उसके आसपास फैले लगभग चार क्विंटल प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया गया। इसमें प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन, प्लास्टिक रैपर, डिस्पोजेबल सामग्री एवं अन्य गैर-जैविक अपशिष्ट शामिल थे। एकत्रित प्लास्टिक कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण एवं पुनर्चक्रण के लिए वेस्ट सिटी भेजा गया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि लगातार हो रही बारिश के कारण खारुण नदी पूरी तरह जल से भर गई है, लेकिन यह अत्यंत चिंताजनक है कि आसपास के गांवों का सीवरेज का गंदा पानी सीधे खारुण नदी में छोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के

बावजूद सीवरेज का पानी नदी में जाना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन टनों के हिसाब से प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट खारुण नदी में बहकर पहुँच रहे हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप लगातार नष्ट हो रहा है। बरसात के बाद कई स्थानों पर खारुण नदी का स्वरूप नदी के बजाय नाले जैसा दिखाई देने लगता है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में यह जीवनदायिनी नदी अपना अस्तित्व खो देगी। योगेश तिवारी ने कहा कि खारुण नदी केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी जीवनदायिनी धरोहर है। इसी नदी के जल से अनेक शहरों में पेयजल की आपूर्ति होती है तथा हजारों किसान सिंचाई के लिए इसी पर निर्भर हैं। इसलिए खारुण नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि खारुण नदी को बचाने के लिए जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जाएगा। साथ ही उनके नेतृत्व में जल्द ही छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण मंत्री माननीय ओ.पी. चौधरी को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें खारुण नदी में गिर रहे सीवरेज के पानी को रोकने, प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा नदी संरक्षण के लिए ठोस एवं स्थायी कार्ययोजना लागू करने की मांग की जाएगी। अभियान के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि खारुण नदी को स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस जीवनदायिनी नदी को सुरक्षित रखा जा सके।

मुख्य सड़कें और संकरी गलियां बनीं पार्किंग स्थल, हर दिन यातायात जाम

मुंगेल/नवप्रदेश।-बढ़ती वाहनों की संख्या और उचित पार्किंग व्यवस्था के अभाव में शहर की मुख्य सड़कें और संकरी गलियाँ इन दिनों पार्किंग स्थल में तब्दील हो गई हैं।

सड़कों के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए चार पहिया वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि सड़कें पार्किंग स्थल बन गई है, वहीं अन्य देशों में चार पहिया वाहन की पार्किंग व्यवस्था न होने पर वाहन खरीदी पूरी तरह निषेध है वहीं भारत जैसे विकास शील देश में ऐसे कोई नियम नहीं है, जिससे लोग वाहन व करों की राशि का भुगतान कर आसानी से वाहन अपने घर ले आते हैं चाहे वाहन सडक पर ही क्यों न पार्क करनी पडे।

शहर के मुख्य व्यापारिक केंद्रों, बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में स्थिति सबसे अधिक गंभीर है। लोग अपने चार पहिया वाहनों को कहीं भी खड़ा कर देते हैं, जिससे पहले से ही व्यस्त सड़कें और भी संकरी हो जाती हैं। स्थिति यह है कि प्रमुख मार्गों पर जाम लगना एक दैनिक समस्या बन गई है। सिर्फ मुख्य सड़कें ही नहीं, बल्कि अब आवासीय कालोनियों की गलियों में भी यही हाल है।

सड़कों के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारों के कारण एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं का गुजरना भी दूभर हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि

वाहन मालिकों की इस लापरवाही के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। सड़कों के किनारे वाहनों की लंबी लाइनों के कारण आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिम्मेदार विभाग इस ओर से आंखें मूंदे हुए है, एक स्थानीय दुकानदार ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा। नगर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होना इस समस्या की जड़ है। शहर के विकास के साथ वाहनों की संख्या में तो इजाफा हुआ, लेकिन उसके अनुपात में पार्किंग जोन विकसित नहीं किए गए। इसका खामियाजा सड़क पर चलने वाले राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। यातायात नियमों के अनुसार, नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करना दंडनीय अपराध है, लेकिन सख्ती के अभाव में ये नियम केवल कागजों तक ही सीमित हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य बाजारों में नो-पार्किंग जोन को सख्ती से लागू किया जाए, खाली पड़ी सरकारी जमीनों को अस्थाई पार्किंग के रूप में विकसित किया जाए, गलत तरीके से वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ चालान की कार्यवाही हो।

न्यूज गैलरी

महानदी के रौद्र रूप के बीच भी नहीं रुकी गंगा आरती

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। धर्म एवं अध्यात्म की पावन नगरी शिवरीनारायण धाम में लगातार हो रही बारिश के कारण महानदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी के रौद्र रूप और तेज बहाव के बावजूद मां गंगा की संध्या आरती पूरे विधि-विधान, श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। प्रशासन की सतर्कता के बीच भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था देखने को मिली।आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने मां गंगा से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, सुरक्षा एवं जनकल्याण की कामना की। दीपों की मनमोहक आभा और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा घाट भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। महानदी के उफनते स्वरूप के बीच संपन्न हुई मां गंगा की आरती ने यह संदेश दिया कि विपरीत परिस्थितियों में भी श्रद्धा और विश्वास कभी कम नहीं होते। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। साथ ही लोगों से नदी के तेज बहाव से सुरक्षित दूरी बनाए रखने एवं सावधानी बरतने की अपील की गई। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि वर्षों से चली आ रही मां गंगा की संध्या आरती की परंपरा हर परिस्थिति में निरंतर जारी रहती है और यह शिवरीनारायण की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

फोन पे भुगतान विवाद में युवक पर रॉड से हमला, आरोपी को 5 साल की सजा

मुंगेली/नवप्रदेश। आरोपी राहुल राय पिता समेलाल उम्र 23 वर्ष निवासी मदकू को न्यायालय सत्र न्यायाधीश मुंगेली गिरिजा देवी मरावी ने धारा 307 भारतीय दंड विधान के आरोप में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 के अर्थ दंड से दिनांक 31 जुलाई को दंडित किया है। अभियुक्त के ऊपर यह आरोप था कि दिनांक 16 फरवरी 2024 को ग्राम मदकू द्वीप में में प्रार्थी चंद्र प्रकाश साहू को दुकान से सामान खरीदने का पैसा फोन पे के माध्यम से नहीं देने की बात को लेकर लोहे की राड से प्रार्थी के सिर में मार दिया था जिससे उसका सिर फटकर खून निकलने लगा, इस दौरान प्रार्थी के दोस्तों के द्वारा उसका बीचबचाव कर प्रार्थी को सीएससी सरगांव ईलाज हेतु भर्ती कराया गया था इलाज के दौरान प्रार्थी चंद्रप्रकाश साहू के सिर के फ्रंटोपरेटल भाग पर चोटें चिकित्सकीय साक्ष्य से संपुष्ट हुआ, अभियोजन द्वारा प्रकरण में गवाहों को परीक्षित कराया गया अभियोजन साथियों के गवाहों एवं उपलब्ध चिकित्सीय परीक्षण तथा दस्त भेजो के आधार पर अपराध को प्रमाणित मानते हुए राहुल राय को दो सिद्धि की गइ।

छत्तीसगढ़ अग्रवाल संगठन का राज्य सम्मेलन 19-20 सितंबर को

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का द्वि-दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम अग्र अलंकरण समारोह-2026 आगामी 19 एवं 20 सितंबर को अंबिकापुर में आयोजित होगा। अग्रवाल सभा अंबिकापुर एवं सरगुजा संभागीय अग्रवाल महासभा के संयुक्त आतिथ्य में होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर से 300 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें विभिन्न अग्रवाल सभाओं के अध्यक्ष, महामंत्री, जिला एवं तहसील इकाइयों के पदाधिकारी, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि तथा समाज के वरिष्ठजन शामिल होंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

छात्राओं को नि :शुल्क साइकिल बांटी

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया ये साइकिल उन छात्राओं को किया गया, जो दूर दराज से पैदल चलकर अपने भविष्य संवारने के लिए विद्यालय पहुंचती हैं सरस्वती साइकिल योजना उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर हैं और पढ़ना चाहती हैं मगर आने-जाने की सुविधा न होने के कारण छात्राएं पढ़ाई नहीं कर पाती. इस योजना के तहत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया. इससे अब छात्राएं भी स्कूल पहुंचकर शिक्षा ग्रहण कर पाएंगीकार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा दीपक कश्यप ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया जा रहा है. सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से आवागमन सुविधा के अभाव में शिक्षा से वंचित रह जाने वाली छात्राएं लाभान्वित हो रही है और नगर के आसपास क्षेत्रों की बालिकाएं भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को संवार रही हैं.एस एम डीसी के अध्यक्ष विमल मनहर ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए आगे पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर प्राचार्य पी एल कौशिक पार्षद इंदु मनहर सीएमडीसी के सदस्य घनश्याम, लक्ष्मी प्रसाद, मनीष राजजी ,स्कूल के व्याख्यातागण एम एस राज टी एम खान एस के कश्यप सी पी साहू किरण तिर्की के के अग्रवाल निरुपमा पाईक एवं संस्था के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्टर की पहल रंग लाई, नेवासपुर विद्यालय में जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त

विद्यालय के निरीक्षण पर बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त मिली, मरम्मत करने दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देश पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवासपुर में जलभराव एवं कीचड़ की समस्या के समाधान के लिए जिला पंचायत एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक ने विद्यालय पहुंचकर समस्या का जायजा लिया और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराई।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में जलभराव एवं मुख्य प्रवेश द्वार पर फैली कीचड़ की स्थिति को गंभीरता से लिया गया। इस संबंध में ग्राम पंचायत नेवासपुर के सरपंच, सचिव, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक तथा शिक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों के निर्देश पर पंचायत के सहयोग से तत्काल जेसीबी मशीन मंगाकर

पूर्व में खोदी गई नाली को पटवाया गया, जिससे पानी के निकास की व्यवस्था सुचारु हो सके। वहीं विद्यालय के मुख्य गेट पर जमा कीचड़ एवं पानी को हटाकर बारीक गिट्टी एवं मुरूम डालकर समतलीकरण कराया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विद्यालय आने-जाने में होने वाली परेशानी दूर हो गई। संयुक्त निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला तथा पूर्व माध्यमिक शाला का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय भवन, कक्षाओं एवं पूरे परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि विद्यालय का वातावरण स्वच्छ, सुरक्षित एवं आकर्षक होना चाहिए ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि विद्यालय की बाउंड्री वॉल कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर उच्च कार्यालय भेजने के निर्देश दिए, ताकि बाउंड्री वॉल का निर्माण कर विद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं मध्याह्न भोजन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए किचन शेड निर्माण हेतु मांग पत्र तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश भी अधिकारियों द्वारा दिए गए।

जलभराव से मिली राहत रास्ता हुआ आसान

जलभराव और कीचड़ की समस्या का तत्काल समाधान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. डाहिरे के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक ने विद्यालय का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्राम पंचायत के सहयोग से जेसीबी मशीन लगवाकर पूर्व में खोदी गई नाली को भरवाया, जिससे पानी की निकासी सुचारु हुई।

एटीआर के गांवों में मलेरिया का प्रकोप, उपचार प्रारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के अंतर्गत अचानकमार टाइगर रिजर्व (एटीआर) क्षेत्र के गांवों में मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर नियंत्रण एवं उपचार अभियान शुरू कर दिया है। मलेरिया की रोकथाम, समय पर उपचार और प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की संयुक्त टीमें प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं।

एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गोकुल रावटे तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तिलईडबरा, बहाउड़, सारसडोल, जमुनाही, अतरियाखार एवं राजक गांवों का निरीक्षण कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं, सर्वे कार्य एवं उपचार व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी मलेरिया पीड़ित मरीजों को राहत एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, कुछ मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कर आवश्यकतानुसार उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों की स्वास्थ्य जांच तथा उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिल सके। प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य प्रबंधन एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य टीमों एवं मितानिनों के माध्यम से घर-घर पहुंचकर बुखार से पीड़ित लोगों की पहचान की जा रही है तथा संदिग्ध मरीजों की तत्काल जांच की जा रही है।

अंजली मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा देश की राजधानी नई दिल्ली में 26 जुलाई को राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। हिन्दी को राष्ट्रभाषा की मान्यता हेतु सतत् प्रयासरत पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ, वृन्दावन धाम, मथुरा द्वारा नई दिल्ली के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वत जनों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर ष्विद्या वाचस्पति एवं विद्या वारिधि

सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुंगेली कोलेगांव निवासी केदार शर्मा की सुपुत्री अंजली शर्मा को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान ,और अतुलनीय कार्य तथा विद्यापीठ के अधिकारियों के अनुशंसा पर विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान जो मानद उपाधि पीएचडी समतुल्य से सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार के मुख्य आतिथ्य, विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इंदुभूषण मिश्र देवेन्दु की अध्यक्षता, डॉ हरिभाई आर्यन एवं डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

सावन का पहला सोमवार आज,मंदिरों में भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। हिंदू धर्म के पावन महीना सावन की शुरूआत 30 जुलाई से हो गया है, सावन का पहला सोमवार आज 03 जुलाई को है। मंदिरों में इन दिनों बोल बम के जयकारे गूंज रहे है, शिवालयों मे सावन उत्सव मनाया जा रहा है, मंदिरों मे विशेष सजावट की गयी है, मंदिर में 66वां वर्ष सावन झूला उत्सव का भी आयोजन किया गया हैं। शिव आराधना का पवित्र मास भक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता है। सावन सोमवार को भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार किया जाता है। इस बार सावन में 4 सोमवार पड़ेंगे। अलग-अलग सोमवार को फूलों,

बेल पत्तों, केला पत्तों से शंकर भगवान का मनमोहक श्रृंगार किया जाता है।

इसके दर्शन करने मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। शिव आराधना का महीना शुरू होने के पूर्व शिवालयों में पूजा-अर्चना की तैयारी जोर-शोर से चली। मंदिर को साफ-सफाई व रंग रोगन कर विशेष रूप से सजाया गया है। शहर के मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर में सावन झूला उत्सव के साथ सावन सोमवार के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही, मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए टेंट लगाया गया हैं। खर्राघाट स्थित, महामाया मंदिर, शंकर मंदिर सोनारपारा स्थित शंकर मंदिर समेत अन्य शिवालयों में श्रद्धालु भक्तों को ध्यान में रखकर तैयारियां की गई है।

लक्ष्मणेश्वर धाम में पुलिस अधीक्षक ने सहायता केंद्र का शुभारंभ किया

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। खरौद धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी खरौद की लंबे समय से चली आ रही पुलिस चौकी की मांग आखिरकार पूरी हो गई। शिवरीनारायण थाना अंतर्गत लक्ष्मणेश्वर धाम (गुप्त तीर्थ काशी) परिसर में नवीन पुलिस सहायता केंद्र (आउट पोस्ट) का शुभारंभ किया गया। इससे नगरवासियों के साथ-साथ प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने फीता काटकर पुलिस सहायता केंद्र का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय ने कहा कि पुलिस सहायता केंद्र शुरू होने से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी।

मित्रता दिवस पर फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए

मुंगेली/नवप्रदेश। मित्रता दिवस के अवसर पर 'स्टार्स ऑफटुमॉरो वेलफेयर सोसायटी' ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के दसवें वर्ष के पांचवें चरण को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस दौरान संस्था द्वारा पुलिस लाईन रोड में नीम, कदम, जामुन, कटहल, गुलमोहर जैसे फलदार एवं छायादार 40 पौधों का रोपण कर उन्हें फ्रेंडशिप बेल्ट बाँधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया।

इस पहल के माध्यम से संस्था ने संदेश दिया कि सच्ची मित्रता केवल इंसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि वृक्ष भी हमारे सबसे निस्वार्थ और सच्चे मित्र हैं, जो बिना किसी अपेक्षा के हमें प्राणवायु, छाया, फल और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करते हैं। इस अवसर पर संस्था के संयोजक रामपाल सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल हमें प्राणवायु ही नहीं देते, बल्कि सम्पूर्ण जीवन चक्र को संतुलित बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वर्षा, जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन, मिट्टी के कटाव की रोकथाम तथा जैव विविधता के संरक्षण का आधार वृक्ष ही हैं। आज मित्रता दिवस पर यदि हम प्रकृति से सच्ची मित्रता का संकल्प लेते हुए एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का दायित्व निभाएं, तो यही इस दिवस का सबसे सार्थक संदेश होगा। संस्था के वरिष्ठ सदस्य गिरीश सुथार एवं कोमल चौबे ने भावुक अपील करते हुए कहा कि अब समय केवल प्रकृति से लेने का नहीं, बल्कि उसे लौटाने का है। प्रकृति ने हमें शुद्ध वायु, जल, अन्न और जीवन प्रदान किया है, इसलिए हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम उसके संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

पेज 1 का शेष...

नए आपराधिक कानूनों ने ...

तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किए गए हैं। इन कानूनों की मूल भावना नागरिक-केंद्रित न्याय व्यवस्था की स्थापना है, जिसमें पीड़ित को शीघ्र न्याय मिले और अपराधी कानून के शिकंजे से बच न सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने कानून ऐसे समय में बने थे, जब डिजिटल तकनीक, सीसीटीवी, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और आधुनिक फॉरेंसिक विज्ञान का अस्तित्व नहीं था। आज अपराधों की प्रकृति बदल चुकी है और तकनीक न्याय व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन गई है। नए कानूनों ने डिजिटल साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैट, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तथा वैज्ञानिक फॉरेंसिक जांच को विधिक मान्यता देकर अपराध अनुसंधान और अभियोजन को नई मजबूती प्रदान की है।

ई-समन से सूचना तत्काल व्यक्ति तक पहुंच रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की शाखा प्रारंभ होने से अपराध अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया को नई दिशा मिलेगी। ई-साक्ष्य जैसी व्यवस्था इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के सुरक्षित संरक्षण और उनकी प्रामाणिकता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के उपयोग से न्याय प्रक्रिया पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज और प्रभावी हुई है। पहले समन की तामील में कई दिन लग जाते थे, जबकि अब ई-समन के माध्यम से सूचना तत्काल संबंधित व्यक्ति तक पहुंच रही है और उसकी डिजिटल ट्रैकिंग भी संभव हो गई है। न्याय श्रुति जैसी व्यवस्था न्यायालयीन कार्यवाही के सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने के साथ-साथ ऑनलाइन एवं हाइब्रिड सुनवाई को भी अधिक सक्षम बना रही है।

पाकिस्तान में आत्मघाती हमला...

को सैदू शरीफ टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हाल के महीनों में स्वात और पूरे खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी घटनाएं बढ़ी हैं। कुछ दिन पहले हंगू जिले में पुलिस चौकी पर हुए हमले में 9 पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी।

डांगी का मामला हाईकोर्ट...

संपत्तियों की जांच करने और आरोपी आईपीएस अधिकारी को निलंबित व बर्खास्त करने की मांग की है।

जूनियर अफसर की नियुक्ति पर सवाल : तत्कालीन डीआईजी मिलना कुर्रे की जांच भूमिका पर भी आपत्ति जताते हुए कहा गया कि वे आईपीएस डांगी से एक रैंक नीचे (जूनियर) थीं, इसलिए उन्हें जांच का अधिकार नहीं होना चाहिए था।

निलंबन न किए जाने पर प्रशासनिक सवाल :गंभीर आरोपों के बावजूद राज्य सरकार द्वारा आईपीएस रतनलाल डांगी को सेवा से निलंबित नहीं किए जाने पर भी न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की गई है।

अवैध संपत्तियों की जांच और बर्खास्तगी की मांग

याचिका में मांग की गई है कि आईपीएस डांगी की छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कथित रूप से बनाई गई अचल संपत्तियों की गहन जांच कराई जाए और आरोप सिद्ध होने पर उन्हें तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाए।

बारिश से जर्जर-पुल दो...

अगले 2 दिनों में प्रदेश के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं एक-दो जगहों पर तेज बारिश के साथ गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है।

भारत का 'गोल्डन पंच', एक...

38 सिल्वर और 50 ब्रॉन्ज समेत कुल 149 मेडल हैं। इंग्लैंड 25 गोल्ड, 40 सिल्वर और 34 ब्रॉन्ज के साथ कुल 99 मेडल लेकर दूसरे स्थान पर है, जबकि कनाडा 18 गोल्ड समेत कुल 57 मेडल के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है।

स्कॉटलैंड पांचवें स्थान पर खिसका: भारत की शानदार छलांग का असर मेजबान स्कॉटलैंड की रैंकिंग पर भी पड़ा है। 12 गोल्ड, 8 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज समेत कुल 37 मेडल के साथ स्कॉटलैंड पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। नाइजीरिया 10 गोल्ड समेत कुल 21 मेडल के साथ छठे, वेल्स 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज समेत 30 मेडल के साथ सातवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड 8 गोल्ड के साथ कुल 27 मेडल लेकर आठवें स्थान पर मौजूद है।

शॉट पुट में भी दो मेडल : शॉट पुट में भी भारत को दो पदक मिले। सोमन राणा ने गोल्ड मेडल जीतकर भारत की पदक तालिका में एक और स्वर्ण जोड़ा, जबकि शुभम जुयाल ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस तरह 10वें दिन बॉक्सिंग के अलावा एथलेटिक्स में भी भारत का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा।

भारत की मेडल टैली में बड़ी छलांग

10वें दिन 16 मेडल जीतने के बाद भारत ने प्रतियोगिता में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज के साथ भारत के कुल 39 मेडल हो गए हैं। भारतीय खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने प्रतियोगिता के अंतिम चरण में देश की पदक उम्मीदों को और मजबूत कर दिया है।

हरिद्वार में योग शिक्षक प्रशिक्षण पूरा कर लौटीं जगदलपुर की 23 योग साधिकाएं

- **सेवा और स्वदेशी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प**

जगदलपुर/नवप्रदेश। महिला पतंजलि योग समिति, बस्तर (जगदलपुर) की 23 साधिकाओं ने पतंजलि योगपीठ,हरिद्वार में आयोजित पांच दिवसीय मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में सफ्लतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को योगाभ्यास,प्राणायाम,आयुर्वेद,स्वदेशी दर्शन,यज्ञ-अनुष्ठान,आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं संगठन विस्तार सहित विभिन्न विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में पूज्य स्वामी जी महाराज, आचार्य जी एवं मुख्य केंद्रीय प्रभारी साध्वी दीदी मां के सान्निध्य में साधिकाओं ने योग और सेवा के मूल्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटीं सभी साधिकाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित योग कक्षाओं का विस्तार करने,अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने,योग शिविर आयोजित करने, आजीवन सदस्यता अभियान को गति देने तथा पतंजलि के सेवा,संस्कार और स्वदेशी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मान कोर्राम के नेतृत्व में मिला प्रशिक्षण

प्रशिक्षण दल का नेतृत्व महिला पतंजलि योग समिति, छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी सदस्य मान कोर्राम ने किया। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभा तिवारी, शकून साहू, रमुला मांडवी, सावित्री पांडे, माधुरी मित्रा, शुक्ला दास, हेमा शर्मा, गायत्री बड़कस, रेखा परमार, भारती साहू, नीलम शांडिल्य, लिलिमा साहा, पॉली साहा, लक्ष्मी मंडल, मीना नेताम, मुन्नी सिंह, बबीता पांडे, संगीता जैन, राधा ठाकुर, गीता नेगी, रेखा ध्रुव एवं मीनाक्षी गांधी सहित 23 साधिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन,अनुशासन और सेवा-भाव के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए समिति ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण बस्तर अंचल में योग के प्रचार-प्रसार और समाजसेवा की गतिविधियों को नई गति देगा।

23 साधिकाओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया

हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में पांच दिवसीय मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में जगदलपुर की 23 साधिकाओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने योग,1आयुर्वेद, स्वदेशी और संगठन विस्तार का प्रशिक्षण लेकर बस्तर में योग गतिविधियों को व्यापक बनाने का संकल्प लिया।

छत्तीसगढ़ शासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिक कर्मचारी संघ का निर्वाचन संपन्न

मोतीलाल वर्मा बस्तर संभागीय अध्यक्ष निर्वाचित

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिक कर्मचारी संघ, बस्तर जिला इकाई के निर्वाचन का आयोजन रविवार को कर्मचारी भवन,कलेक्ट्रेट रोड स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ कार्यालय में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति के वातावरण में आयोजित की गई। निर्वाचन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष ठाकुर, ईस्ट जोन अध्यक्ष आर.के. नायर, शशिकांत सहित बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आए वाहन चालक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों की सहमति से मोतीलाल वर्मा को छत्तीसगढ़ शासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिक कर्मचारी संघ का बस्तर संभागीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

सर्वसम्मति से हुआ निर्वाचन, पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं : निर्वाचन कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संजय चौहान ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जी.एल. यादव, जिला कोषाध्यक्ष राम प्रभाकर मिश्रा, विकासखंड कोषाध्यक्ष निराकार आचार्य सहित बस्तर संभाग के सभी जिलों से आए वाहन चालक उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोतीलाल वर्मा को पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की।

संगठन को मजबूत बनाने पर रहेगा जोर : निर्वाचन के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने,कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय प्रयास करने तथा वाहन चालकों के हितों की रक्षा के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। नवनिर्वाचित संभागीय अध्यक्ष मोतीलाल वर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती और कर्मचारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल के व्याख्याता डॉ समीर मिश्रा का सम्मान

जगदलपुर/नवप्रदेश। कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में शाला विकास समिति एवं स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के गठन के लिए आयोजित बैठक में विद्यालय के व्याख्याता डॉ. समीर मिश्रा का पालकों ने सम्मान किया। हाल ही में उन्हें वर्ल्ड कल्चरल एंड एनवायरमेंट प्रोटेक्शन कमीशन द्वारा नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में ÷डॉक्टरेट इन एजुकेशन÷ की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। बैठक में पालकों ने इस उपलब्धि को विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए डॉ. मिश्रा को शुभकामनाएं दीं। सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। प्राचार्य एआर नोन्हारे ने कहा कि डॉ. समीर मिश्रा की यह उपलब्धि केवल विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि निरंतर अध्ययन और ज्ञानार्जन की ललक के कारण डॉ मिश्रा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। डॉ. समीर मिश्रा पिछले 32 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वर्ष 1993 में सरस्वती शिशु मंदिर से अध्यापन कार्य प्रारंभ करने वाले डॉ. मिश्रा के मार्गदर्शन में पढ़े अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने बीकॉम के साथ समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, संस्कृत, भूगोल, राजनीति विज्ञान, इतिहास और ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर उपाधियां प्राप्त की हैं। इसके अलावा बीपीएड, बीएड, पत्रकारिता एवं जनसंचार स्नातक (बीजेएमसी), मानवाधिकार में डिप्लोमा तथा योग में स्नातकोत्तर उपाधि भी अर्जित की है। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। बैठक में उपस्थित पालकों,विद्यालय परिवार,छात्राओं एवं समस्त स्टाफने डॉ समीर मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महावीर नगर गेट के पास चाकू लहराकर लोगों को धमकाने वाला युवक गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। कोतवाली थाना पुलिस ने महावीर नगर गेट, धरमपुरा क्षेत्र में धारदार चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बटनदार धारदार चाकू बरामद कर उसे जब्त कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार महावीर नगर गेट के पास एक युवक द्वारा चाकू लहराकर राहगीरों को भयभीत करने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके से मेटगुड़ा, जवाहर नगर वार्ड-24 निवासी 23 वर्षीय आनंद नाग उर्फ आदर्श नाग को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक बटनदार चाकू बरामद हुआ। पूछताछ एवं जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर ने किया। पुलिस ने बताया कि शहर में असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

राज्य के पेंशनरों के लिये भी प्रस्ताव सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम अनुसार दिया है : राजेश चटर्जी

राज्य के शासकीय सेवकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का ड्राफ्ट तैयार : चटर्जी

केशकाल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में शासकीय सेवक और उसके परिवार को अब साधारण अथवा गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ सरकार के कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने के निर्णय से शासकीय सेवकों का सपना साकार होने जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के मुख्य बजट में बाकायदा 100 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन कोंडागांव के जिला अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़

ने बताया कि छत्तीसगढ़ के तकरीबन 5 लाख कर्मचारी और उनके आश्रित परिवारजनों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना के कार्ययोजना को अंतिम रूप देने मंत्रालय में श्री अमित कटारिया सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्षता में आयोजित अति-महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष को आमंत्रित किया गया था। प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना महानिदेशालय के.स्वा.यो. भवन,दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 03/10/2025 की कॉपी सौंपकर स्वास्थ्य सचिव को जानकारी दिया कि केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की पैकेज दर के अनुसार केंद्रीय सरकार के पेंशनर्स एवं अन्य विशिष्ट वर्ग के लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। जोकि 13/10/2025 से प्रभावशील है। अतः छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनर्स एवं अन्य विशिष्ट वर्ग के लाभार्थियों को CGHS की पैकेज दर पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार करने का प्रस्ताव दिया है।

उन्होंने बताया कि कैशलेस चिकित्सा योजना लागू हो जाने से छत्तीसगढ़ राज्य में शासकीय सेवक और उसके परिवार को अब साधारण अथवा गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ सरकार के कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने के निर्णय से शासकीय सेवक का सपना साकार होने जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के मुख्य बजट में बाकायदा 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष द्वारा राज्य सरकार को दिया गया था।प्रस्तुत प्रस्ताव के सुझावों को कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल किया गया है। उन्होंने शासकीय सेवक को वर्तमान उपलब्ध चिकित्सा सुविधा एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा की विस्तृत जानकारी दिया है। पहले कर्मचारी/परिजनों के इलाज का खर्चा कर्मचारी प्रारंभ में स्वयं व्यय करता था।तत्पश्चात चिकित्सा में हुए व्यय का बिल जमा करने के बाद शासन से प्रतिपूर्ति प्राप्त करता था। जोकि अत्यंत जटिल प्रक्रिया से गुजरने वाला था। लेकिन अब कैशलेस चिकित्सा योजना में कर्मचारी को बहुत बड़ा राहत मिलेगा।अब कर्मचारी को ई-कार्ड मिलेगा जिसके तत्काल ऑनलाइन वेरिफिकेशन से आवश्यक चिकित्सा सुविधा बिना एडवांस राशि जमा किये प्रारंभ हो जायेगा। जोकि बहुत बड़ा राहत है। पुराने प्रक्रिया में रेफर का प्रावधान था।लेकिन अब रेफर के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। पहले प्रारंभ से अंतिम तक इलाज का सम्पूर्ण व्यय का भुगतान कर्मचारी खुद वहन करता था।लेकिन अब नए योजना में प्रारंभ से अंतिम तक इलाज का सम्पूर्ण व्यय का भुगतान राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन के द्वारा CGHS के दर पर सीधे हॉस्पिटल को होगा। इससे बिल पास कराने के लिये कार्यालयों में चक्कर लगाने और भ्रष्टाचार से कर्मचारियों को मुक्ति मिलेगा।

रायकोट में दर्दनाक सड़क हादसा, ट्रिपर की चपेट में आई स्कूटी

- **एक युवती की मौके पर मौत, दूसरी गंभीर घायल**

जगदलपुर/नवप्रदेश। रायकोट क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफ्रा-तफ्री मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवतियां स्कूटी से जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रिपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान नेगीगुड़ा निवासी युवती के रूप में हुई है। दूसरी युवती गंभीर रूप से घायल हो गई,जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के बाद ट्रिपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का संभावित कारण माना जा रहा है।

कारगिल के रणबांकुरों को नमन

काकतीय महाविद्यालय में गूंजे देशभक्ति के जयघोष

- **एनसीसी कैडेट्स की परेड**
- **कैंडल मार्च और राष्ट्रगान के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस**

जगदलपुर/नवप्रदेश। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पूरे सम्मान,उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों और मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स की आकर्षक परेड और सलामी से हुई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनसीसी प्रभारी प्रो प्रीति सिंह एवं अन्य प्राध्यापकों ने कारगिल युद्ध के इतिहास, भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रसेवा,अनुशासन और देशभक्ति की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शाम को एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान महाविद्यालय परिसर ÷भारत माता की जय÷ और ÷वंदे मातरम÷ के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थिति कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी प्रो. प्रीति सिंह, प्रो. दुर्गेश कोटंगले,प्रो कल्पना मंडावी,प्रो फगूराम साहू, प्रो तृप्ति मंडावी, प्रो डॉली परवीन,प्रो चंद्र प्रभा कोसरे,प्रो स्वीटी ठाकुर, एनसीसी कैडेट्स एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उड़ीसा से रायपुर ले जाया जा रहा था 8.37 किलो गांजा, नगरनार पुलिस ने तस्कर को दबोचा

- **धनपुंजी फॉरेस्ट नाका में कार्रवाई,4.20 लाख रुपये का गांजा और मोबाइल जब्त**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगरनार पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.375 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 4.20 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त किया है। आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर रायपुर ले जाने की फिराक में था।

मुखबिर की सूचना पर धनपुंजी फॉरेस्ट नाका में दबिश: पुलिस को सूचना मिली थी कि धनपुंजी फॉरेस्ट नाका के पास एक युवक पीठ पर बैग में गांजा लेकर बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर नगरनार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रदीप बेपारी (26), निवासी कुरूकोंडा, जिला मलकानगिरी (उड़ीसा) बताया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें आठ पैकेटों में कुल 8.375 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

उड़ीसा-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुलिस की कड़ी निगरानी

पुलिस अधीक्षक (बस्तर) शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, थाना प्रभार सतोष सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई में उपनिरीक्षक सतीश यदुराज, सहायक उपनिरीक्षक सतप्रधान आरक्षक तुलसी दास, आरक्षक बलराम कश्यप, चंद्रकुमार कंवर तथा वाहन चालक अविनाश मांझी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संतोषी वार्ड में गाय के साथ दुष्कर्म का आरोप, युवक गिरफ्तार

जगदलपुर/नव प्रदेश। शहर के संतोषी वार्ड में गाय के साथ कथित दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद बोधघाट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जय दास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार,घटना की जानकारी मिलने पर गौ रक्षा दल के सदस्यों ने बोधघाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने का भी उल्लेख किया गया है। आरोप है कि फुटेज में आरोपी गौवंश के साथ आपत्तिजनक हरकत करता दिखाई दे रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण,बच्चों के पोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

जगदलपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत आड़ावाल (हल्बा कचोरा) के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण जनपद सदस्य एवं महिला एवं बाल विकास सभापति श्रीति शर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति,पोषण,प्रारंभिक शिक्षा,स्वास्थ्य सेवाओं एवं केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों और खेलकूद में सहभागिता की जानकारी भी ली

श्रीति शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि प्रत्येक बच्चे की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें शासन की पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने, नियमित शिक्षण गतिविधियां संचालित करने तथा प्रतिदिन खेलकूद के माध्यम से उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

किशोरियों और गर्भवती माताओं को योजनाओं का लाभ मिले

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीमार बच्चों के समय पर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती माताओं को नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध कराने और महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

जगदलपुर। श्रीति शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें, ताकि बच्चों, किशोरियों और माताओं तक शासन की सभी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंच सके।

प्रमुख बिंदु: आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान बच्चों की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और खेलकूद गतिविधियों की समीक्षा की गई। कार्यकर्ताओं को नियमित उपस्थिति,गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार, बीमार बच्चों के समय पर उपचार तथा किशोरियों एवं गर्भवती माताओं तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

चिरमिरी क्षेत्र को नई रेल सौगात, 602 करोड़ की नई ब्रॉडगेज लाइन के लिए टेंडर जारी

■ स्थानीय विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी के प्रयासों से क्षेत्र के विकास को मिले रही नई रफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चिरमिरी क्षेत्र को जल्द ही बेहतर रेल कनेक्टिविटी की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) ने पाराडोल से नागपुर रोड स्टेशन तक नई ब्रॉडगेज सिंगल रेल लाइन बिछाने तथा मौजूदा बोरीडांडङ्कचिरमिरी लाइन के स्लूइंग कार्य के लिए ई-निविदा (ई-टेंडर) आमंत्रित कर दी है। ईपीसी मोड पर होने वाली इस महत्वाकां परियोजना की अनुमानित लागत लगभग ?601.90 करोड़ है, और इसे दो वर्ष (730 दिन) में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

यह परियोजना उस मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले से जुड़ी है, जो प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का गृह क्षेत्र है। लंबे समय से इस अंचल के लोग बेहतर रेल सुविधा की मांग करते रहे हैं। नई लाइन बनने से चिरमिरी और आसपास के



क्षेत्रों की रेल पहुंच और सुगम होगी, जिससे यात्रियों के साथ-साथ इस कोयला-समृद्ध क्षेत्र के औद्योगिक और व्यापारिक आवागमन को भी नई गति मिलेगी।

क्या है परियोजना: यह कार्य पाराडोल टेकऑफ पॉइंट (किलोमीटर 947.257) से नागपुर रोड स्टेशन (किलोमीटर 964.820) तक नई ब्रॉडगेज सिंगल लाइन के निर्माण से संबंधित है। इसके साथ ही मौजूदा बोरीडांडङ्कचिरमिरी लाइन का किलोमीटर 946.640 से 947.257 के बीच स्लूइंग (लाइन को नई दिशा में जोड़ने) का कार्य भी शामिल है। नई लाइन की कुल लंबाई करीब साढ़े सत्रह किलोमीटर होगी।

परियोजना के दायरे में केवल पटरी बिछाना ही नहीं, बल्कि बड़े पुल, रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी), एक वायाडक्ट पुल, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, ऑप्टिकल फाइबर केबल और विद्युतीकरण जैसे अनेक आधुनिक कार्य भी शामिल हैं। नई चिरमिरी स्टेशन, पारादोल जंक्शन तथा नागपुर रोड स्टेशन से जुड़े निर्माण कार्य भी इसी परियोजना का हिस्सा हैं, जिससे पूरा रेल खंड आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

क्षेत्र के विकास को मिलेगी रफ्तार: स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अनुसार, इस नई लाइन के बनने से चिरमिरी और एमसीबी जिले की देश के अन्य हिस्सों से कनेक्टिविटी काफी मजबूत होगी। कोयला और खनिज परिवहन को नई राह मिलेगी, जिससे स्थानीय उद्योगों और व्यापार को बल मिलेगा। निर्माण कार्य के दौरान क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और यातायात सुगम होने से आम लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। बेहतर रेल सुविधा क्षेत्र में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन देगी।

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस परियोजना को क्षेत्र के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है और क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया गया है कि रेल कनेक्टिविटी बेहतर करने की दिशा में आगे भी प्रयास जारी रहेंगे।

स्थानीय जनता में हर्ष, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जताई प्रतिबद्धता: क्षेत्र के लोगों में इस परियोजना को लेकर खासा उत्साह है। लंबे समय से लंबित रेल विस्तार की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में चिरमिरी अंचल की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले के लोगों ने इस परियोजना की घोषणा का खुले दिल से स्वागत किया है। क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि वर्षों से लंबित यह मांग अब साकार होते दिख रही है, जिससे उनमें उत्साह का माहौल है। चूंकि यह क्षेत्र प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का गृह क्षेत्र है, स्थानीय लोगों ने इस उपलब्धि के लिए उनकी पहल और प्रयासों की सराहना की है।

न्यूज गैलरी

अपहरण, मारपीट और अवैध गतिविधियों के कई मामले दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 1 और 2 अगस्त के दौरान अपहरण, मारपीट, अवैध शराब, ऑनलाइन सट्टा और ज्वलनशील पदार्थ रखने सहित विभिन्न मामलों में पुलिस ने अलग-अलग थानों में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। खम्हारडीह थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोर को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया। वहीं टिकरापारा थाना क्षेत्र में भी 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। दोनों मामलों में गुम इंसान की जांच के बाद अपराध कायम कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के फुण्ढहर इलाके में गार्ड को गाली-गलौज करने से रोकने पर बाबूल प्रधान के साथ दीपक पांडे और अन्य लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं मोवा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते पति द्वारा पत्नी समयरा बेगम को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया। देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पंडरी स्थित एक बिरयानी दुकान पर दो अज्ञात युवकों ने पैसे मांगने पर विवाद करते हुए दुकानदार अब्दुल कादिर खान के सिर पर बीयर की बोतल मारकर घायल कर दिया। मुजगहन थाना क्षेत्र में शराब के पैसे मांगने पर आरोपी ने सुमारू डहरिया पर पत्थर से हमला कर दिया, जबकि राजेंद्र नगर क्षेत्र में सड़क पर हुए विवाद के बाद एक बुजुर्ग के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया। उरला थाना पुलिस ने न्यू पंजाब ढाबा के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक के कब्जे से 20 लीटर डीजल अवैध रूप से बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।

भाजपा का सहयोग केंद्र आज से फिर शुरू, मंत्री रोज समस्याएं सुनेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 3 अगस्त से सहयोग केंद्र की दोबारा शुरुआत होने जा रही है। 3 से 7 अगस्त तक राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री रोजाना प्रदेश कार्यालय में मौजूद रहकर कार्यकर्ताओं और आमजन की समस्याएं सुनेंगे तथा उनके निराकरण की दिशा में पहल करेंगे। सहयोग केंद्र के प्रभारी सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि सहयोग केंद्र में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक संबंधित मंत्री प्रदेशभर से आने वाले कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात करेंगे। सुनवाई के लिए इच्छुक लोगों को दोपहर 2 बजे से 3 बजे के बीच भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद जारी टोकन के आधार पर क्रमवार समस्याएं सुनी जाएंगी। कार्यक्रम के अनुसार 3 अगस्त को मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, 4 अगस्त को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, 5 अगस्त को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, 6 अगस्त को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और 7 अगस्त को कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे।

पंडित रविशंकर शुक्ल और शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल की जयंती पर रायपुर में दी गई श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की 149वीं जयंती और पूर्व केंद्रीय मंत्री शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल की 97वीं जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान और नगर निगम जोन-4 के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में पंडित रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा स्थल, जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित नगर निगम उद्यान परिसर में तथा शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल की प्रतिमा स्थल, नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के सामने पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने संस्कृति विभाग की ओर से दोनों महान विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

केजरीवाल के आह्वान पर छत्तीसगढ़ से हजारों कार्यकर्ता 4 अगस्त को करेंगे दिल्ली कूच

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनविरोधी श्व20 पेट्रोल नीति के खिलाफ4 अगस्त को प्रधानमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ से भी बड़े स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने जानकारी दी है कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों से 50-50 कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर इस ऐतिहासिक आंदोलन में शामिल होंगे। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली कूच करेंगे और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराएंगे।

पार्टी नेताओं ने कहा कि श्व20 पेट्रोल नीति के कारण देशभर में वाहन मालिकों और आम जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वाहनों में तकनीकी खराबियां, माइलेज में गिरावट और मेंटेनेंस खर्च में बढ़ोतरी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद केंद्र सरकार जनता की आवाज को नजरअंदाज कर रही है।

आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल एक नीति के खिलाफ नहीं, बल्कि आम जनता के अधिकारों और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए है। पार्टी का मानना है कि बिना पर्याप्त तैयारी और वैज्ञानिक अध्ययन के लागू की गई श्व20 नीति देश की करोड़ों गाड़ियों और उनके मालिकों के लिए खतरा बन गई है।

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अपील की है कि जिनकी भी गाड़ियों को श्व20 से नुकसान हो रहा है वे सभी अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में शेयर करें और अरविंद केजरीवाल जी को टैग करें, केजरीवाल जी सभी का वीडियो आम आदमी पार्टी के पेज पर शेयर करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर नशामुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान

समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त करने का लिया संकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज देशभर में प्रारंभ हुए 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत राजधानी रायपुर स्थित लोक भवन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन तथा विभिन्न युवा संगठनों के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए 100 सप्ताह

तक चलने वाले इस राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है और यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता का सकारात्मक उपयोग करें, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से स्वयं नशामुक्त जीवन अपनाने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इस दिशा में जागरूक करने का आह्वान किया।

लोक भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने उत्साहपूर्वक देखा। राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' 2 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर आगामी 100 सप्ताह तक देशभर में संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), माय भारत युवा संगठन तथा अन्य युवा संगठनों के सहयोग से विविध जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इनमें नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम, जागरूकता रैलियाँ, पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ, वाद-विवाद, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, लघु फिल्म प्रदर्शन, सोशल मीडिया अभियान तथा सामुदायिक संवाद जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे।

मंत्री राजवाड़े की मौजूदगी में 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान'

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम के जरिए देशव्यापी 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में भी अभियान की औपचारिक शुरुआत विभिन्न जिलों में की गई। सूरजपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय महत्व के कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

सूरजपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया और उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए विनाशकारी है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की केंद्रीय भूमिका है, इसलिए उन्हें अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशामुक्त जीवन अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि युवाओं का उज्ज्वल भविष्य अनुशासन, शिक्षा और स्वस्थ जीवनशैली में निहित है। उन्होंने छात्र-छात्राओं और युवाओं से मन लगाकर पढ़ाई करने, खेलकूद एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने तथा हर प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील की।

लोहा चोरी कांड में बड़ा एक्शन, गिरफ्तार पदाधिकारी 6 साल के लिए भाजपा से बाहर

रायपुर/नवप्रदेश। भिलाई स्टील प्लांट से 250 टन लौह स्क्रैप चोरी मामले में भाजपा के वैशाली नगर मंडल कोषाध्यक्ष और स्क्रैप कारोबारी भास्कर मुदलियार उर्फ बाचू गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के कुछ घंटों के भीतर ही भाजपा ने भी सख्त रुख अपनाते हुए मुदलियार को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, भास्कर मुदलियार स्क्रैप चोरी के पूरे नेटवर्क की एक अहम कड़ी था। आरोप है कि वह स्क्रैप कारोबार की आड़ में बीएसपी से चोरी हुआ लोहा खरीदकर उसे आगे विभिन्न कंपनियों तक पहुंचाता था। मामले की शुरुआती जांच से ही उसका नाम सामने आया था, लेकिन पर्याप्त साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

जांच के दौरान हथखोज स्थित जिस गोदाम पर पुलिस ने छापा मारकर बीएसपी का चोरी हुआ लौह स्क्रैप बरामद किया था, वहां भास्कर मुदलियार का ट्रक भी मिला था। इसके अलावा मामले के मुख्य आरोपी संजय सिंह और आरोपी आकाश ने भी अपने मेमोरेंडम बयान में मुदलियार का नाम लिया था। इसके बावजूद उसकी गिरफ्तारी में कुछ समय लगने से पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठे थे। शनिवार सुबह भिलाई-3 थाना पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने उसके घर के पास से उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया।

34 से 38 रुपये किलो में खरीदता था चोरी का लोहा

पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी संजय सिंह और आकाश ने बताया कि भास्कर मुदलियार चोरी का लौह स्क्रैप 34 से 38 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदता था। शुरुआती दौर में चोरी का माल कुछ कथाड़ियों और कुछ भास्कर को बेचा जाता था, लेकिन बाद में बड़ी मात्रा में पूरा स्क्रैप उसी के पास जाने लगा। जांच में जामुल स्थित उसकी स्क्रैप ट्रेडिंग कंपनी और गोदाम की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस का दावा है कि वहीं से चोरी के स्क्रैप की आगे सप्लाई की जाती थी।

रायपुर की कंपनी तक पहुंचता था चोरी का माल

पुलिस का दावा है कि मुदलियार स्क्रैप कारोबार की आड़ में चोरी का लोहा रायपुर की एक बड़ी कंपनी तक पहुंचाता था। जांच एजेंसियों को आशंका है कि चोरी का स्क्रैप दूसरे राज्यों में भी खपाया गया हो सकता है। इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने के लिए पुलिस अब वित्तीय लेन-देन, परिवहन और खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

राष्ट्रपति भवन में गूंजी बस्तर की जनजातीय संस्कृति

■ नारायणपुर के मांझी-चालकी और 'बस्तर पंडुम' विजेताओं ने राष्ट्रपति से की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर के घने जंगलों, अनूठी सामाजिक व्यवस्था और समृद्ध जनजातीय विरासत की गूंज अब देश के सर्वोच्च मंच राष्ट्रपति भवन तक जा पहुंची है। नारायणपुर जिले के पारंपरिक मांझी-चालकी और 'बस्तर पंडुम' प्रतियोगिता के विजेताओं का एक विशेष प्रतिनिधिमंडल हाल ही में नई दिल्ली पहुंचा, जहां उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से सौजन्य मुलाकात की। इस आत्मीय भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को बस्तर की जीवंत परंपराओं, लोक कलाओं और सदियों पुरानी सांस्कृतिक पहचान से रूबरू कराया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को

बस्तर की सांस्कृतिक पहचान से रूबरू कराने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 30 जुलाई 2026 में राष्ट्रपति भवन का दौरा किया, जिसमें बस्तर पंडुम के विजेता, मांझी-चालकी और पद्म सम्मानित कलाकार शामिल थे। इस ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत 27 जुलाई को नारायणपुर से हुई थी, जब नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल ने हरी झंडी दिखाकर इस दल को दिल्ली के लिए रवाना किया था। पूरे जिले के लिए यह एक अत्यंत गर्व का क्षण था। इसके बाद 30 जुलाई को दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में बस्तर की जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत करने का यह सुनहरा अवसर आया। मुलाकात के दौरान बस्तर की कला और परंपरा के प्रमुख ध्वजवाहकों ने अपनी माटी का प्रतिनिधित्व किया। इनमें 'बस्तर पंडुम' के जनजातीय आभूषण विधा की विजेता मुंगड़ी कोर्राम और सुदनी दुग्गा शामिल थीं, जिन्होंने पारंपरिक आभूषणों के सौंदर्य और उनके सांस्कृतिक महत्व की जानकारी साझा की। वहीं, बस्तर की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का नेतृत्व करते हुए एड़का परगना के मांझी राजाराम, करंगाल परगना के मांझी सुधवाराम करंगा, गोटाली परगना के मांझी मंगतू राम ध्रुव, नूरदेश परगना के मांझी गुड्डू पोटाई तथा करंगाल परगना के चालकी सोमारू राम ने बस्तर की पारंपरिक सामाजिक संरचना और रीति-रिवाजों का परिचय दिया। प्रतिनिधिमंडल की इस मुलाकात से न केवल नारायणपुर और समूचा बस्तर संभाग गौरवान्वित महसूस कर रहा है, बल्कि इससे राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को एक नई पहचान मिली है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मंचों से जनजातीय कला, परंपराओं और लोक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को अभूतपूर्व प्रोत्साहन मिलेगा।

रायपुर में एक रात में नशे में वाहन चलाने वाले 27 चालकों पर केस

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस कमिश्नरेट रायपुर ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए एक ही रात में 27 वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा के मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति जारी रहेगी। यातायात पुलिस के अनुसार, 1 अगस्त 2026 की रात सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) स्नेहिल साहू के नेतृत्व में शहर के नौ प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। आधुनिक ब्रीथ एनालाइजर मशीनों से जांच के दौरान 14 कार, 9 पिकअप, 3 दोपहिया और 1 ट्रक चालक सहित कुल 27 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत तत्काल वैधानिक कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक 3,780 ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। अभियान का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा ने नागरिकों से अपील की है कि शराब या किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन करने के बाद वाहन न चलाएं।

डोंगरिया में हजारों युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

■ विधायक प्रणव कुमार मरपची ने किया राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ करते हुए देशभर के युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभ हुए इस राष्ट्रव्यापी अभियान से देशभर के एक करोड़ से अधिक युवा जुड़े।

इसी क्रम में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के डोंगरिया स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और हजारों युवाओं ने नशामुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रणव कुमार मरपची रहे। उनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, कलेक्टर विजय दयाराम के., वनमंडलाधिकारी ग्रीष्मी चांद, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे, अपर कलेक्टर दिलेराम डाहिरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यालय एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, माय भारत स्वयंसेवक, युवा क्लबों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह के सीधा प्रसारण से हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ष्नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतष् अभियान का उद्देश्य प्रत्येक युवा को नशे की गिरफ्त से बचाकर उसकी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता को राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक रूप से उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति को भी कमजोर करता है। प्रधानमंत्री ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नशे से दूर रखने तथा युवाओं से स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से देशभर के एक करोड़ से अधिक युवा विकसित भारत के संकल्प से जुड़ रहे हैं।

राष्ट्रीय कार्यक्रम के उपरांत विधायक प्रणव कुमार मरपची ने उपस्थित युवाओं एवं नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश की युवा शक्ति नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, कौशल, नवाचार और राष्ट्र सेवा में लगाएगी। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

न्यूज गैलरी

विदेश यात्रा से लौटने पर सांसद बघेल का हजारों कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

भिलाई/नवप्रदेश। सांसद विजय बघेल के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में यूरोप के तीन देशों–मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया एवं रोमानिया–की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा से लौटने पर छत्तीसगढ़ आगमन के अवसर पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, रायपुर पर हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं समर्थक उपस्थित रहे और पुष्पवर्षा, माल्यार्पण तथा जयघोष के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। एयरपोर्ट से स्वागत रैली का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया सांसद श्री विजय बघेल के निवास तक निकाली गई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद निवास पर विधायक ईश्वर साहू, डोमन लाल कोर्सेवाडा, महापौर अल्का वाघमारे, प्रीतपाल बेलचंदन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर सांसद बघेल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर तीन देशों की यात्रा करना उनके सार्वजनिक जीवन का गौरवपूर्ण क्षण रहा। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान व्यापार, निवेश, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा रणनीतिक सहयोग सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर उच्चस्तरीय चर्चा हुई, जिससे भारत और इन देशों के संबंधों को नई मजबूती मिलेगी।

शक में हंसिए से पत्नी को काट डाला : 4 साल पहले हुई थी शादी, पति गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र के वार्ड-4 स्थित महामायापारा में रविवार सुबह अफेयर के शक में पति ने गुस्से में अपनी पत्नी पर हंसिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही कुम्हारी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। हालांकि, ज्यादा खून बह जाने और गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी घनश्याम यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हंसिया भी जब्त कर लिया है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दरअसल, दुर्गा यादव (22) और घनश्याम यादव (25) की शादी करीब 4 साल पहले हुई थी। उनका 6 महीने का एक बच्चा है, जो अब मां के साए से वंचित हो गया है। घनश्याम यादव शराब पीने का आदी है।

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर जिले में 7 से 15 तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

दुर्ग/नवप्रदेश। वंदे मातरम' की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे राज्य में चार चरणों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिले में 7 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के साथ विभिन्न देशभक्तिपूर्ण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाएगा। जिले के सर्व विभाग प्रमुखों और जनपद पंचायतों के सीईओ को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत मुख्यालयों सहित सभी स्कूल और कॉलेजों में ध्वजारोहण के बाद व्यापक स्तर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया जाएगा। अभियान की अवधि के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, मशाल रैली, देशभक्ति गीत, विचार गोष्ठी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 14 अगस्त को वंदे मातरम पर आधारित प्रदर्शनी और शाम को पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रभक्ति धुनों की प्रस्तुति दी जाएगी। नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए वंदे मातरम ऑडियो-वीडियो बूथ भी स्थापित किए जाएंगे, जहां आम जन अपनी आवाज में रिकॉर्डिंग कर अभियान के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे।

जनदर्शन : कलेक्टर ने सौंपी जिम्मेदारी

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आम नागरिकों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का समयबद्ध व त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। पुलिस विभाग द्वारा नामित अधिकारी, निगम भिलाई अपर आयुक्त राजेन्द्र दोहरे, निगम सहायक अभियंता संजय ठाकुर, खाद्य विभाग सहायक खाद्य अधिकारी शशि सिंह, श्रम विभाग श्रम निरीक्षक सोनम पटेल, भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक आलोक शुक्ला, निगम रिसाली के सहायक राजस्व निरीक्षक योगेश सुरे, जिला पंचायत के आवास समन्वयक वेद देवांगन और समाज कल्याण विभाग प्रमुख कलाकार जंतराम ठाकुर को जनदर्शन हेतु नामांकित व निर्देशित किया गया है।

युवा नशे से मुक्त रहेंगे तो देश और समाज भी सशक्त बनेगा : मंत्री गजेन्द्र

- जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रूंगटा डेंटल कॉलेज भिलाई में किया गया
- कलेक्टर ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का राष्ट्रीय शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम रूंगटा डेंटल कॉलेज, सुपेला, भिलाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव थे। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के अधिक से अधिक शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों, औद्योगिक संगठनों तथा सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं को अभियान से जोड़ते हुए इसे व्यापक जनभागीदारी का आंदोलन बनाना है, ताकि अधिक से अधिक युवा नशामुक्त भारत के संकल्प से जुड़ सकें। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विकसित भारत के निर्माण के लिए नशे से दूर रहने का सामूहिक संकल्प दिलाया।

स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने आज देश की लगभग 29 करोड़ जनता को संबोधित किया। नशा भले ही छोटा शब्द है, लेकिन यह अनेक लोगों का जीवन बर्बाद कर देता है। एक बार नशे की लत लग जाने के बाद उसे छोड़ना कठिन हो जाता है और व्यक्ति का जीवन धीरे-धीरे असंतुलित होने लगता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहें और नशे का सेवन न करने का दृढ़ संकल्प लें। साथ ही यह भी संकल्प करें कि न तो वे स्वयं नशा करेंगे और न ही दूसरों को इसके सेवन के लिए प्रेरित होने देंगे। उन्होंने कहा कि नशे के कई प्रकार हैं और अत्यधिक मोबाइल का उपयोग भी एक प्रकार की लत है। युवा यदि नशे से मुक्त रहेंगे तो समाज और देश भी सशक्त एवं स्वस्थ बनेगा। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि आज इस महाअभियान की शुरुआत हो रही है। भारत युवाओं का देश है और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के समक्ष एक गंभीर चुनौती है। नशे के कारण अनेक प्रकार की अप्रिय घटनाएं घटित होती हैं। युवाओं को नशे के जाल में फंसने के बजाय अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार को सतत रूप से संचालित किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने युवाओं से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और अपने आसपास के लोगों, दोस्तों तथा पड़ोसियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। कलेक्टर कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देने एवं परामर्श उपलब्ध कराने के लिए आउटरीच ड्रॉप-इन सेंटर का संचालन किया जा रहा है। लगभग 2625 लोगों का उपचार किया जा चुका है, 736 लोग नशामुक्त हो चुके हैं। जिले में स्कूलों, कॉलेजों एवं मोहल्लों में नुक्कड़ नाटक, पाम्पलेट वितरण तथा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से निरंतर नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है।

पद्मनाभपुर में गणेश उत्सव स्थल का शिक्षा मंत्री गजेन्द्र व सांसद बघेल ने किया भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में इस वर्ष भी गणेश उत्सव पर भव्य आयोजन होगा। इसे लेकर श्री दक्षिण कौशल गणेश उत्सव समिति द्वारा रविवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और दुर्ग सांसद विजय बघेल ने संयुक्त रूप से उत्सव स्थल में मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन कर तैयारियों का श्री गणेश किया और समिति के पदाधिकारियों को गणेश उत्सव के दूसरे वर्ष भी भव्य व सफल आयोजन की बधाई देकर उनका हौसला बढ़ाया। भूमिपूजन के अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी विश्वास चंद्राकर, नगर निगम एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद संजय अग्रवाल, लीलाधर पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्री दक्षिण कौशल गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में रामेश्वरम तीर्थ की भव्य झांकी वाले पंडाल में गणपति बप्पा विराजेगे। गणेश चतुर्थी 14 सितंबर को है। जिसके लिए अभी करीब सवा महीने शेष हैं। श्री दक्षिण कौशल गणेश उत्सव समिति ने अपने भव्य आयोजन से जिले में श्रद्धालुओं के बीच विशेष पहचान बनाई है। जिसके चलते भूमिपूजन उपरांत भव्य पंडाल निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं की विधिवत तैयारी शुरू कर दी गई है।

संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि यह गणेश उत्सव का दूसरा वर्ष है। इस वर्ष पद्मनाभपुर स्थित मिनी स्टेडियम में भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापना एवं रामेश्वरम तीर्थ की मनमोहक झांकी पर आधारित आकर्षक पंडाल तैयार करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा धनुषकोटी का दिव्य दृश्य, रामसेतू का जीवंत निर्माण, श्रीलंका द्वीप का प्रतीकात्मक स्वरुप, रामेश्वरम के 22 तीर्थकुंड के दर्शन, अग्नि तीर्थम का निर्माण, विश्व प्रसिद्ध 1008 स्तंभ वाले मंदिर परिसर का भव्य प्रतिरुप की झांकिया श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी।

पति ने धारदार हथियार से की पत्नी की हत्या

कुम्हारी/नवप्रदेश। वार्ड चार महामाया पारा में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 25 वर्षीय आरोपी घनश्याम यादव ने अपनी 22 वर्षीय पत्नी दुर्गा यादव की धारदार हथियार (हंसिया) से चेहरा, आंख, गले और सिर पर वार कर बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने मृत पत्नी की तस्वीर व्हाट्सएप स्टेटस पर लगाई और अपने दोस्तों को वॉयस नोट भेजकर हत्या की बात कबूलते हुए जेल जाने की बात कही। घटना के समय दंपति का 5 महीने का मासूम बच्चा भी कमरे में मौजूद था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी घनश्याम यादव गुस्सैल स्वभाव का है और अक्सर नशे की हालत में अपनी पत्नी से झगड़ा करता रहता था। बीते 8-10 दिनों से वह काम पर भी नहीं जा रहा था। आरोपी के पिता बुधुराम यादव ने बताया कि शनिवार देर रात घनश्याम ने अपने भाई गंगा यादव को कॉल किया था जब वह डयूटी पर था लेकिन काम में होने के कारण गंगा फोन नहीं उठा सका। बाद में जब गंगा घर लौटा और कमरे के बाहर आवाज दी, तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया। रविवार सुबह जब काफी देर तक आरोपी ने अंदर से ताला बंद रखा और दरवाजा नहीं खोला, तब आसपास के लोगों और परिजनों को संदेह हुआ। जब लोग पहुंचे तो आरोपी अंदर से बड़बड़ा रहा था। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा।

भिलाई बिरादरी ने दी पंडित शुक्ल को पुष्पांजलि

भिलाई/नवप्रदेश। अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जननेता स्व. पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती के अवसर पर भिलाई सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र सेक्टर-9 के सम्मुख स्थापित पं. शुक्ल की प्रतिमा के समक्ष प्रातः 9 बजे एक भव्य समारोह का आयोजन कर स्मरण किया और कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक एवं मंत्री, भिलाई एवं दुर्ग के मेयर, पूर्व मेयर, जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, कांग्रेस सेवादल और कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच, भिलाई -दुर्ग के पदाधिकारी और भारी संख्या में इस्पात नगरी के नागरिकों ने स्व. पं. रवि शंकर शुक्ल और स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। आयोजन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और प्रखर राजनेता स्व. विद्याचरण शुक्ल को भी उनके जन्म दिवस पर याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, अरुण वोरा, विधायक देवेन्द्र यादव, महापौक नीरज पाल, धीरज बाकलीवाल ने रैली के नेतृत्वकर्ता मुकेश चंद्राकर, प्रतिभा चंद्राकर और शुक्ल परिवार की सदस्य माया रानी शुक्ल ने भिलाई और शुक्ल परिवार के योगदान की चर्चा की और भिलाई ने प्रदेश और देश के लिए क्या योगदान दिया है। पं रविवार शुक्ल और पं विद्याचरण शुक्ल के व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला गया। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा की युवाओं और भिलाई निवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि संयंत्र की स्थापना से क्षेत्र और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

सांसद बघेल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

कुम्हारी/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के साथ विदेश यात्रा से लौटे दुर्ग लोकसभा सांसद का कुम्हारी चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया। इससे पूर्व कुम्हारी मंडल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एयरपोर्ट पहुंचे थे। स्वागत करने वालों में धर्मेंद्र सिन्हा कुम्हारी मंडल अध्यक्ष, मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी, गोल्डी गोस्वामी एल्डरमैन, दीपक चतुर्वेदी महामंत्री, मिथलेश यादव किसान मोर्चा प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी, रामाधार शर्मा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रामकुमार सोनी ओबीसी मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री, सुनीता कुर्रे एल्डरमैन, तृप्ति चंद्राकर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, फिंगेश्वर साहू मंडल उपाध्यक्ष, इमरान रिज़वी मंडल उपाध्यक्ष, राजू निषाद सांसद प्रतिनिधि, उमेश साहू ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, अवधेश शुक्ला एल्डरमैन,अश्विनी देशलहरे पार्षद जल प्रभारी, उमाकांत साहू खाद्य प्रभारी, डीकेश पटेल पार्षद लोकनिर्माण प्रभारी, लता साहू पार्षद प्रभारी, रीतिका यादव पार्षद, प्रवीण राव पार्षद, हेमलता धीवर पार्षद, लोकेश साहू पार्षद, ममता साहू पार्षद, ओमकार मार्कण्डेय पार्षद, रीता पांडेय महिला मोर्चा जिला मंत्री, रामप्रकाश गुप्ता कार्यालय मंत्री, प्रणव श्रीवास्तव एल्डरमैन, होमेंद्र साहू मिडिया प्रभारी, गोविन्द बघेल सह सोशल मीडिया प्रभारी, योगिता वर्मा मंडल मंत्री, सुजीत यादव मंडल मंत्री, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जूली सिंह, उपाध्यक्ष साधना स्वर्णकार, उपाध्यक्ष प्रभा बंजारे, महामंत्री स्वर्णलता साहू, जी जया लक्ष्मी राव कोषाध्यक्ष, पिंकी सिल सोशल मीडिया प्रभारी मौजूथ थे।

श्रेष्ठ संस्कार ही मनुष्य को सही दिशा प्रदान करता हैं : मणिभद्र

दुर्ग/नवप्रदेश। जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब दुर्ग में चल रहे आध्यात्मिक वर्षावास के अंतर्गत आयोजित धर्मसभा में राष्ट्र संत नेपाल केसरी एवं मानव मिलन के संस्थापक मणिभद्र मुनि महाराज ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन का अमूल्य संदेश प्रदान किया। अपने प्रेरणादायी प्रवचन में गुरुदेव ने कहा कि यदि आत्मा को परमात्मा बनने की दिशा में अग्रसर करना है तो संतों की संगति और सत्संग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। संतों का सान्निध्य व्यक्ति के संस्कारों, विचारों और भावों को परिष्कृत करता है। श्रेष्ठ संस्कार ही मनुष्य को सही दिशा प्रदान करते हैं तथा साधना के माध्यम से जीवन को सत्कर्मों में प्रवृत्त कर अंततः समाधि के पथ तक पहुंचाने मेंसहायक बनते हैं। गुरुदेव ने कहा कि मन की निर्मलता ही आध्यात्मिक उन्नति का मूल आधार है। जब मन पवित्र होता है, तब साधना सफल होती है और जीवन में सद्भाव, संयम एवं सेवा के संस्कार विकसित होते हैं। संतों का सान्निध्य व्यक्ति के भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाता है और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। सत्य को स्वीकार करने का साहस ही वास्तविक ज्ञान का प्रारंभ है। प्रायः मनुष्य अपनी मान्यताओं को ही सत्य मान लेता है, जबकि सत्य को निष्पक्ष भाव से स्वीकार करना आवश्यक है। किसी को गलत सिद्ध करना हमारा उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वयं को सही बनाने का प्रयास करना चाहिए। श्रद्धा और शंका पर कहा कि जहां श्रद्धा होती है, वहां शंका के लिए स्थान नहीं रहता और जहां शंका का वास होता है।

डॉ. सिंह ने किया श्रमायुक्त कार्यालय का निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉक्टर सहायक श्रमायुक्त कार्यालय दुर्ग आगमन हुआ। उन्होंने श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी अधिकारी और कर्मचारियों से लिया।

उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन्हें अच्छे से क्रियान्वयन करें। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव गरीब किसान मजदूर के हित के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं। श्रमिकों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना प्रारंभ की गई है, जिसमें प्रथम दो बच्चों को छठवीं से लेकर 12वीं तक आवास विद्यालय में गुणवत्ता निशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर श्रमिक पंजीयन करने से उन्हें शासन के योजनाओं का लाभ मिलेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष के निज सचिव त्रियंबक राव सोनटेके, सहायक श्रमायुक्त पायल शर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी डॉक्टर टूकेंद्र कुमार एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

महाअभियान 6 से 10 तक : ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में नशामुक्त भारत का लिया संकल्प

ब्रम्हाकुमारी का 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा में दादी प्रकाशमणि की पावन स्मृति में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान का शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने दीप प्रज्वलन कर किया। अभियान 6 से 20 अगस्त 2026 तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर, एसपी एसटीएफ जयंत वैष्णव, एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका बीके रीटा दीदी एवं बीके रूपाली दीदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया तथा कुमारियों ने नशामुक्ति संदेश पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि नशामुक्त भारत के निर्माण में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। माता-पिता बच्चों के साथ नियमित संवाद करें और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचें। उन्होंने परिवार को मजबूत बनाने तथा युवाओं को नशे से बचाने का आह्वान किया। बीके रूपाली दीदी ने कहा कि नशा केवल शराब, सिगरेट और तंबाकू तक सीमित नहीं है, बल्कि मोबाइल एवं इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग भी व्यसन का रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि सच्ची स्वतंत्रता अपनी आंतरिक बुराइयों और व्यसनों से मुक्त होने में है। मेडिटेशन को मन को शांत और सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बताया तथा उपस्थित लोगों को राजयोग की अनुभूति कराई। संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने बड़े भाग मानुष तन पावा का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है, इसे नशे में बर्बाद करना दुर्भाग्यपूर्ण है। एसपी जयंत वैष्णव ने कहा कि नशामुक्ति के लिए मन का शांत और सशक्त होना आवश्यक है राजयोग मेडिटेशन इसमें सहायक है। शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि नशे का दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति पर नहीं, बल्कि परिवार और आने वाली पीढ़ी पर भी पड़ता है। उन्होंने नशाग्रस्त व्यक्ति से घृणा नहीं, बल्कि प्रेम और सहयोग से उसे नशामुक्त कराने का आह्वान किया। राजूलाल देवांगन ने बताया कि वे लंबे समय तक विभिन्न नशों के आदी रहे, लेकिन ब्रह्माकुमारीज के आध्यात्मिक ज्ञान, राजयोग और दृढ़ संकल्प से उन्होंने नशे को पूरी तरह त्याग दिया। बीके रीटा दीदी ने कहा कि परमात्मा की याद और राजयोग का नशा ही श्रेष्ठ नशा है, जो मनुष्य को शांति, शक्ति और आनंद प्रदान करता है। मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को भी डिजिटल व्यसन बताते हुए इसके सीमित उपयोग का आह्वान किया।

10 लाख के कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। पटरीपार वार्ड क्रमांक-59 में रंजीता पाटिल निवास के समीप 10 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर अलका बाघमार ने विधि-विधान के साथ संपन्न कराया। भूमिपूजन कार्यक्रम में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, वार्ड पार्षद नीलम शिवेंद्र परिहार, रंजीता पाटिल, शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, मनमोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बेहतर विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। शहर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को स्वीकृत कर तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है, जिससे आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिल सकें। महापौर ने कहा कि विकास कार्य तभी सार्थक होते हैं जब उनका लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचे। निगम जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग से शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

हाईकोर्ट की फटकार, सुप्रीम कोर्ट की चिंता... फिर भी सड़कों पर 'मौत' का पहरा, आखिर जिम्मेदार कौन?

सड़क पर मवेशियों का डेरा... मालिक बेखबर, सिस्टम बेअसर!

सड़कों पर मौत अब रफ्तार से नहीं, बल्कि लापरवाही से दौड़ रही है। नेशनल हाईवे से लेकर गांव की सड़कों तक आवारा मवेशियों ने कब्जा जमा रखा है, लेकिन न पशु मालिकों पर कार्रवाई हो रही है और न ही जिम्मेदार एजेंसियां कोई स्थायी समाधान तलाश पा रही हैं। नतीजा हर साल हजारों सड़क हादसे, सैकड़ों परिवार उजड़ रहे हैं और बेजुबान मवेशी भी अकाल मौत का शिकार हो रहे हैं। विडंबना यह है कि जिन पशुओं को पालने वाले लोग दूध निकलने के बाद उन्हें सड़कों पर छोड़ देते हैं, उनकी जवाबदेही शायद ही कभी तय होती है। उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालय कई बार केंद्र और राज्य सरकारों को फटकार लगा चुके हैं और हाईवे को आवारा पशुओं से मुक्त रखने के निर्देश दे चुके हैं, लेकिन जमीनी हालात आज भी नहीं बदले। उधर, गांवों में यही आवारा मवेशी किसानों की महीनों की मेहनत चंद घंटों में बर्बाद कर रहे हैं। सवाल सीधा है, जब सड़कों में मवेशियों की वजह से हादसे हो रहे हैं तो मौतों का जिम्मेदार आखिर कौन है – पशु मालिक, प्रशासन या पूरा सरकारी तंत्र...?

सड़कों पर 'आवारा' मवेशियों का आतंक: हर साल हजारों हादसे, बंद पड़े गोठानों ने बढ़ाई चिंता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सड़कों पर आवारा मवेशियों की बढ़ती मौजूदगी अब केवल यातायात की समस्या नहीं, बल्कि गंभीर जनसुरक्षा का विषय बन चुकी है। राजधानी रायपुर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर गायों और अन्य मवेशियों के झुंड आसानी से देखे जा सकते हैं। दिन हो या रात, सड़क के बीचोंबीच बैठे मवेशी लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, जिनमें हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं या गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट भी इसे लेकर गंभीर चिंता जता चुके हैं।

सबसे अधिक खतरा रात के समय रहता है, जब सड़क पर बैठे मवेशी दूर से दिखाई नहीं देते। तेज रफ्तार वाहनों की उनसे टक्कर होने पर कई बार दुर्घटनाएं जानलेवा साबित होती हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक बन जाती है। सड़क सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो दुर्घटनाओं का आंकड़ा लगातार बढ़ता रहेगा।

पशु मालिक भी गैर जिम्मेदार कड़ी कार्रवाई भी बेहद जरूरी

विशेषज्ञों का कहना है कि समस्या की एक बड़ी वजह पशुपालकों की लापरवाही भी है। अधिकांश लोग गायों को केवल दूध उत्पादन तक ही अपने पास रखते हैं। दूध देना बंद होने या उपयोगिता कम होने पर उन्हें खुला छोड़ दिया जाता है। ऐसे मवेशी भोजन और पानी की तलाश में सड़कों पर पहुंच जाते हैं और यातायात के लिए गंभीर खतरा बन जाते हैं। लापरवाह पशु मालिकों पर भी ठोस कार्रवाई की जरूरत है, ताकि मवेशियों को घर पर रखे।

कांग्रेस सरकार की फ्लैगशिप योजना थी गोठान

इस समस्या के समाधान के लिए पूर्ववर्ती सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी 'नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी' योजना के तहत प्रदेशभर के गांवों में गोठानों का निर्माण कराया था। इन गोठानों का उद्देश्य आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना, पशुपालन को बढ़ावा देना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना था। हालांकि, वर्तमान में प्रदेश के अनेक गोठान निष्क्रिय या बंद पड़े हैं।

गोठानों को दोबारा शुरू करने की जरूरत

सामाजिक संगठनों और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि गोठानों को दोबारा सक्रिय करने, पशुपालकों की जवाबदेही तय करने तथा स्थानीय निकायों द्वारा नियमित अभियान चलाने की आवश्यकता है। सवाल यह है कि जब प्रदेश में गोठानों जैसी व्यवस्था पहले से मौजूद है, तो फिर सड़कों पर मवेशियों का बढ़ता जमावड़ा आखिर क्यों नहीं रुक पा रहा है? यह केवल यातायात का मुद्दा नहीं, बल्कि जनजीवन, सड़क सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है।

आप बस प्लानिंग कर रहे, लागू नहीं हो रहा रिपोर्ट भरकर खानापूर्ति की जा रही: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की खस्ताहाल सडकों और मवेशियों के मामले में दायर अलग अलग जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने मुख्य सचिव से पूछा, सडक सुरक्षा व मवेशियों की समस्या के निदान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। सड़कों पर आवारा मवेशी को लेकर हाईकोर्ट ने राज्य-सरकार को फिर फटकारा... कहा-आप लोग बस प्लानिंग कर रहे, लागू नहीं हो रहा, रिपोर्ट भरकर खानापूर्ति की जा रही है। कोर्ट ने पूरी जानकारी शपथ पत्र के साथ देने का निर्देश दिया है। पीआईएल की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 9 सितंबर की तिथि तय कर दी है।

सड़कों की खराब स्थिति, रोड सेफ्टी और हाईवे पर आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में पहले हुई सुनवाई के दौरान राज्य की एजेंसियों की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। कोर्ट कमिश्नर्स की रिपोर्ट और संबंधित विभागों के अनुपालन शपथपत्र पर विचार के बाद हाई कोर्ट ने मामले को आगे की मॉनिटरिंग के लिए 28 जुलाई 2026 को पुनः सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। शपथ पत्र में जानकारी दी गई थी, मवेशियों की परेशानी को कम करने के लिए आवश्यक शेड का निर्माण कराया जा रहा है। इससे हाईवे और सड़कों पर आवारा मवेशियों की मौजूदगी से होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

दुर्घटना से घायल मवेशियों के लिए कोई सिस्टम नहीं

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि बछड़े को गाड़ी ने टक्कर मारी। लोगों ने मदद के लिए कॉल किया लेकिन, कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। टोल नंबर पर फोन करने पर किसी ने रिसीव नहीं किया। वेटनरी हॉस्पिटल में फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिला। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि अगर अस्पतालों में इलाज की सुविधा नहीं तो रिपोर्ट झूठी है। व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए... सिर्फ कागजों में सब कुछ ठीक होने का दावा ठीक नहीं।

8 हफ्ते नहीं 8 साल ले लो, लेकिन सड़क पर मवेशी नहीं दिखना चाहिए: हाईकोर्ट

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर में आवारा मवेशियों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर पिछले कुछ सालों से लगातार सुनवाई चल रही है। मवेशी मुक्त सड़क/हाईवे बनाना सरकार का लक्ष्य होना चाहिए। पिछली सुनवाई में चीफजस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कहा था कि 8 हफ्ते नहीं 8 साल ले लो, लेकिन सड़क पर मवेशी नहीं दिखना चाहिए।
- हाई कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा सरकार सिर्फ रिपोर्ट भरकर खानापूर्ति कर रही है। सुरक्षा और मॉनिटरिंग का हाल खराब है। सरकार ने जो रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत किए उसमें सभी शहरी क्षेत्रों में कांजी हाउस शुरू करने और खराब वाले की मरम्मत करना बताया है।
- मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट लगाई गई। नसबंदी, कान टैगिंग अभियान चल रहा है। मवेशी मालिकों पर भी कार्रवाई की जा रही है। रतनपुर में 13 गौवंश कुचलने के बाद मवेशी मालिक पर भी काईवाई की गई।

भूपेश बघेल की सरकार ने हर गांव में बनाए गोठान, अब खाली

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार के कार्यकाल में 'नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी' योजना के तहत 10 हजार से अधिक गोठानों का निर्माण किया गया था। इन गोठानों के निर्माण और संचालन पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए। इनका उद्देश्य आवारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना और उन्हें सड़कों पर भटकने से रोकना था। हालांकि, वर्तमान में प्रदेश के अधिकांश गोठान खाली या निष्क्रिय पड़े हैं, जिसके चलते बड़ी संख्या में मवेशी फिर से सड़कों पर नजर आ रहे हैं।

कांग्रेस शासन में गोठान योजना में खर्च हुई राशि

1334.65
करोड़ रुपये प्रदेश में गोठान योजना पर खर्च किए गए

10,240
गोठान समितियों का गठन किया गया

9,303
चरवाहे पूरे प्रदेश के गोठान समितियों द्वारा रखे गए थे

सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, फिर भी नहीं जागे जिम्मेदार

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क पर घूमते मवेशियों के चलते होने वाले हादसों पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त की है। कोर्ट ने समाज के दोहरे रवैये पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि लोग मवेशियों की उपयोगिता खत्म होने पर उन्हें सड़क पर लावारिस छोड़ देते हैं, लेकिन अगर कोई उनका उपयोग भोजन के रूप में करता है, तो इस पर बुरा मान जाते हैं। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने आदेश में यह भी दर्ज किया है कि 24 राज्यों में सख्त गौहत्या निषेध कानून है। उन कानूनों में मवेशियों के संरक्षण को लेकर प्रावधान हैं, लेकिन उनका सही तरह से पालन नहीं हो रहा है। इसके चलते देश में हर साल लगभग हजारों लोग हादसे का शिकार होकर अपनी जान गवां रहे हैं।

मवेशी स्पीड ब्रेकर नहीं बन सकते: जजों ने यह माना है कि कई लोगों के पास गैर-उपयोगी जानवरों के रखरखाव के लिए ज़रूरी पैसे नहीं होते, फिर भी इसका समाधान यह नहीं हो सकता कि वह अपने पशुओं को सड़क पर छोड़ दें। ऐसे किसानों की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने मवेशी को सरकारी संरक्षण केंद्र तक पहुंचाएं। कोर्ट ने कहा, 'सभी को यह समझना होगा कि मवेशी हाइवे और सड़कों पर बेतरतीब ढंग से रखे गए स्पीड ब्रेकर नहीं बन सकते।

सुप्रीम कोर्ट की सुप्रीम सिफारिशें

- कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को इस समस्या से निपटने के लिए यह उपाय अपनाने का सुझाव दिया है।
- सभी मवेशियों की अनिवार्य टैगिंग की जाए और उनका डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए।
- अगर मवेशी का मालिक उसे नहीं पाल सकता, तो उसे अधिकृत आश्रय गृहों में सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी उसी की होगी।
- आश्रय गृहों के संचालन, टैगिंग और रिकॉर्ड की देखरेख के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।
- बेसहारा मवेशियों के चलते होने वाले हादसों के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए एक स्थायी व्यवस्था बनाई जाए।
- फैसले के अंत में कोर्ट ने यह निर्देश दिया है कि ने इसकी कॉपी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकारें इन सिफारिशों पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई करें।

सुप्रीम कोर्ट के इन आदेशों का करना होगा पालन

- राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे और शहर की सड़कों से पशुओं को हटाना अनिवार्य।
- संयुक्त अभियान चलाकर पशुओं को गौशालाओं और कैटल पाउंड में भेजा जाए।
- सुबह से लेकर रात भर हाईवे पेट्रोलिंग टीम बनाकर मॉनिटरिंग की जाए।
- हर हाईवे पर स्थायी हेल्पलाइन नंबर लगाए जाएं।
- आदेशों के पालन में लापरवाही पर अधिकारी खुद जिम्मेदार होंगे।

जरा संभलकर... सड़क पर हम हैं विराजमान', आवारा पशु दे रहे हादसों को न्यौता

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में सड़कों पर बढ़ते आवारा मवेशी अब सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। राष्ट्रीय और राज्य मार्गों के साथ-साथ शहर की प्रमुख सड़कों पर दिन-रात मवेशियों का जमावड़ा आम हो गया है। सड़क किनारे या बीच सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई बेजुबान पशुओं के साथ-साथ वाहन चालक भी जान गंवा रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि इन हादसों की जिम्मेदारी आखिर किसकी है– मवेशी मालिक की या फिर वाहन चालक की?

आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए नगर पालिका और ग्राम पंचायतों की ओर से लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। काउ कैचर वाहनों के माध्यम से सड़कों से मवेशियों को हटाया भी जाता है, लेकिन कुछ ही समय बाद वही मवेशी फिर से सड़कों पर नजर आने लगते हैं। इससे प्रशासन की कार्रवाई का स्थायी असर दिखाई नहीं दे रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में उच्च न्यायालय भी इस समस्या पर संज्ञान ले चुका है। अब शासन ने गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में पहल करते हुए मुंगेली जिले के नौ गौधामों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इन गौधामों के शुरू होने से निराश्रित एवं गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के लिए स्थायी व्यवस्था विकसित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

गोधाम भी हादसों को रोकने में नाकाम

प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त गौधामों में विकासखंड मुंगेली के संबलपुर, धरमपुरा, लिम्हा, छतौना, लोहड़िया, भूसुंडी और पंडरभट्ठा, विकासखंड पथरिया के सरगांव तथा विकासखंड लोरमी के झझपुरीकला शामिल हैं। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग ने सभी संबंधित संचालन समितियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

पशुपालकों की जवाबदेही भी तय की जाए

प्रशासन का मानना है कि गौधामों के व्यवस्थित संचालन से आवारा मवेशियों की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। यदि पशुपालकों की जवाबदेही भी तय की जाए और गौधाम नियमित रूप से संचालित हों, तो सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी कम होगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों के साथ-साथ बेजुबान पशुओं की जान भी सुरक्षित रह सकेगी।

आवारा पशुओं को पकड़ रहे

कलेक्टर के निर्देश पर आवारा पशुओं पर कार्यवाही की जा रही है। पशुओं पर लगे टैग में सही जानकारी उपलब्ध नहीं है, जिससे परेशानियां हो रही है। सड़कों से मवेशियों को हटाने काऊ केचिंग की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही समस्याओं का निदान किया जाएगा।

– होरी सिंह ठाकुर, सीएमओ, मुंगेली

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन: 0771-3526755, 6262188999